**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 37.9 | 25.5 |
| जमशेदपुर | 35.5 | 20.0 |
| डालटनगंज | 37.6 | 21.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | शनिवार 13 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल 05 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~X~~ ● वर्ष : 2, अंक : 5 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



CELEBRATING 26th YEARS OF EXCELLENCE

**GOAL®**
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

Ranked **No. 1 Institute** of Eastern India (By India Today Survey )





**GOAL - The Result Factory**

## *Thank you Jharkhand for trusting us*
### *and making GOAL the most trusted and reputed Institute of Eastern India.*

***17000+ Medicos, Doctors & Engineers in last 26 years. | Most of the Top Rankers of Jharkhand are from GOAL.***

*Goal Education Village - The ideal and unique campus of Eastern India for Preparatory education.*

Most of the **NEET 2023** TOPPERS of **JHARKHAND** in all Categories are from **GOAL Institute**

| JHARKHAND NEET 2023 STATE RANK | Category | Name | College |
|---|---|---|---|
| 1 | BC-II | ASTHA AGRAWAL | LADY HARDINGE - NEW DELHI |
| 3 | BC-I | AMNA TABASSUM | AMU - ALIGARH |
| 5 | SC | RITESH RANJAN | RIMS - RANCHI |
| 5 | GEN.EWS | TRISHA | GKMC - CHENNAI |
| 6 | GEN. | SNEHIL ANAND | AIIMS - RISHIKESH |
| 7 | GEN. | SAUMY SIDDHARTH | AIIMS - RISHIKESH |
| 9 | GEN. | SHREYA JANVI | AIIMS - RAIPUR |
| 9 | PH | NUSRAT JAHAN | BSMC - BANKURA |
| 10 | BC-II | SUBHAM KUMAR | RIMS - RANCHI |

**Scholarship Test** EVERYDAY (2 PM to 4 PM) for All Courses of Medical & Engineering | UPTO **100%** SCHOLARSHIP | **40%** Early Admission Rebate *valid till 25th April 2024 | **17000+** Doctors/Medicos & Engineers | **1.6 Lakh+** Satisfied Guardians | FACILITIES: LIBRARY HOSTEL TRANSPORT

Scan QR Code to know more about GOAL

**GOAL's Result Oriented Courses**
- FOUNDATION PROGRAM (for 10th Passed/Appeared)
- TARGET PROGRAM (for 12th Passed/Appeared)
- FRESHER PROGRAM (for 11th Passed/Appeared)
- TEST & DISCUSSION PROGRAM (for 12th Passed/Appeared) Starts from July
- ACHIEVER PROGRAM (for 12th Passed/Appeared)
- PRE-FOUNDATION PROGRAM for Class 9th & 10th Studying Students

**RANCHI (LALPUR) :** 504, 5th Floor, R.S. Tower, Near Pantaloons, Lalpur, Ranchi | **RANCHI (HINOO) :** 302, 303, 3rd Floor, Indira Palace, Main Road, Hinoo, Ranchi
**DHANBAD (Office & Classroom) :** GOAL Empire, Memko More, Dhaiya, Dhanbad, Mob. : 9334098595, 9308057050

**OTHER GOAL CORPORATE BRANCHES :**
**DELHI :** 7564900045, **PATNA :** 0612-3508700, **BHILAI :** 07884013502, 09826943595, **RAIPUR :** 07714060711, 07415884100

✆ 7564900041/ 42 / 43 | www.goalinstitute.org | Follow us on

## प्लांट से बिजली लेने के लिए अब तक नहीं बन पायी ट्रांसमिशन लाइन

# पतरातू थर्मल पावर प्लांट से इस साल बिजली उत्पादन पर संशय

रवि भारती। रांची

पतरातू में बन रहे 4000 मेगावाट के सुपर थर्मल पावर प्लांट से इस साल भी बिजली उत्पादन पर संशय बना हुआ है. पहले मार्च 2024 में अब जुलाई 2024 में बिजली उत्पादन की बात कही जा रही है. लेकिन सूत्रों के अनुसार इस साल भी प्लांट से बिजली उत्पादन होने पर संशय बना हुआ है. वहीं पीएमओ पीएमओ हर हाल में 2024 में ही पतरातू पावर प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू कराना चाहता है.

प्लांट से बिजली लेने के लिए अब तक पूरी तरह से ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण नहीं हो पाया है. राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि अक्तूबर 2023 तक 3300 मेगावाट के लिए ट्रांसमिशन लाइन उपलब्ध करा दी जाएगी. बाकी के लिए आगे कार्रवाई होगी. इस पर केंद्र सरकार की ओर से कहा गया था कि जो भी सहयोग राज्य सरकार को चाहिए केंद्र की ओर से मिलेगा. केंद्र ने यह भी कहा था कि पावर प्लांट को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराने का प्रयास राज्य सरकार करे.

पतरातू पावर प्लांट के लिए आबंटित बनहर्दी कोल ब्लॉक की अब तक पूरी तरह से ड्रिलिंग ही नहीं हो पाई है. इसके लिए 14 करोड़ में जूलॉजिकल रिपोर्ट खरीदी गई. बनहर्दी कोल ब्लॉक लातेहार के चंदवा में 4600 एकड़ में है. पूरा एरिया 18 वर्ग किलोमीटर में है. इसमें 10 वर्ग किलोमीटर में ड्रिलिंग हो चुकी है. जिसमें 900 मिलियन टन कोयला का अनुमान लगाया गया है. शेष 8 वर्ग किलोमीटर में 600 मिलियन टन कोयला का अनुमान है. हरियाणा की साउथ वेस्ट पिनाकल कंपनी ने इस ब्लॉक की ड्रिलिंग की है. वहीं बनहर्दी कोल ब्लॉक में वन भूमि का मामला आ रहा है. इस पर केंद्र सरकार की ओर से निर्देश दिया गया कि 268 एकड़ वन भूमि को डिनोटिफाई करने का प्रस्ताव राज्य सरकार केंद्र को भेजे. हालांकि यह प्रस्ताव राज्य सरकार भेज चुकी है.



प्रधानमंत्री का है ड्रीम प्रोजेक्ट 26 मई 2022 को की थी समीक्षा

प्लांट के लिए आवंटित बनहर्दी कोल ब्लॉक की ड्रिलिंग का काम पूरा नहीं

### पतरातू पावर प्लांट की पीएम मोदी ने की थी समीक्षा

पीएम नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2022 को पतरातू पावर प्लांट की ऑनलाइन समीक्षा की थी. इस दौरान पीएम मोदी को झारखंड के मुख्य सचिव ने बताया था कि वर्ष 2024 से पतरातू के निर्माणाधीन 4000 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट से बिजली उत्पादन होने लगेगा.

### जेबीवीएनएल और एनटीपीसी के बीच बनी ज्वाइंट वेंचर कंपनी

वर्ष 2015 में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड और एनटीपीसी के बीच ज्वाइंट वेंचर कंपनी पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) बनी. वर्ष 2016 में कंपनी को एनटीपीसी हवाले किया गया. इसके बाद इस वर्ष जनवरी में भेल को इसका कार्यादेश दिया गया.

### एनटीपीसी और जेबीवीयूएनएल 74:26 का शेयरधारक

करार के अनुसार एनटीपीसी 74 व जेबीवीयूएनल 26 प्रतिशत की शेयरधारक है. जेबीवीयूएनएल पैसा नहीं लगाएगी. कंपनी जमीन, कोयला व पानी देगी. पैसा एनटीपीसी लगाएगी. एनटीपीसी बैंक से लोन लेकर पैसा लगाएगी और झारखंड सरकार का ऊर्जा विभाग इसकी मॉनिटरिंग करेगा.

**करार हुए गुजर गए नौ साल** | पतरातू में 4000 मेगावाट पावर प्लांट बनाने के लिए झारखंड सरकार ने 2015 में एनटीपीसी के साथ करार किया था. करार के मुताबिक पहले चरण में 2400 मेगावाट का पावर प्लांट बनना है और दूसरे चरण में 1600 मेगावाट पावर प्लांट बनाया जाना है पहले चरण का उत्पादन साल 2019 में शुरू होना था, लेकिन अब तक उत्पादन शुरू नहीं हो पाया है. राज्य सरकार और एनटीपीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार 85 फीसदी बिजली राज्य सरकार को मिलेगी.

## धनबाद में ढुल्लू की राह आसान नहीं, विवादित होने के कारण किसी बड़े जंग से कम नहीं है यह चुनाव

# जातिगत कसौटी पर कोयलांचल का तपना तय 17 में 13 बार रहा है सवर्ण जाति का कब्जा

कौशल आनंद। रांची

भाजपा ने सवर्ण जाति के पशुपतिनाथ सिंह का टिकट काटकर ओबीसी कोटे से बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को चुनाव मैदान में उतारा है. लेकिन धनबाद में अब तक हुए चुनाव और उसके परिणाम पर नजर डालें, तो इस सीट के लिए किसी गैर सवर्ण के लिए राह उतना आसान नहीं नजर आता है. धनबाद में अब तक 17 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं, जिनमें से 13 बार सवर्ण जाति के प्रत्याशी ही विजयी रहे हैं. उपर से ढुल्लू महतो पर लगे दाग, हाफ सेंचुरी मुकदमे उसके खिलाफ जाता दिख रहा है. जैसे ही ढुल्लू महतो को टिकट मिला, उन्हें चौतरफा विरोध का सामना करना पड़ रहा है. खुद संगठन के ही लोगों का उनको खुले मन से साथ मिलता नहीं दिख रहा है. ऐसे में उनके लिए लोकसभा का चुनावी सफर उतना आसान नजर नहीं आता, जितना आसान ढुल्लू समझ रहे हैं. कुल मिलाकर उनके लिए मोदी मैजिक ही सहारा बचता दिख रहा है. हालांकि अभी तक कांग्रेस की ओर से कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है. लेकिन कांग्रेस खेमे से जो संकेत मिल रहे हैं, उसके अनुसार उसका प्रत्याशी कोई सवर्ण ही होगा. वैसे जबतक प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो जाती, तबतक कुछ कह पाना जल्दबाजी होगी.



- धनबाद की छह विधानसभा सीटों में से पांच पर है भाजपा का कब्जा, यह सीट पार्टी और ढुल्लू के लिए है प्रतिष्ठा प्रश्न
- कांग्रेस सवर्ण प्रत्याशी उतारने की तैयारी में, ऐसा हुआ तो होगी जबरदस्त जातिगत गोलबंदी
- जातिगत गोलबंदी हुई, तो मोदी मैजिक के सहारे ही ढुल्लू पार कर सकेंगे चुनावी वैतरणी

### सात बार भाजपा और छह बार रहा है कांग्रेस का कब्जा

तीन बार मासस और एक बार निर्दलीय ने मारी है बाजी

धनबाद में आजादी के बाद 1952 से चुनाव होना शुरू हुआ. 2019 तक 17 बार लोकसभा चुनाव हुए. जिसमें सात बार भाजपा, 6 बार कांग्रेस, तीन बार मार्क्सवादी समन्वय समिति और एक बार निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे हैं. कुल 17 चुनाव में 15 बार अपर कास्ट के ही प्रत्याशी विजयी रहे हैं. जबकि चार बार ओबीसी विजयी रहे हैं.

### 1952 से लेकर अब तक कौन रहा विजयी

1952 : पीसी बोस : कांग्रेस
1957 : पीसी बोस : कांग्रेस
1962 : पीआर चक्रवर्ती : कांग्रेस
1967 : रानी ललिता राज्यलक्ष्मी : निर्दलीय
1971 : राम नारायण शर्मा :कांग्रेस
1977 : एके रॉय : मार्क्सवादी समन्वय समिति
1980 : एके रॉय : मार्क्सवादी समन्वय समिति
1984 : शंकर दयाल सिंह :कांग्रेस
1989 : एके रॉय :भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
1991 : रीता वर्मा :भाजपा
1996 : रीता वर्मा : भाजपा
1998 : रीता वर्मा : भाजपा
1999 : रीता वर्मा : भाजपा
2004 : चंद्रशेखर दुबे : कांग्रेस
2009 : पशुपति नाथ सिंह : भाजपा
2014 : पशुपति नाथ सिंह : भाजपा
2019 : पशुपति नाथ सिंह : भाजपा

| 2014 में कौन रहा विजेता और उपविजेता | 2019 में कौन रहा विजेता और उपविजेता |
|---|---|
| विजेता : पशुपतिनाथ सिंह (भाजपा) | विजेता : पशुपति नाथ सिंह (भाजपा) |
| वोट मिले : 5,43,491 | वोट मिले : 8,27,234 |
| वोट (%) : 47.51 | वोट (%) : 66.03 |
| उपविजेता : अजय कुमार दुबे (कांग्रेस) | उपविजेता : कीर्ति आजाद (कांग्रेस) |
| वोट मिले : 2,50,537 | वोट मिले : 3,41,040 |
| वोट (%) : 21.90 | वोट (%) : 27.22 |
| अंतर : 2,92,954 | अंतर : 4,86,194 |

### धनबाद में किस जाति के कितने मतदाता

गत लोकसभा चुनाव की एनडीआर रिपोर्ट के अनुसार धनबाद में कुल मतदाताओं की संख्या : करीब 22 लाख

पुरुष 12,32,038
महिला 9,57,981

एसटी : तीन लाख करीब
एससी : दो लाख करीब
मुस्लिम : तीन लाख करीब

ओबीसी-वैश्य : 5 लाख करीब
ब्राह्मण, ठाकुर, कायस्थ : 5 लाख करीब
राजपूत : 2 लाख के करीब
कुरमी एवं अन्य जाति : करीब 2 लाख

*नोट : यह गत लोकसभा चुनाव 2019 के वोटरों की संख्या के आधार पर अनुमानित है. इस चुनाव में नए मतदाता पुनरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार 5-10 प्रतिशत अनुमानित इजाफे की उम्मीद है.*

### धनबाद में कुल छह विधानसभा में पांच पर है भाजपा का कब्जा

धनबाद लोकसभा सीट में कुल छह विधानसभा सीटें धनबाद, बोकारो, सिंदरी, झरिया, चंदनक्यारी और निरसा हैं. छह विधानसभा में झरिया को छोड़कर बाकी शेष सीटों पर भाजपा का कब्जा है. धनबाद से राज सिन्हा, बोकारो से विरंची नारायण, सिंदरी से इंद्रजीत महतो, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी भाजपा विधायक हैं. केवल एक सीट झरिया से कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक हैं. इसलिए भी यह सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है.

### कोर्ट ने सीबीआई से पूछा- माननीयों के आपराधिक मामलों की स्थिति क्या है?

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई से पूछा है कि झारखंड के विधायक (एमएलए) और सांसद (एमपी) से जुड़े केस में सुनवाई में देर क्यों हो रही है. अदालत ने शुक्रवार को सीबीआई को यह बताने का निर्देश दिया कि राज्य के एमपी-एमएलए के खिलाफ चल रहे मुकदमों में ट्रायल की स्थिति क्या है. साथ ही जिन मामलों में ट्रायल चल रहा है, उसमें देर क्यों हो रही है. अदालत ने यह भी बताने को कहा है कि अब तक राज्य के कितने एमएलए और एमपी के विरुद्ध ट्रायल पूरा हो चुका है और कितनों के विरुद्ध ट्रायल बचा हुआ है. अदालत ने सभी बिन्दुओं पर सीबीआई को 16 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. दरअसल कुछ वर्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाईकोर्ट को राजनेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए दिशा निर्देश दिये थे. सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के आलोक में झारखंड हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है. जिसे जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई की जा रही है.

### तलहा खान को बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार

**रांची।** जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी तलहा खान को जमानत देने से हाईकोर्ट ने इंकार कर दिया है. शुक्रवार को अदालत ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है. दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने पिछली सुनवाई में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. खान को ईडी ने 13 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था. उसपर रांची के अलग-अलग इलाकों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीद-बिक्री में शामिल होने का आरोप है.

# निलंबित बीरेंद्र राम, उनके पिता और पत्नी को नहीं मिली राहत

संवाददाता। रांची

जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम, उनके पिता और पत्नी को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. अदालत ने बीरेंद्र राम की जमानत और गेंदा राम व राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुना दिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने तीनों आरोपियों की याचिका खारिज कर दी है. इससे पहले 22 मार्च की सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी और बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. गेंदा राम की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने बहस की. फिलहाल बीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और उनकी पत्नी राजकुमारी देवी पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, क्योंकि रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट दोनों को अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुकी है. बीरेंद्र राम फिलहाल न्यायिक हिरासत में है.

### ईडी ने 22 फरवरी 2023 को बीरेंद्र राम को किया था गिरफ्तार

बता दें कि ईडी ने पिछले साल 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर बीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था. इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी. छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे. इस केस में ईडी बीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है.

### मो सद्दाम से 16 अप्रैल तक पूछताछ करेगी ईडी, कोर्ट ने दी मंजूरी

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस के दूसरे आरोपी मोहम्मद सद्दाम से पूछताछ का सिलसिला जारी रहेगा. फर्जी डीड बनाने के मास्टरमाइंड सद्दाम की रिमांड खत्म होने के बाद शुक्रवार को उन्हें रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया. इस दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने कोर्ट से सद्दाम से पांच दिनों तक पूछताछ की अनुमति मांगी. जिसका आरोपी की अधिवक्ता स्नेह सिंह ने विरोध किया. दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी को सद्दाम से 16 अप्रैल तक पूछताछ की अनुमति दे दी. सद्दाम ईडी के कांड संख्या 5/2023 और 1/2023 में भी आरोपी है. उसके पास से केंद्रीय एजेंसी ईडी ने करीब 36 से ज्यादा डीड बरामद की थी, जो अलग-अलग भूमि से जुड़े थे.

# झारखंड पार्टी (एनोस) 6 सीट पर लड़ेगी चुनाव, तीन प्रत्याशियों की घोषणा की

संवाददाता। रांची

झारखंड पार्टी (एनोस) झारखंड में 6 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी. जिसमें से तीन लोकसभा सीट के लिए पार्टी ने शुक्रवार को प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है. चाईबासा से चित्रसेन सिंकू, चतरा से दर्शन गंजू और हजारीबाग से राजकुमार कुशवाहा पार्टी प्रत्याशी होंगे. यह घोषणा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का और पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव अशोक कुमार भगत ने संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में की.

अशोक कुमार भगत बताया कि तीन और सीट खूंटी, लोहरदगा और राजमहल से पार्टी चुनाव लड़ेगी. खूंटी लोकसभा के लिए शुक्रवार की को निर्णय लिया जाएगा. इसके लिए सभी संभावित प्रत्याशियों को बुलाया गया है. लोहरदगा और राजमहल से पार्टी अभी इंतजार करेगी. राजमहल से पार्टी लोबिन हेम्ब्रम और लोहरदगा से चमरा लिंडा को समर्थन दे सकती है, यदि ये दोनों चुनाव लड़ते हैं तब. क्योंकि इन दोनों नेताओं की विचारधारा और लड़ाई झारखंड पार्टी से मेल खाती है.



### भाजपा जुमलेबाज पार्टी, हेमंत सोरेन ने 4 साल में झारखंड को लूटा, बेरोजगारी चरम पर पहुंची

पत्रकार सम्मेलन में झारखंड पार्टी (एनोस) के नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुमलेबाजी में माहिर हैं. इन लोगों ने देश को बर्बाद करके रख दिया. महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है. साथ ही कहा, राज्य में महागठबंधन की सरकार और उसके मुखिया रहे हेमंत सोरेन ने झारखंड को 4 साल में सिर्फ लूटने का काम किया.

# राज्य सेवा के वरीय अफसर प्रमोद राम का दंड बरकरार

संवाददाता। रांची

- सीएम ने अपील अभ्यावेदन को कर दिया खारिज

राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर प्रमोद राम के दंड को बरकरार रखा गया है. सीएम चंपाई सोरेन ने प्रमोद राम की अपील अभ्यावेदन को खारिज कर दिया. उनके खिलाफ लगाए गए तीन वेतन वृद्धि के दंड को बरकरार रखने का आदेश दिया गया है. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है. इससे पहले छह मार्च को हुई कैबिनेट की बैठक में इस मामले में स्वीकृति भी मिली थी.

**क्या है मामला :** कुंदा चतरा के तत्कालीन सीओ प्रमोद राम ने ग्राम डोकवा एवं मौजा-पचंबा की कुल 50-50 एकड़ जमीन नीलांचल आयरन एंड पावर लिमिटेड को अवैध रूप से जमाबंदी किया. इस मामले में आरोप प्रमाणित हुआ. चतरा के तत्कालीन डीसी ने आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी. इसके बाद सीओ प्रमोद राम ने अपील अभ्यावेदन दिया. इसकी समीक्षा के बाद सरकार ने अपील अभ्यावेदन को अस्वीकार कर दिया.

### पूर्व डीसी छवि रंजन की बेल पर हुई सुनवाई

**रांची।** बरियातू स्थित चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के आरोपी रांची के पूर्व डीसी और निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान ईडी की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और अगली सुनवाई के लिए 19 अप्रैल की तारीख निर्धारित कर दी.छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अभिषेक चौधरी ने बहस की. वहीं ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जेनरल अनिल कुमार ने बहस की. यह केस ईडी के कांड संख्या ईसीआईआर 5/2023 से जुड़ा हुआ है. फिलहाल छवि रंजन न्यायिक हिरासत में हैं. बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े दूसरे मामले में छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज कर चुका है.



### सुनील और भगवान को बेल देने से कोर्ट का इनकार

**रांची।** अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी भगवान भगत और सुनील यादव को झारखंड हाईकोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान दोनों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी. पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की तरफ से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. भगवान भगत और सुनील यादव के खिलाफ रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने आरोप भी गठित कर दिया है. दोनों सभी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के सहयोगी हैं. इन पर पंकज मिश्रा के सहयोग से साहिबगंज में पत्थर का अवैध खनन और ढुलाई कर कारोबार करने का आरोप है. भगवान भगत और सुनील यादव फिलहाल जेल में बंद है.

**अच्छी खबर** झारखंड में 395 किलोमीटर सड़क निर्माण पर चल रहा काम

# राज्य में बिछ रहा सड़कों का जाल, पड़ोसी राज्यों में जाना आसान

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में सड़कों का जाल बिछ रहा है. इन सड़कों के जरिए पड़ोसी राज्यों तक पहुंचना और आसान हो जाएगा. समय की भी बचत होगी. वहीं राज्य के अंदर भी यातायात सुगम बनाने और समय की बचत के लिए फोर लेन, सर्विस लेन और साइकिल लेन से युक्त सड़कों का निर्माण किया जा रहा है. सरायकेला-राजनगर से चक्रधरपुर तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है. यह सड़क ओडिशा बॉर्डर से कनेक्ट होगी. इस सड़क की लंबाई 22.75 किलोमीटर है.




### हजारीबाग से बिजूपाड़ा तक भी बन रही सड़क

हजारीबाग, बड़कागांव, टंडवा, खलारी से बिजूपाड़ा तक सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है. इस सड़क की कुल लंबाई 101 किलोमीटर है. इस सड़क पर ब्रिज और बाइपास भी बनेंगे. वहीं हजारीबाग रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है. इसकी लंबाई 5.58 किलोमीटर है. सिमरिया-टंडवा रोड सड़क का भी निर्माण किया जा रहा है. इस सड़क की कुल लंबाई 3.51 किलोमीटर है.

### धनबाद में फोर लेन, सर्विस व साइकिल लेन सड़क

धनबाद में कानको चौक से बिनोद बिहारी चौक तक फोर लेन के साथ सर्विस लेन सड़क बनायी जा रही है. इसकी लंबाई 11.70 किलोमीटर है. वहीं बिनोद बिहारी चौक से मेमको चौक रोड़ तक फोर लेन के साथ साइकिल ट्रैक और सर्विस लेन का निर्माण किया जा रहा है. इसकी कुल लंबाई 8.30 किलोमीटर है. उधर, दामोदर नदी पर 0.144 किलोमीटर लंबे ब्रिज का भी निर्माण किया जा रहा है.

### पश्चिम बंगाल सीमा तक 27.60 किमी सड़क बनेगी

बरलंगा-नेमरा से कसमार तक 27.60 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है, जो पश्चिम बंगाल की सीमा तक जाएगी. मझिगांव में ओडिशा बॉर्डर तक 33.97 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है. दोबा, दुबिन से ओडिशा बॉर्डर तक 33.97 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है. वहीं कदमा मोड़ से रंका रोड तक 38.56 किलोमीटर, रामगढ़ के चुट्टूपालू में 25.19 किलोमीटर लिंक रोड और सिसई मोड़ से शिवपुर रेलवे साइडिंग तक 6.6 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

| सर्राफा | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,200 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |




www.lagatar.in | रांची, शनिवार 13 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल 05 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 2, अंक : 5 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा

## लोकनीति -सीएसडीएस के सर्वेक्षण में चौंकाने वाले आंकड़े जारी

## विकास, भ्रष्टाचार, हिंदुत्व, राम मंदिर इस चुनाव में कोई बड़ा मुद्दा नहीं

लोकसभा चुनाव से पहले 11 अप्रैल को लोकनीति-सीएसडीएस का सर्वे सार्वजनिक हुए हैं. सर्वे सीएसडीएस ( सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज) ने किया है. यह सर्वे देश के विभिन्न हिस्सों में 10,000 लोगों पर किया गया है. इस संस्था को सबसे अधिक आर्थिक मदद भारत सरकार की संस्था इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च की तरफ से मिलता है. सर्वे में वोटरों का मिजाज जानने की कोशिश की गई है. सर्वे में यह बात सामने आयी है कि वोटरों के सामने बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है. इन दोनों को लेकर वे सबसे अधिक चिंतित हैं. ये दोनों मुद्दे लोकसभा चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं. लेकिन हिंदी के अखबारों या टीवी चैनलों पर इसकी रिपोर्टिंग ना के बराबर है या नाममात्र. अंग्रेजी में इस पर बड़ी रिपोर्ट प्रकाशित हुई हैं. इसलिए लगातार न्यूज नेटवर्क-शुभम संदेश अपने पाठकों के लिए इस सर्वे में आए सभी तथ्यों को विस्तार से बता रहा है.

लगातार न्यूज नेटवर्क

लोकनीति-सीएसडीएस के सर्वे में जो आंकड़े व तथ्य सामने आए हैं, उनके मुताबिक देश के 50 प्रतिशत लोगों के लिए बेरोजगारी व महंगाई सबसे बड़े मुद्दे हैं. कांग्रेस के राहुल गांधी समेत तमाम विपक्षी दलों के नेता इसी मुद्दे पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं. कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी बेरोजगारी और महंगाई पर ज्यादा वादे किए गए हैं. दूसरी तरफ, पीएम नरेंद्र मोदी अपनी हर चुनावी सभा में भ्रष्टाचार, हिंदुत्व, हिंदू-मुसलमान और राम मंदिर का जिक्र जोर-शोर से कर रहे हैं. जबकि सर्वें में यह बात सामने आया है कि सिर्फ 18 प्रतिशत लोगों के लिए यह मुद्दा है. ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या भ्रष्टाचार, हिंदू-मुस्लिम और राम मंदिर अब मुद्दा नहीं रहा और सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है. कांग्रेस जिसकी चर्चा भी करती है. लेकिन भाजपा इस पर बात नहीं करती. तो सवाल उठता है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा गलत पिच पर खेल रही है या कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दल गलत मुद्दे को उठा रहे हैं. हालांकि कांग्रेस के नेता बेरोजगारी और महंगाई का मुद्दा को काफी पहले से उठा रहे हैं, जबकि सीएसडीएस का सर्वे अभी एक दिन पहले आया है.

### भ्रष्टाचार और विकास बड़ा मुद्दा नहीं

सर्वे के आंकड़े ये सवाल भी खड़ा करते हैं कि क्या सच में भ्रष्टाचार और विकास लोगों के लिए अब मुद्दा नहीं रहे. वह भी तब जब खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं. अगर ऐसा है, तो इसकी दो वजहें हो सकती हैं. पहली यह कि जिन नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, उनमें से अधिकांश नेता भाजपा में शामिल हो गए. इससे भाजपा का दोहरा चेहरा बनता है. एक तरफ भ्रष्टाचार का विरोध और दूसरी तरफ भ्रष्टाचार के आरोपी को गले लगाना. दूसरी वजह जांच एजेंसियां. जांच एजेंसियां कार्रवाई तो शुरू करती हैं, बहुत तेजी से. लेकिन वक्त के साथ या तो सुस्त पड़ जाती हैं या बहुत कम मामलों में अदालत में आरोपों को साबित कर पाती हैं. वजह चाहे जो भी हो. आम जनता की यही समझ बनती है कि सब राजनीति ही है.



### डंका बज रहा है या नहीं, मतलब नहीं

सर्वे के तथ्य ये भी बताते हैं कि विदेशों में भारत का डंका बज रहा है या नहीं बज रहा. छवि खराब हुई है या बेहतर हुई है. हम विश्वगुरु बन गए हैं या मूर्ख. इन बातों से आम लोगों को कोई मतलब नहीं है. सिर्फ दो प्रतिशत लोग इस बारे में बात करते हैं. महंगाई और बेरोजगारी ने उनकी हालत इतनी खराब कर दी है कि उनके लिए विकास भी अब कोई मुद्दा नहीं रहा. उन्हें सबसे पहले रोजगार चाहिए, महंगाई से मुक्ति चाहिए. उसके बाद विकास चाहिए. सर्वे के मुताबिक सिर्फ 13 प्रतिशत लोगों के लिए विकास कोई मुद्दा है.

### महंगाई बढ़ी, खर्च निकालना मुश्किल

सर्वे में ये तथ्य भी सामने आया है कि देश के दो तिहाई लोग मानते हैं कि पिछले 5 सालों में महंगाई में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है. संपन्न लोगों पर तो इस महंगाई का कोई असर नहीं पड़ा है, लेकिन ग्रामीण व शहरी इलाके के मिडिल क्लास व गरीब लोगों को लिए यह जानलेवा है. इसके लिए ज्यादातर लोग केंद्र सरकार को जिम्मेदार मानते हैं. 50 प्रतिशत लोग मानते हैं कि जितनी कमाई होती है, उससे घर का खर्च चलाने में दिक्कत हो रही है और वह भविष्य के लिए कुछ भी बचत नहीं कर पा रहे हैं.

## 5 बड़े सवाल ?



1. क्या सच में देश की जनता हिंदू-मुसलमान व राम मंदिर ऊब चुकी है?
2. क्या सच में देश के सामने अब सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी व महंगाई है?
3. क्या पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा गलत पिच पर खेल रहे हैं ?
4. ऐसा तो नहीं यह सर्वे विपक्षी दलों को गलत मुद्दा पकड़ा रहा है ?
5. क्या सच में देश के लोगों के लिए भ्रष्टाचार और विकास कोई मुद्दा नहीं है ?

### लोगों के लिए क्या है मुद्दा



| बेरोजगारी | महंगाई | विकास | भ्रष्टाचार | राम मंदिर | हिंदुत्व | विदेश में पहचान | आरक्षण | अन्य मुद्दे | नहीं जानते |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27% | 23% | 13% | 8% | 8% | 2% | 2% | 2% | 9% | 6% |

### नौकरी को लेकर किसमें कितनी चिंता

| | |
|---|---|
| पिछड़ा वर्ग | 63% |
| अनुसूचित जाति | 63% |
| अनुसूचित जनजाति | 59 % |
| मुसलमान | 67% |
| हिंदू | 57% |



### सर्वे के अन्य तथ्य

- मुस्लिम, दलित और आदिवासी समुदाय के 62 प्रतिशत लोगों को नौकरी खोजने में दिक्कत हो रही है.
- **ग्रामीण और शहरी इलाके के 62 प्रतिशत लोग मानते हैं कि पांच साल में नौकरी पाने के हालात खराब हुए हैं.**
- देश की 59 प्रतिशत महिलाएं मानती हैं कि पिछले पांच सालों में नौकरी पाना और ज्यादा मुश्किल हुआ है.
- **देश के सिर्फ 12 प्रतिशत लोगों को लगता है कि पांच सालों में नौकरी पाना पहले से आसान हो गया है.**
- सिर्फ 22 प्रतिशत लोग मानते हैं कि जो कमाते हैं, उससे जरूरी खर्चे करने के बाद कुछ बचा सकते हैं.

### 71% मानते हैं महंगाई बढ़ी

| | |
|---|---|
| गरीब | 76% |
| मुसलमान | 76% |
| एससी-एसटी | 75% |

### नौकरी नहीं मिलने के दोषी कौन



| | |
|---|---|
| केंद्र सरकार | 21% |
| राज्य सरकार | 17% |
| दोनों सरकारें | 57% |

### महंगाई बढ़ने के दोषी कौन

| | |
|---|---|
| केंद्र सरकार | 26% |
| राज्य सरकार | 12% |
| दोनों सरकारें | 56% |

### बढ़ा है भ्रष्टाचार

| | |
|---|---|
| बढ़ा है | 55% |
| केंद्र सरकार दोषी | 25% |
| राज्य सरकारें दोषी | 16% |
| दोनों सरकारें दोषी | 56% |

## वर्किंग एज ग्रुप के 83% लोग बेरोजगार

### अधिकांश के पास योग्यता नहीं


वर्किंग एज ग्रुप यानी 15 साल से अधिक उम्र के महिला-पुरुषों में 83 प्रतिशत लोग बेरोजगार हैं. देश के 111 करोड़ वर्किंग एज ग्रुप के महिला-पुरुषों में 69.50 करोड़ बेरोजगार हैं. उन्हें जॉब ( नौकरी ) नहीं मिलती. सवाल यह है कि क्या हम इसी स्थिति में पहुंच रहे हैं या सब ठीक ठाक है. आईएलओ ( इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाईजेशन के ये आंकड़े भयावह हालात की तरफ इशारा कर रहे हैं. वर्किंग एज ग्रुप के अधिकांश लोग काम करने की योग्यता नहीं रखते. उनकी शिक्षा सही ढंग से नहीं हुई. उन्होंने कोई स्किल नहीं सीखी और काम सीखना व ठीक से करना नहीं चाहते हैं. बात शिक्षा की करें, तो 111 करोड़ वर्किंग एज ग्रुप के लोगों में 20 प्रतिशत छठी पास भी नहीं है. 38 प्रतिशत लोग 10वीं या 12वीं पास हैं और 12 प्रतिशत लोग स्नातक हैं. युवाओं की इस स्थिति के लिए हमारी सरकारें जिम्मेदार हैं. सरकारें सिर्फ पांच साल में वोट मांगने आती है, आम लोगों के लिए कुछ करती नहीं. लोकलुभावन योजनाओं की बारिश है. गारंटियों की दौड़ है, लेकिन स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं. लाखों सरकारी पद रिक्त पड़े हैं. बहरहाल, कोई नहीं जानता यह वर्किंग ग्रुप कब विस्फोट कर जाए. हाल में पर्चा लीक की घटनाओं के बाद युवाओं का गुस्सा देखने को मिला है. अगर जल्द ही हम सब ठीक है, विश्वगुरु, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और धर्म की राजनीति के बड़बोलेपन से बाहर नहीं निकलें, तो इसे विस्फोट करने से कोई नहीं रोक सकता.

### सीएमईआई के अनुसार

- देश की कुल जनसंख्या- 140 करोड़
- वर्किंग एज ग्रुप की संख्या - 111 करोड़
- 111 करोड़ में से 92.2% महिलाएं बेरोजगार हैं - करीब 51 करोड़
- 111 करोड़ में से 33.6% पुरुष बेरोजगार हैं - करीब 18.50 करोड़
- अलग-अलग कामों में लगे परुषों की संख्या - करीब 40 करोड़
- अलग-अलग कामों में लगी महिलाओं की संख्या - करीब 4 करोड़

### फैक्ट : कृषि क्षेत्र में सबसे अधिक रोजगार

| | |
|---|---|
| दुनिया में | 26% |
| भारत में | 44% |
| चीन में | 24% |
| बांग्लादेश में | 37% |



### देश में नौकरी की स्थिति

- केंद्र सरकार के संस्थानों में स्वीकृत पदों की संख्या - 39.77 लाख
- केंद्र सरकार के संस्थानों में खाली पदों की संख्या - 9.64 लाख
- सिर्फ रेलवे में खाली पदों की संख्या - 2.50 लाख
- देश भर के विद्यालयों में शिक्षकों के कुल रिक्त पद - 8.40 लाख
- कक्षा एक से 7 के लिए शिक्षकों के रिक्त पद - 7.00 लाख
- कक्षा 8 से 10 के लिए शिक्षकों के रिक्त पद - 1.20 लाख
- मनरेगा में काम करने वाले रजिस्टर्ड मजदूरों की संख्या - 44 करोड़
- मनरेगा में काम करने वाले एक्टिव मजदूरों की संख्या - 13 करोड़

---

शेयर बाजार में हाहाकार!

## 750 अंकों से ज्यादा लुढ़का सेंसेक्स

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट देखी गयी. गिरावट के बीच सेंसेक्स 793.25 अंक लुढ़क कर 74,244.90 के स्तर पर बंद हुआ. वहीं निफ्टी 234.40 अंकों की गिरावट के साथ 22,519.40 के स्तर पर बंद हुआ. शेयर बाजार में हाहाकार के बीच सभी सेक्टर्स लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे. शेयर बाजार में सुबह से ही गिरावट देखी जा रही थी. मार्केट में गिरावट के बीच कई शेयर लाल निशान पर कारोबार करते दिखे. बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी, सेंसेक्स और बैंक निफ्टी में भी कमजोरी दिखाई दी. सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो निफ्टी आईटी इंडेक्स, निफ्टी फार्मा इंडेक्स, निफ्टी ऑटो और निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में गिरावट देखने को मिली.

## ब्रीफ खबरें

### देश में घटी महंगाई 10 महीने में सबसे कम

**नयी दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को बड़ी राहत मिली है. साथ ही सरकार की कोशिशें भी रंग लाई हैं. मार्च में खुदरा महंगाई दर 10 महीने में सबसे कम रही है. खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से खुदरा महंगाई दर में ये गिरावट दर्ज की गई है. दरअसल, नेशनल स्टैटिकल ऑफिस की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश की खुदरा महंगाई दर मार्च में घट कर 4.85 फीसदी पर आ गई. इससे पहले फरवरी में खुदरा महंगाई दर 5.09 फीसदी थी.

### दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की साजिश

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए एक बड़ी राजनीतिक साजिश रच रही है.

### कांग्रेस ने 370 को अवैध संतान की तरह पाला

**मुरादाबाद (उप्र)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर मुद्दे से निपटने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि इस पार्टी ने दशकों तक अनुच्छेद 370 को एक अवैध संतान की तरह पाले रखा और पीएम मोदी ने इसे खत्म कर हमेशा के लिए कश्मीर को भारत के साथ जोड़ दिया.

### राहुल गांधी के खिलाफ मामले की सुनवाई टली

**सुल्तानपुर।** अमित शाह को निशाने पर लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के संबंध में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के 2018 के मामले में यहां अदालती सुनवाई शुक्रवार को 22 अप्रैल तक के लिए टल गई है.

---

## चुनावी समर 2024

प्रियंका गांधी ने साधा निशाना

### भाजपा राज में एक लाख किसानों ने की आत्महत्या

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने किसानों के मुद्दे पर भाजपा को निशाने पर लिया है. प्रियंका ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में एक लाख से ज्यादा किसानों ने सुसाइड किया है. किसानों की न तो आय दो गुना हुई है और न ही एमएसपी दी गई. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर न सिर्फ एमएसपी की गारंटी दी जाएगी, बल्कि किसानों के कर्ज की माफी भी होगी. एक्स पर प्रियंका ने आरोप लगाया कि भाजपा ने किसानों का कर्जा माफ नहीं किया, लेकिन उद्योगपतियों का लाखों करोड़ रुपए माफ हुए हैं. उन्होंने कहा, आज देश में हर दिन 30 किसान आत्महत्या कर रहे हैं. भाजपा राज में एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली. कृषि में इस्तेमाल होने वाली जरूरी वस्तुओं और उपकरणों पर जीएसटी वसूली जाती है. कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया, 10 साल में न किसानों को एमएसपी मिली, न आय दोगुनी हुई.



वरुण गांधी के गढ़ में गरजे अखिलेश

### भाजपा की चंदा वसूली से ही देश में बढ़ी महंगाई

**बरेली।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पूरनपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी आए हैं, महंगाई बढ़ाई है. मोदी सरकार महंगाई कम नहीं कर रही. जब महंगाई रोकनी थी, तब उन्होंने चंदा वसूलने का काम किया. भाजपा के लोग भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम कर रहे हैं. इलेक्टोरल बॉण्ड के जरिए वसूली जा रही है. जिस कंपनी का कारोबार नहीं, उस कंपनी से सरकार ने पैसा वसूला है. इलेक्टोरल बॉण्ड से काले को सफेद कर दिया. नोटबंदी में भी यही काम किया. सरकार ने जितना पैसा वसूला है, उसकी वजह से ही महंगाई है. जिनसे पैसा वसूला है, अब वो मुनाफा कमा रहे हैं. उन्होंने कहा कि पीलीभीत का चुनाव पहले चरण में ही खुशखबरी सुनाने जा रहे हैं. लखनऊ वाले तो घबराए हुए हैं, उनका चेहरा पीला होता जा रहा है.



पीएम मोदी ने तेजस्वी-राहुल को घेरा

### नवरात्र में नॉनवेज खाकर भावनाएं भड़काते हैं ये लोग

**ऊधमपुर।** नवरात्र व सावन में मांसाहार करने के मुद्दे पर पीएम मोदी ने विपक्ष पर जम कर निशाना साधा है. शुक्रवार को जम्मू के ऊधमपुर में जनसभा में पीएम ने कहा, नवरात्र में नॉनवेज खाते हैं और भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं. उन्होंने विपक्षी नेताओं की तुलना मुगलों से कर दी. हाल ही में राजद नेता तेजस्वी यादव ने मछली खाते हुए वीडियो शेयर किया था. मोदी ने बगैर नाम लिए लालू प्रसाद और राहुल गांधी पर तंज कसा. दोनों नेताओं की तुलना मुगलों से की और जनता को परेशान करने के आरोप लगाए. पीएम बीते साल सितंबर में सामने आए वीडियो के संदर्भ में बात कर रहे थे, जहां लालू और राहुल को मटन बनाते देखा गया था. मोदी ने कहा, इंडी गठबंधन के लोग बहुसंख्यकों की भावनाओं की चिंता नहीं करते हैं. सावन के महीने में मटन का मजा लेते हैं और लोगों को परेशान करने के लिए वीडियो शेयर करते हैं.



## क्या तेजस्वी यादव ने मोदी को मछली पर ला दिया..?

सुरजीत सिंह

त्वरित टिप्पणी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने भाषण में राहुल गांधी के मटन बनाने और तेजस्वी यादव के मछली खाने को चुनावी मुद्दा बना दिया. इस मामले को हिंदुत्व से जोड़ दिया. कहा कि नवरात्र में लोग नॉनवेज खाते हैं. खाने से दिक्कत नहीं है. लेकिन वो वीडियो बना कर हिंदुओं को चिढ़ाते हैं. इस पर तेजस्वी यादव का बयान आया कि प्रधानमंत्री जी बेरोजगारी व महंगाई पर बोलिए. नॉनवेज खाने की बात करके जनता को गुमराह मत करिए. अब मोदी बोले हैं, तो मुद्दा तो बनना ही था. टीवी चैनलों पर यही बहस का मुद्दा बन गया है. सोशल मीडिया पर यही वायरल है और यूट्यूब चैनलों पर इसी पर चर्चा चल रही है. कोई वाह-वाह कर रहा, कोई इसे बड़ा मुद्दा मान रहा है. कोई इसे लेकर मोदी की आलोचना कर रहा है, तो कुछ लोग मास्टर स्ट्रोक बताने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं. तो क्या यह समझा जाए कि जो नरेंद्र मोदी परिवारवाद, भ्रष्टाचार, राम मंदिर और विश्वगुरु को लेकर चुनावी समर में उतरे थे, उन्हें तेजस्वी यादव ने मछली पर लाकर खड़ा कर दिया.

पर जरा रुकिए. जरा सोचिए. यह हाल है हमारे रहनुमा का. हमारी सोच और समझ का. हर बात को धर्म से जोड़ दो. हिंदुत्व पर खतरा बता दो. ऐसा लगता है देश में और कोई मुद्दा बचा ही नहीं. विकराल होती बेरोजगारों की फौज (पिछले हफ्ते रिपोर्ट आयी कि वर्किंग एज ग्रुप के 111 करोड़ में से 83 प्रतिशत यानी 69.50 करोड़ लोग बेरोजगार हैं), राक्षस बन लोगों की जिंदगी तबाह कर रही महंगाई (सीएसडीएस की गुरुवार को ही रिपोर्ट आयी है कि यही देश में बड़ा मुद्दा है), शिक्षा की खराब स्थिति (हमारे युवा काम के योग्य ही नहीं), स्वास्थ्य सेवाओं का आम लोगों की पहुंच से दूर होना जैसी समस्याएं कोई मायने नहीं रखतीं. पूरी दुनिया देख सुन रही है. हमारे यहां चुनाव में मछली खाना सबसे बड़ा मुद्दा बन सकता है. पर यह हो रहा है. सच में दुनिया भर में डंका बज रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### एबीवीपी की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**धनबाद** । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद जिला कार्यालय में सामान्य कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई. इस दौरान मुख्यरूप से संगठन के विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई. प्रांत छात्रा सह प्रमुख आयुषी गुप्ता, विभाग संयोजक शिवम सिंह, महानगर कार्यालय मंत्री प्रियांशु ठाकुर, सत्यम गुप्ता, कुणाल कुमार, संदीप दत्ता, आलोक कुमार, विशाल गुप्ता, अमर कुमार, शुभम, अभय जैसवाल, आदर्श पांडे, निरंजन, पवन गुप्ता, पायल कुमारी, सिल्की कुमारी, विनय कुमार, संतोष, आयुष गुप्ता उपस्थित रहे.

### मारवाड़ी समाज ने लगाया नि:शुल्क शिविर

**कतरास** । शुक्रवार को राजस्थानी समाज भवन कतरास में राजस्थानी समाज ट्रस्ट, मारवाड़ी सम्मेलन कतरास एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति ने संयुक्त रूप से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया. शिविर में मरीजों की जांच एएसजी आई हॉस्पिटल धनबाद के डॉअभिषेक आनंद,डॉ. संजय रजक की टीम ने की. शिविर को सफल बनाने में मारवाड़ी महिला समिति के अध्यक्ष रितु अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, प्रियंका चौधरी, रूपा डंगाईच, अंशु अग्रवाल, राखी चौधरी, प्रीति सिंघानिया की विशेष भूमिका रही.

### हादसे में तीन स्कूटी सवार हो गये जख्मी

**पुटकी** । गोधर पेट्रोल पंप के सामने धनबाद बोकारो सड़क पर पिकअप वैन ने ऑल्टो कार में टक्कर मार दी. कार के पीछे चल रहे स्कूटी सवार बीएनआर कुस्तौर के रजा खान, सीमा परवीन व उनका डेढ़ साल का बच्चा गिरकर जख्मी हो गया. घायलों का इलाज एसएनएमएमसीएच में कराया गया. घायल रजा ने 100 नम्बर में कॉल कर घटना की सूचना दी.

### महिला की संदिग्ध मौत, पति हिरासत में

**धनबाद** । गोविंदपुर थाना क्षेत्र के लाल बंगला के जियालगोड़ा कंगारू बस्ती में शुक्रवार की सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई. इसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी गोविंदपुर पुलिस को दी. मायके वालों ने आरोप लगाया है कि अष्टमी देवी के पति भरत मंडल पैसे को लेकर हमेशा उनकी बेटी पर दवाब बनाते थे.जबकि मायके वालों ने कई बार उनकी बात मान कर पैसे दिए हैं. अष्टमी देवी की 10 माह की एक बेटी भी है. महिला के पिता रंजीत मंडल गिरिडीह जिले के मतरूखा गांव के रहने वाले हैं.अष्टमी देवी की शादी 2022 में हुई थी. इस मामले में पति को हिरासत में लिया गया है.

### एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**झरिया** । झरिया थाना क्षेत्र के भालगड़ा 2 नंबर चाणक के पास एक व्यक्ति ने गुरुवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. व्यक्ति की पहचान रंजीत कुमार के रूप हुई है. रंजीत का शव उसके घर के कमरे में पंखे से झूलता मिला. परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा है. राजू ने बताया कि उसका भाई रंजीत पेशे से ड्राइवर था. उसकी शादी सात साल पहले हुई थी.

पांच साल से पानी की किल्लत से जूझ रहे भौंरा के तीन इलाके, तपती गर्मी में तीन किलोमीटर चलकर नदी के पानी से बुझाते हैं प्यास

# आता है लाखों का फंड, नाली के ऊपर बन रही नाली, पर पीने को पानी नहीं

**रणजीत कुमार सिंह । धनबाद**




यहां नालियों के ऊपर नालियां बनाई जा रही हैं. विकास कार्य पूरी गति के साथ हुए हैं. लेकिन अब तक पीने के पानी की समस्या हल नहीं हुई. भौंरा के तीन इलाकों की आबादी पांच साल पहले तक पीट वाटर को फिल्टर कर पीने योग्य बनाती थी, लेकिन अब पीट वाटर बंद चुका है, अब इस तपती गर्मी में चार किलोमीटर पैदल या गाड़ी से चलकर जाते हैं, नदी से पानी लेते हैं और इसी से प्यास बुझाते हैं. यहां सड़क और नालियों के बनाने की बात इसलिए हो रही है कि विकास के ऐसे कामों में लाखों का फंड आता है और लाखों रुपये के कमीशन भी बनते हैं, अब मोहल्ले या बस्ती में एक नल लगाने पर तो सिर्फ हजारों का फंड आएगा और इसमें क्या खाक कमीशन मिलेगा. सो बेचारे... भौंरा 16 नंबर, 6 नंबर और 7 नंबर के लोग नदी के भरोसे ही रहें. अब तक पेयजल की कोई बड़ी परियोजना यहां के लिए नहीं आ सकी, क्योंकि मोटे कमीशन के बिना तो विकास की सोच ही अब बेमानी है. इस इलाके में एक कुआं भी है, जिसका पानी हर साल सूरज की बढ़ती तपिश देखते ही तल में छिप जाता है. इस साल भी कुएं अपनी आदत से बाज नहीं आएं हैं और पानी तल में जाकर बैठ चुका है. **ग्रामीण सूरज कुमार** ने कहा कि 16 नम्बर में विकाश के नाम पर सभी कार्य हो रहे हैं लेकिन यहां के लोगों को जीवन जीने के लिए जिसकी सबसे अधिक आवश्यकता है उसका समाधान ही नहीं हो रहा है.

### सबसे बड़ी समस्या पानी की




कमला देवी ने कहा कि 16 नम्बर बस्ती में सबसे बड़ी समस्या पानी का है जो पिछले पांच वर्षों से चला आ रहा है . कई बार यह समस्या जनप्रतिनिधियों को बताई गई पर उसका निदान आज तक नहीं हुआ. बस कमीशन के चक्कर में विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में नाली के ऊपर नाली और सड़क के ऊपर सड़क बनाया जा रहा है लेकिन जीवन जीने के लिए दो बूंद पानी की व्यवस्था नहीं की जा रही है.

### पानी के लिए त्राहिमाम



सुसीला देवी ने कहा कि भौंरा के तीन इलाके जिसमें हजार से ऊपर की आबादी है पिछले पांच वर्षों से पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है. यही नहीं हजारों की आबादी में मात्र एक कुआं भी है तो वह गर्मी के दस्तक देते ही सूख गया है .इससे यहां के लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. बावजूद इसके इस समस्या का निदान करने की सुध जनप्रतिनिधियों को नहीं है. उन्हें सिर्फ वोट चाहिए.

### समस्या का निदान नहीं



अर्जुन यादव ने कहा कि अगर जल्द भौंरा 16 नम्बर ,छह नम्बर और सात नम्बर में पानी की समस्या का निदान नहीं हुआ तो यहां के बच्चे शिक्षा ग्रहण से भी वंचित हो जाएंगे. क्योंकि यहां के बच्चों को रात हो या दिन पानी ढुलाई के अलावा दूसरा किसी कार्य का मौका नहीं मिलता है क्योंकि जल ही जीवन है. उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी इस समस्या का जल्द निदान की मांग की है.

**10 करोड़ का घोटाला** : उप डाकघर गोविंदपुर में हुई थी गड़बड़ी

# सीबीआई से शिकायत के माह भर बाद भी एफआईआर नहीं

### खास बातें

- डाकपाल ने सरकारी राशि का किया था घोटाला
- एक माह पूर्व ही सीबीआई से की जा चुकी है शिकायत

**संवाददाता । धनबाद**




धनबाद के गोविंदपुर केके पॉलिटेक्निक उपडाकघर में हुए लगभग दस करोड़ रुपये के घोटाले में अब तक आरोपी उप डाकपाल के खिलाफ एफआईआर तक नहीं हुई है, जबकि इस घोटाले को सामने आए लगभग ढाई माह बीत चुका है. डाक विभाग ने भी इस मामले को लेकर सीबीआई से लगभग एक माह पूर्व शिकायत की थी. इस शिकायत के बाद भी अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है. हालांकि आरोपी डाकपाल को विभाग ने निलंबित कर रखा है.

बताते चलें कि 2022 में गोविंदपुर के उक्त डाकघर में सुमित सौरभ बतौर पोस्टमास्टर कार्यरत थे. यह घोटाला तभी का है. पोस्टमास्टर सुमित सौरभ ने सरकारी राशि को निजी बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया था और फिर कमीशन देकर उन खाता धारकों से रकम वापस ले ली थी. ऐसा कर लगभग दस करोड़ रुपये की सरकारी राशि का गबन किया गया. घोटाले की जानकारी मिलते ही विभाग में हड़कंप मच गया और तत्काल पोस्टमास्टर सुमित सौरभ का वहां से स्थानांतरण कर दिया गया, हालांकि बाद में उसे निलंबित भी कर दिया गया. विभागीय जांच के क्रम में 90 से अधिक बैंक खाते फ्रीज हुए थे, इनमें लगभग 70 खाते डाकघर के थे, जबकि दो दर्जन बैंक खाते निजी बैंकों के थे. इस मामले को लेकर धनबाद के वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने विभागीय सर्किल हेड को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की बात कही थी. संबंधित आदेश प्राप्त होने के बाद डाक अधीक्षक ने धनबाद सीबीआई से मामले की लिखित शिकायत की थी. इस शिकायत को दिए हुए महीना भर बीत चुका है, लेकिन फिलहाल एफआईआर नहीं की जा सकी है. इस मामले में सीबीआई के अधिकारी का कहना है कि दिल्ली कार्यालय से एफआईआर के लिए आदेश नहीं मिल पाया है.

### सात महीने में एक भी एफआईआर नहीं

धनबाद सीबीआई कार्यालय में फिलहाल अधिकारियों की घोर कमी है. यहां के कुछ अधिकारियों का अन्य स्थानों पर तबादला कर दिया गया है. इस कारण यहां के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है. बावजूद इसके पिछले सात महीनों में एक भी एफआईआर नहीं होना, चिंताजनक है. धनबाद सीबीआई कार्यालय में बीते वर्ष भी महज पांच मुकदमें दर्ज हुए थे. कुल मिलाकर कहा जाए तो सोलह महीनों में पांच मुकदमें दर्ज हुए हैं. इनमें से कई तो ट्रैप केस हैं.

## मतदाता जागरूकता को लेकर मैथन डैम पर नाविकों की वीडियो फिल्म बनायी गई

**संवाददाता । मैथन**



सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के तहत शुक्रवार को मैथन डैम पर नाविकों के साथ वीडियो फिल्म बनाई गई. यह वीडियो फिल्म फेम ऑफ गैंग ऑफ वासेपुर के जीशान कादरी के निर्देशन में बनाई गई है. मौके पर एग्यारकुंड के बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि यह वीडियो फिल्म जिला प्रशासन के निर्देश पर बनी है. यह वीडियो निष्पक्ष एवं बिना प्रलोभन के मताधिकार के प्रयोग को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बनाई गई है. कहा गया कि यह वीडियो पूरे झारखंड के साथ साथ पूरे देश में दिखाई जाएगी. जिससे मैथन का नाम राष्ट्रीय स्तर पर होगा, साथ ही यहां के नाविकों की भी एक अलग पहचान बनेगी और यह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा. मौके पर डीपीआरओ अमित कुमार सिंह, एग्यारकुंड बीपीआरओ लालू रविदास, सीआरपी पंकज कुमार सिंह, छत्रपति शिवाय किस्कू, नेपाल चंद्र बाउरी, बबलू हेम्ब्रम, मंटू महतो, राजीव शर्मा, बीएलओ सरस्वती तिग्गा उपस्थित थी.

### गुरुदास के शहादत दिवस को लेकर मासस की बैठक

**निरसा** । शुक्रवार को निरसा मासस कार्यालय गुरुदास भवन में शहीद कामरेड गुरुदास चटर्जी के शहादत दिवस को सफल बनाने को लेकर एक बैठक हुई. मासस के प्रखंड अध्यक्ष टुटून मुखर्जी ने बताया कि शहादत दिवस पर हजारों की संख्या में लोग रैली की शक्ल में शहादत स्थल देवली पहुंचेंगे व गरीबों एवं मजदूरों के अपने प्रिय नेता शहीद कॉमरेड गुरुदास चटर्जी को श्रद्धांजलि देंगे.

## न्यूज अपडेट

### 35 वीं ओपन शतरंज प्रतियोगिता शुरू



**धनबाद** । धनबाद जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित 35 वीं खुली शतरंज प्रतियोगिता एवं दसवीं महेंद्र मेमोरियल ट्रॉफी का उद्घाटन बैंक मोर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में किया गया. उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमितेश सहाय, जबकि विशिष्ट अतिथि बैंक मोर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रमोद गोयल थे. सहाय ने उद्घाटन समारोह के अवसर पर कहा की शतरंज एक मानसिक गेम है. जिसमें छह साल के बच्चे भी 70 साल के व्यक्ति के साथ खेलते हैं. उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में बड़े स्तर पर प्रतियोगिता कराने में वह भरपूर सहयोग करेंगे.

### सशक्त लोकतंत्र निर्माण की अपील की

**धनबाद** । नगर आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग रविराज शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को एसएसएलएनटी महाविद्यालय, जिला स्कूल एवं प्लस टू हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर एक रैली निकाली. रैली को नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, एसएसएलएनटी की प्रधानाचार्या अंजना महतो ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. एसएसएलएनटी महाविद्यालय परिसर से निकाली रैली नगर निगम, मिश्रित भवन, सिटी सेंटर आदि होते हुए वापस मिश्रित भवन परिसर में रुकी. इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे.

### दर्जनों युवकों ने थामा मासस का दामन

**निरसा** । मुगमा स्थित शिवडंगाल में शुक्रवार को मासस द्वारा आयोजित मिलन समारोह में दर्जनों युवकों ने अन्य पार्टी को छोड़कर मासस का दामन थामा. पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने सभी युवकों को माला पहनाकर स्वागत किया. पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि दिन प्रतिदिन मासस का जनाधार बढ़ रहा है. इस तरह युवकों को पार्टी से जुड़ना काफी सकारात्मक दिखाई पड़ रहा है. हमलोग इस बार लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे. मौके पर जिप सदस्य बादल बाउरी, मुखिया मनोज राउत, रोशन मिश्रा, अंजू चटर्जी, उपमुखिया बलराम दास सहित काफी संख्या में मासस कार्यकर्ता मौजूद थे.

### विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**धनबाद** । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसके तहत बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं प्रखंड अन्तर्गत बलियापुर पूर्वी में दीदियों द्वारा रंगोली कार्यक्रम, शपथ ग्रहण, चौपाल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.वही सेल, डीप माइंस, चासनाला कोलियरी परिसर में मतदान पर जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर कर्मियों को 25 मई के दिन वोट देने की अपील की गई.

### पार्टी को आगे बढ़ाएंगे : ढुल्लू महतो

**मैथन** । चिरकुंडा नेहरू रोड स्थित सेलिब्रेशन मैरिज हॉल में शुक्रवार के शाम धनबाद भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान का आगाज किया. मौके पर कार्यकर्ताओं ने ढुल्लू महतो को माला पहनाकर और बूके देकर उनका जोरदार स्वागत किया. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ढुल्लू महतो ने कहा कि मैं हमेशा कार्यकर्ताओं के लिए लड़ा हूं एवं पार्टी के नीति-सिद्धांत पर चलते हुए पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए काम करता रहूंगा. इसलिए पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया है और मैं वादा करता हूं कि धनबाद की जनता एवं कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा. ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का लक्ष्य है 400 पार करना, जिसे पूरा करने का काम हम करेंगे.

### वारंटियों को दबोचने के लिए चलाएं अभियान : एसपी

**धनबाद** । धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार ने शुक्रवार को बैंकमोड़ थाने में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान सिटी एसपी ने चुनाव से संबंधित विषयों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की. कहा कि थाना क्षेत्र अंतर्गत जो भी कुर्की और वारंट के मामले लंबित पड़े हैं, इनका अतिशीघ्र निष्पादन किया जाए. साथ ही क्षेत्र के बूथों की व्यवस्था देखने का भी निर्देश दिया गया है. कहा गया कि संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों को लेकर सतर्कता बरतनी जरूरी है. इससे पूर्व ही दागियों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें सलाखों में भेजा जाना चाहिए. ताकि शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो सके. इस दौरान बैंकमोड़ थाना प्रभारी के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे.

### 14 व 21 को गया होकर चलेगी धनबाद-पटना इंटरसिटी

**धनबाद** । ट्रेन नंबर 13331/13332 धनबाद-पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस 14 और 21 अप्रैल को बराकर-चितरंजन-मधुपुर-जसीडीह-झाझा की बजाय धनबाद से खुलकर गोमो-कोडरमा-गया-जहानाबाद होकर चलेगी. निर्धारित रूट से नहीं चलने पर जसीडीह, झाझा, जमुई, किउल, बाढ़, बख्तियारपुर, लखीसराय, मोकामा जानेवाले यात्रियों को परेशानी होगी. उन्हें धनबाद से पटना या फिर आसनसोल जाकर दूसरी ट्रेन से जाना होगा. रेलवे सूत्रों के अनुसार धनबाद से खुलनेवाली धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस और धनबाद होकर चलनेवाली रक्सौल-हैदराबाद का मार्ग परिवर्तन किया गया है. मधुपुर-मथुरापुर रेलखंड के बीच रेलवे की ओर से गार्डर लगाया जाएगा. धनबाद होकर चलनेवाली ट्रेन नंबर 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस 14 अप्रैल को रक्सैल से खुलने के बाद जसीडीह-मधुपुर की बजाय जमालपुर-रामपुरहाट-सैंथिया-अंडाल-आसनसोल-धनबाद होकर चलेगी. वहीं दूसरी ओर से धनबाद होकर चलनेवाली वास्को डी गामा-जसीडीह एक्सप्रेस 12 और 19 अप्रैल को ट्रेन नंबर 17321 वास्को डी गामा–जसीडीह एक्सप्रेस मधुपुर तक चलेगी. मधुपुर से जसीडीह के बीच रद्द रहेगी.

### सौर ऊर्जा सयंत्र एवं बास्केटबॉल कोट का उद्घाटन

**मैथन** । चिरकुंडा क्षेत्र के तालडांगा स्थित लोयला स्कूल में शुक्रवार को सौर ऊर्जा सयंत्र एवं बास्केटबॉल कोट का उद्घाटन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया. इसके बाद मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर सोलर एनर्जी सिस्टम का उद्घाटन किया. मौके पर अतिथियों ने कहा कि स्कूल अब बिजली के क्षेत्र में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हो गया है. अब स्कूल के सारे संसाधन सोलर एनर्जी सिस्टम के माध्यम से संचालित होंगे. कहा गया कि पूरे विश्व में गैर परंपरागत सौर ऊर्जा का लक्ष्य 2030 तक प्राप्त करने की प्रतिबद्धता में लोयला स्कूल ने अपना योगदान दिया है. कहा कि छात्रगण भी इसी प्रकार अपने असीम ऊर्जा का उपयोग कर अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं. कार्यक्रम में स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक अजय प्रसाद एवं सलिल फर्ग्यूसन को उनके 25 वर्ष की अमूल्य सेवा के लिए विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. मौके पर स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फादर एलविन सीवी, निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, स्कूल के सचिव फादर अमैतुस कुजूर, प्राचार्य फादर जानी पी दिवासिया, उप प्राचार्या सिस्टर विवियाना एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे.

### चुनाव में अधिक से अधिक मतदान की जरुरत :बीडीओ

**मैथन** । एग्यारकुंड प्रखंड सभागार में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता के संबंध में सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ मधु कुमारी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई. बैठक में बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि विगत 2019 लोकसभा चुनाव में एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के 121 मतदान केंद्रों पर राष्ट्रीय औसत से कम मतदान हुआ था. इन मतदान केंद्रों पर 2024 लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता मतदान करें.

### मतदान के लिए किया जा रहा है जागरुक

**धनबाद** । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार शुक्रवार को चुनाव के निमित्त सेल कोलियरी डिवीजन, चासनाला में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन एवं सहायक नगर आयुक्त प्रसुन्न कौशिक की उपस्थिति में की गई. बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे सभी कार्यालय/ प्रतिष्ठान/ संस्थान जहां 10 अथवा उससे अधिक व्यक्ति कार्यरत है, उन्हें वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है.

## खुशी है कि मैं अपने घर से चुनाव लड़ने आया हूं: अहलूवालिया



**संवाददाता । बराकर**

आसनसोल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया ने कहा है कि शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें यहां चुनाव लड़ने के लिए भेजा है और इसे लेकर मैं बहुत खुश हूं. यह बात उन्होंने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कही. मालूम हो कि भाजपा प्रत्याशी के रुप में सुरेन्द्र सिंह अहलूवालिया के नाम की घोषणा के साथ पूरे लोकसभा सभा क्षेत्र के भाजपाइयों में हर्ष का माहौल है.

अहलूवालिया गुरुवार को अंडाल हवाई अड्डे पर उतरे. इस दौरान आसनसोल जिला भारतीय जनता पार्टी की ओर से ढोल नगाड़ों के साथ भाजपा प्रत्याशी का भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान भाजपा आसनसोल जिला के अध्यक्ष बप्पा चटर्जी, कुल्टी के विधायक डाक्टर अजय कुमार पोद्दार जिला कमेटी सहित लोकसभा के सात विधान सभा के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा सदस्यों ने फूलमाला अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी अहलूवालिया प्रचार प्रारंभ के पूर्व सर्व प्रथम आसनसोल स्थित मां घाघर गुड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रचार अभियान का शुभारंभ किया. पूजा के बाद अहलूवालिया सर्व प्रथम आसनसोल जिला कार्यालय पहुंच कर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया. इस दौरान जिला अध्यक्ष बप्पा चटर्जी भाजपा विधायक डाक्टर अजय पोद्दार मुख्य रूप से उपस्थित थे. मालूम हो कि सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया जे के नगर के निवासी हैं. उनका बचपन भी इसी इलाके में बीता है.

### छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**धनबाद** । डीएवी स्कूल कतरासगढ़, झरिया राज प्लस टू हाई स्कूल, शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल बेनागड़िया निरसा, प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल मनियाडीह टुंडी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय टुंडी, गर्ल्स हाई स्कूल गोमो, टी ए पी प्लस टू हाई स्कूल तोपचांची, राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल, प्लस टू हाई स्कूल तोपचांची समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को मतदाता जागरूकता को लेकर साइकिल रैली निकाली. इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे. इस दौरान सभी छात्रों को शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया.

**खरमास समाप्त** सूर्य आज मेष राशि में प्रवेश कर जाएगा

# अप्रैल में तीन दिन हीं बजेगी शहनाई, फिर जुलाई में

**संवाददाता । धनबाद**



बीते 14 मार्च को ग्रहों के राजा सूर्य मीन राशि में प्रवेश कर गए थे. मीन संक्रांति लगने के बाद से खरमास लग गया था. यह खरमास चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तक रहेगा, क्योंकि पंचमी यानी 13 अप्रैल को सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर जाएगा.सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास का अंत होगा और शुभ कार्यों की शुरुआत होने लगेगी. इस दौरान लोग मुंडन, विवाह, सगाई, गृह प्रवेश आदि शुभ कार्य कर सकते हैं. इसके साथ ही अप्रैल माह में विवाह के लिए भी कुछ शुभ मुहूर्त बन रहे हैं.

नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष का शुभारंभ हुआ है. नवरात्रि में शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाती है लेकिन इस बार खरमास का साया होने के चलते चैत्र नवरात्रि पर भी शुभ कार्यों की मनाही रही थी. वहीं, अब 14 अप्रैल से शुभ कार्यों की शुरुआत की जा सकती है. 13 अप्रैल की रात को ही सूर्य खरमास से बाहर आ जाएंगे. ज्योतिषाचार्यों की मानें तो 18 से 22 अप्रैल के बीच विवाह के लिए शुभ योग बन रहे हैं.

**कब हैं विवाह के शुभ योग :** आगामी 23 अप्रैल से 30 जून तक शुक्र ग्रह अस्त हो जाएंगे. शादियों के लग्न मुहूर्त में गुरु और शुक्र ग्रह की अच्छी स्थिति का होना काफी आवश्यक होता है. इनमें से किसी भी ग्रह की स्थिति खराब होने के चलते विवाह संपन्न नहीं हो सकता है.ऐसे में शुक्र के अस्त होने से इस अवधि में विवाह कार्य संपन्न नहीं करना चाहिए. शुक्र के अस्त रहने के चलते मई और जून में विवाह का कोई भी मुहूर्त नहीं है.

### अप्रैल 2024 में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त

- 18 अप्रैल 2024 (गुरुवार)
- 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार)
- 20 अप्रैल 2024 (शनिवार)

### जुलाई 2024 में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त

- 9 जुलाई 2024 (मंगलवार)
- 11 जुलाई 2024 (गुरुवार)
- 12 जुलाई 2024 (शुक्रवार)
- 13 जुलाई 2024 (शनिवार)
- 14 जुलाई 2024 (रविवार)
- 15 जुलाई 2024 (सोमवार)

www.lagatar.in

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

शनिवार 13 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल 05 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 5 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




वासंतिक नवरात्र

पंचमं स्कंदमाता



वासंतिक नवरात्रपंचमं स्कंदमाता

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदाऽस्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

अपने भक्तों के लिए मोक्ष का द्वार खोलनेवाली, समस्त इच्छाएं पूरी करनेवाली परम सुखदायिनी देवी स्कंदमाता पांचवीं दुर्गा मानी जाती हैं, जिनके दर्शन पूजन का विधान वासंतिक नवरात्र के पांचवें दिन किया गया है. इस देवी का वर्ण श्वेत कमल की भांति शुभ्र है. इनकी चार भुजाएं हैं. दायी तरफ की ऊपर वाली भुजा से माता ने बाल स्कंद को गोद में पकड़ रखा है. नीचेवाली भुजा में कमल का पुष्प है. बायीं तरफ की ऊपरवाली भुजा वरदमुद्रा है और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है. स्कंद भगवान कार्तिक का ही एक नाम है. उनकी माता होने के कारण देवी स्कंदमाता कहलाती हैं. इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है. कमल पर आसीन होने के कारण इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है. इनका वाहन सिंह है. सूर्यमण्डल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कान्तिमय हो जाता है. अतः मन को एकाग्र रखकर और पवित्र रखकर इस देवी की आराधना करने वाले साधक या भक्त को भवसागर पार करने में कठिनाई नहीं आती है.

-डॉ विनय कुमार पांडेय

# बिहार में शराब बंदी के बाद धनबाद से वाहनों-ट्रेनों से करोड़ों की तस्करी

*5 अप्रैल 2016 को बिहार में हुई थी शराबबंदी, आठ साल में ट्रेनों से तस्करी करते पकड़ाये धनबाद स्टेशन पर 126 मामले. जीटी रोड पर भी वाहनों से तस्करी करते पकड़े गए दर्जनों तस्कर. दूसरे जिलों के स्टेशनों व शहरों से भी बिहार ले जाते पकड़े जा चुके हैं सैकड़ों मामले. तमाम सुरक्षा को धता बताते हुए तस्कर अपने धंधे में लगे हैं.*

राजा गुप्ता । धनबाद

बिहार में शराब बंदी के बाद भले ही वहां की दुकानों, बार व क्लबों में सरकार के निर्देश पर शराब की बिक्री व पीने-पिलाने का सिलसिला रूक गया है, लेकिन धनबाद से सड़क मार्ग से निजी व किराये के वाहनों और ट्रेनों से करोड़ों की शराब तस्करी हो रही है. आठ वर्ष के दौरान जीटी रोड पर तोपचांची-मैथन के बीच सैकड़ों गाड़ियां पकड़ी गई है, जिससे शराब की तस्करी की जा रही थी. इन गाड़ियों में बस, कार, स्कॉर्पियो, मालवाहक के साथ-साथ एंबुलेंस भी शामिल है. सूत्रों के अनुसार 5 अप्रैल 2016 को बिहार में शराब बंदी हुई थी. आठ साल में ट्रेनों से तस्करी करते धनबाद स्टेशन पर आरपीएफ-जीआरपी के हाथों 126 मामले पकड़े जा चुके हैं. ऐसा नहीं है कि ट्रेनों से तस्करी बंद हो गई है. धनबाद- गोमो होकर दर्जनों ट्रेनों चलती है, जो बिहार के कई स्टेशनों से गुजरती है. पूर्व में गोमो, कोडरमा, गया, रफीगंज, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, बरकाकाना, डालटनगंज, रांची, बोकारो स्टील सिटी, जहानाबाद, पटना, झाझा. दरभंगा, जयनगर, किउल, जसीडीह, मधुपुर, आसनसोल समेत कई स्टेशनों पर ट्रेन से शराब की तस्करी का भंडाफोड़ हो चुका है. आरपीएफ के अनुसार स्टेशनों व ट्रेनों से पकड़े गए शराब की खेप को बिहार भेजा जा रहा था. सैकड़ों-हजारों मामले झारखंड-बिहार-बंगाल में पकड़े जाने के बावजूद शराब की तस्करी हो रही है. धंधेबाज सड़क मार्ग और ट्रेनों से भारी माक्षा में शराब की खेप बिहार भेज रहे हैं.



## आचार संहिता लागू होने के बाद तस्करी पर रोक के बावजूद नहीं पकड़े जा रहे तस्कर

आचार संहिता लागू होने के बाद तस्करी पर सख्ती के साथ रोक लगाने के निर्देश के बावजूद तस्कर पकड़े नहीं जा रहे है . धंधेबाजों ने तस्करी कराने के लिए महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों को भी लगा दिया है . जिला पुलिस, उत्पाद विभाग के अधिकारी, रेल पुलिस, आरपीएफ के पदाधिकारी व जवान तस्करी पर रोक लगाने में रोजाना कार्रवाई नहीं कर रहे है . वाहनों व ट्रेनों की बारीकी से चेकिंग नहीं होने के कारण हो तस्कर आराम से शराब की खेप लेकर निकल जा रहे हैं . कभी कभार छापामारी कर जिला पुलिस व उत्पाद विभाग के पदाधिकारी खानापूर्ति कर रहे हैं .

### धनबाद के साथ-साथ पड़ोसी जिलों व राज्यों से भी बिहार भेजी जा रही शराब

सूत्रों के अनुसार धनबाद के अलावा पड़ोसी जिलों जैसे गिरिडीह, बोकारो, जसीडीह, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग, कोडरमा आदि कई जिलों से सड़क व रेल मार्ग से शराब की खेप बिहार भेजी जा रही है . झारखंड के पड़ोसी राज्यों पश्चिम बंगाल व यूपी आदि से भी शराब की खेप विभिन्न गाड़ियों व ट्रेनों से दिन–रात भेजी जा रही है . झारखंड के अलावा बिहार, बंगाल व यूपी में जिला व रेल पुलिस के साथ–साथ आरपीएफ भी तस्करी करते हजारों मामले पकड़ चुके है . फिर भी धंधेबाज शराब की तस्करी से बाज नहीं आ रहे हैं .

### जनता से रहे दूर तो अब लोग भी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को नहीं पहचान रहे

# 'लापता सांसद' के भरोसे गिरिडीह में एनडीए की नैया



▪ ढुल्लू महतो कर रहे खुद के लिए मेहनत, मोदी मैजिक और भाजपा कार्यकर्ताओं के भरोसे ही सीपी चौधरी का चुनाव

राम कुमार पाण्डेय । कतरास

### सांसद का पता बताने वाले को ताली बजाकर शाबाशी




चुनाव जीतने के बाद सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने जब क्षेत्र से मुंह मोड़ लिया और लगातार जनता की नजरों से ओझल रहने लगे, तो गिरिडीह की जनता ने अपने सांसद की लापता होने की तस्वीर बनाकर सोशल मीडिया में डाल दी . एक पुरानी वायरल तस्वीर में स्पष्ट रूप से खोरठा में लिखा ... गिरिडीह लोकसभा कर भाई बहिन सब कही कोई देखे हि तो जरूर बतये बहुत मुश्किल से भाजपा और हमारे माननीय विधायक ढुल्लू महतो के सहयोग से जीते थे,पता नहीं किधर गुस्सा कर भाग गये . अंत में लिखा है पता बताने को ताली बजाकर शाबाशी दी जाएगी .

2019 में गिरिडीह लोकसभा से चुनाव जीतने के बाद जनता के बीच से नदारद रहने वाले गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को पुनः एनडीए ने गिरीडीह से उम्मीदवार बना कर चुनाव मैदान में उतारा है. अक्सर जनता के बीच से गायब रहने वाले सांसद एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी घोषित होते ही अचानक चौधरी इलाके में सक्रिय हो गए हैं. होली में तो एक फोन कॉल पर ही वे जगह-जगह होली मिलन समारोह में शामिल होने पहुंच रहे थे. जबकि चार वर्ष की होली में सांसद जनता के बीच कहीं नहीं दिखे.चंद्र प्रकाश चौधरी को जनता ने बड़े उम्मीद से पहली बार में ही छह लाख से भी अधिक मत देकर सांसद चुन कर पांच साल काम करने का मौका दिया था. बावजूद पांच वर्षों में सांसद ना तो इलाके में कोई विशेष काम कर अपनी पकड़ बना सके ओर ना ही अपनी पार्टी आजसू को मजबूत कर कार्यकर्ता जोड़ सके.पूरे पांच वर्षों में गिरिडीह के इलाकों में उनके नेतृत्व में इक्का दुक्का आयोजन को छोड़ दें तो आजसू का एक भी सभा या कार्यक्रम नहीं हो सका और ना ही किसी आंदोलन में उनका खास योगदान रहा. उनके क्रियाक्लापों से यहां तक की बीते पांच वर्षों में बीच-बीच में सांसद की लापता होने का फोटो सोशल मीडिया में वायरल होता रहा.

फिलहाल लगभग सभी जगह उन्हें विरोध का सामना करना पड़ रहा है. सियासी विरोधी, आम जनता के अलावा उनके अपने भी खासे नाराज चल रहे हैं. प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से विरोध भी करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं. वर्तमान समय में चौधरी इलाके में चल रहे पूजा, यज्ञ, भोज, शादी समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कर जनता का पुनः आशिर्वाद लेने में जुटे हैं. विडंबना है कि पूजा यज्ञ भोज शादी समारोह में सांसद के पहुंचने पर क्षेत्र के लोग उन्हें पहचान भी नहीं पा रहे हैं. इतना ही नहीं बल्कि वे अपने बदौलत वे एक भी कार्यक्रम इलाके में नहीं करवा पा रहे हैं. अगर कार्यक्रम भी होता है तो भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर.पिछले बार की चुनाव में चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने खुलकर कप्तानी की थी. ना केवल बाघमारा बल्कि टुंडी सहित अन्य इलाकों का कमान भी विधायक ने संभाला था. बाघमारा टुंडी के कोन-कोने में चंद्र प्रकाश चौधरी का कार्यक्रम विधायक के नेतृत्व में किया गया था. परिणाम रहा कि बाघमारा टुंडी से चंद्र प्रकाश चौधरी को भारी मत प्राप्त हुआ था लेकिन इस बार विधायक ढुल्लू खुद धनबाद लोकसभा से किस्मत आजमा रहे हैं.बहरहाल अब देखने वाली बात होगी कि मोदी मैजिक व भाजपा कार्यकर्ताओं के बदौलत चुनाव जीतने वाले सांसद पुनः बाजी मारते हैं या फिर जनता से दूरी उन्हें जीत से दूर कर देगी.

# बालू तस्करों व ग्रामीणों ने सीओ-थाना प्रभारी को बनाया बंधक, घंटों बाद छोड़ा



**खास बातें**

- घटना के बाद पुलिस की छावनी में तब्दील हो गया चानो गांव
- अनुमंडल पदाधिकारी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची

संवाददाता। बिरनी ( गिरिडीह)

### बदसलूकी और हाथापाई की

सीओ ने घटना की जानकारी बगोदर–सरिया अनुमंडल पदाधिकारी विपिन दुबे को दी . तभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनन्जय राम, सरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह अपने दल–बल के साथ घटनास्थल पहुंचे . सीओ सारांश जैन ने बताया कि वह अवैध बालू उठाव कर रहे लोगों को पकड़ कर ले जा रहे थे, परन्तु ग्रामीणों की भीड़ इन्हें छोड़ने का दबाव बनाने लगी . ग्रामीणों की बात नहीं मानने पर वे लोग मुझसे ही उलझने लगे . उन्होंने बताया कि सीताराम सिंह समेत कई लोगों ने मेरे साथ बदसलूकी और हाथापाई की . हालांकि सीताराम सिंह ने आरोप को निराधार बताया .

बिरनी प्रखंड अंतर्गत चानो में शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे बालू तस्कर चानो के बराकर नदी से बालू उठाव कर ले जा रहे थे, इसी दौरान स्थानीय सीओ सारांश जैन छापेमारी करने गए और करीब चार ट्रैक्टरों और एक चालक को बालू के साथ पकड़ लिया. ट्रैक्टर पकड़ने की सूचना पर दर्जनों ग्रामीण उक्त स्थल पहुंच गए. स्थानीय लोगों ने सीओ से चालकों को छोड़ने की बात कही. चालकों को नहीं छोड़ने पर ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें भी जाने नही देंगे और घेर लिया. सीओ सारांश जैन ने इसकी सूचना थाना प्रभारी राजीव कुमार को दी. तभी बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार एवं भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे. इसी बीच, बालू तस्करों के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने सभी को घेर कर बंधक बना लिया और कहा कि तब तक नहीं जाने देंगे, जब तक वरीय पदाधिकारी नहीं आएंगे.

**आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने छोड़ा :** इसके बाद सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई. मौके पर बिरनी पुलिस,भरकट्टा ओपी पुलिस एवं सरिया पुलिस पहुंची. बावजूद ग्रामीणों ने सीओ के साथ अन्य अधिकारियों को बंधक बना लिया. बाद में सरिया बगोदर एसडीपीओ धनन्जय राम भी पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों ने किसी की नहीं सुनी. मामला ठंडा नहीं होते देख सरिया बगोदर एसडीएम विपिन कुमार दुबे मौके पर पहुंचे. उनके आश्वासन से ग्रामीणों ने अधिकारियों को मुक्त किया. उन्होंने 10 ग्रामीणों को अनुमंडल कार्यालय वार्ता के लिए बुलाया. उन्होंने कहा अधिकारी अपना काम कर रहे हैं, उन्हें काम करने देना चाहिए. यदि कोई शिकायत थी, तो ग्रामीणों को वरीय अफसरों से संपर्क करना चाहिए था.

## लॉटरी का अवैध कारोबार करने वाले दो धराए, जेल गए



**बहरागोड़ा।** लॉटरी का अवैध कारोबार करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. जानकारी के अनुसार बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात घाटशिला अनुमंडल अधिकारी सच्चिदानंद और एसडीपीओ अजीत कुजूर ने दलबल के साथ मुख्य बाजार में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध लॉटरी के साथ सुशेन राउत एवं सुनंद गिरी को हिरासत में लिया. साथ ही उनके पास से 12 बंडल लॉटरी का टिकट भी जब्त किया. उनके विरुद्ध थाना कांड संख्या 32/24 में लॉटरी रेगुलेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को शुक्रवार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. घाटशिला एसडीओ सच्चिदानंद महतो ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने सुशेन राउत के घर पर अवैध लॉटरी बेचने के गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें सुशेन राउत एवं सुनंद गिरी को अवैध लॉटरी के साथ हिरासत में लिया गया है. साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार करने वाले के खिलाफ छापेमारी जारी रहेगी.

# दुकानदारों ने किया आग्रह, तो दिखाया लाठी का दम

### जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति की टीम बिष्टुपुर में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी

संवाददाता। जमशेदपुर



**खास बातें**

- जेएनएसी के सिटी मैनेजर रवि भारती का कारनामा
- मैनेजर की ज्यादती के खिलाफ दुकानदारों में है भारी आक्रोश

जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) की टीम इन दिनों शहर की सड़कों से अतिक्रमण हटाने का काम कर रही है. शुक्रवार को जेएनएसी की टीम सिटी मैनेजर रवि भारती के नेतृत्व में बिष्टुपुर डायगनल रोड पहुंची. वहां अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों ने उनसे खुद अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया तो उन्होंने उन्हें लाठी का दम दिखाया. उन्होंने होमगार्ड के जवानों को लाठी चार्ज करने का आदेश दे दिया. इसके बाद जवानों ने दुकानदारों पर जमकर लाठी बरसाई. जवानों ने मौके से गुजर रहे लोगों पर भी लाठियां बरसाईं. थोड़ी देर के लिए भगदड़ का माहौल बन गया था. बाद में कुछ दुकानदारों को कार में बैठाकर थाना ले जाया गया.

**बिना नोटिस अतिक्रमण हटाने पहुंच गई टीम :** मौके पर मौजूद दुकानदारों के अनुसार जेएनएसी की टीम शुक्रवार दोपहर डायगनल रोड में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी. इस दौरान बिल्डिंग के आगे बने चबूतरे को हटाया जाना था. कुछ दुकानदारों ने आग्रह किया कि उन्हें किसी तरह की नोटिस नहीं दी गई है. अगर कुछ दिनों का समय दे दिया जाए तो वे लोग खुद चबूतरे को तोड़ देंगे. सिटी मैनेजर रवि भारती ने इस आग्रह को अनसुना कर दिया. मामला बढ़ता देख रवि भारती ने लाठी चार्ज करने का आदेश दे दिया. इसके बाद जमकर लाठियां बरसाई गईं. इस संबंध में जब रवि भारती से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया. वहीं जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्णा कुमार ने भी फोन नहीं उठाया.

### मजिस्द में हुए विवाद ने बाद में लिया हिसंक रूप, लाठी-डंडे के साथ पथराव

# खरखरी में दो गुटों में हिंसक भिड़ंत आधा दर्जन जख्मी, पुलिस तैनात

संवाददाता। नवागढ़ (धनबाद)

### पुलिस के साथ सीआरपीएफ ने संभाला मोर्चा, घायलों में महिला भी शामिल







मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी बस्ती में शुक्रवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई. दोनों पक्षों की ओर से लाठी, डंडे चले और जम कर पथराव किया गया. विवाद में दोनों पक्षों से एक महिला सहित आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए हैं. इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. सूचना पाकर मौके पर पहुंची मधुबन पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना से वरीय अधिकारियों को अवगत कराया. बाद में कई थानों की पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच कर मोर्चा संभाल लिया है. विवाद के कारण इलाके में काफी भीड़ जमा हो गई थी. जिसे जवानों ने खदेड़कर भगाया. इस के बाद जख्मी महिला और पुरुषों को इलाज के लिये निचितपुर क्लिनिक भेजा गया है. जहां घायलों का इलाज चल रहा है. बाद में मौके पर पहुंचे बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों व ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली. बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर दोपहर की नमाज के वक्त मस्जिद के बाहर शेख खालिद और शेख इजरायल के बीच विवाद हो गया था. इस उपजे विवाद ने बाद में हिंसक रूप ले लिया. दोनों पक्षों की ओर से जिसे जो भी मिला, उसी से हमला करना शुरू कर दिया. इंट, पत्थर, शीशे की बोतल और लाठी चलाये गए. पूरी बस्ती में भागदौड़ और चीख-पुकार मची हुई थी.बस्ती की सड़कों पर इंट, पत्थर,सीसे के टुकड़े बिखरे पड़े थे.

कहीं कहीं खून के छींटे भी दिखाई दे रहे थे. पुलिस को दोनों पक्षों को शांत करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी पुलिस व सीआरपीएफ की टीम ने मोर्चा संभालते हुए दोनों पक्षों के लोगों को खदेड़कर भगाया, तब तत्काल मामला शांत हो पाया. उक्त मारपीट में एक पक्ष के शेख इसराफिल,शेख इसराइल, मगरीबन बीबी, शेख इम्तियाज तथा दूसरे पक्ष से शेख खालिद,शेख डब्लू शामिल हैं, जिनका इलाज चल रहा है. इस मामले में डीएसपी मिंज ने कहा कि फिलहाल मामला शांत है. पुलिस को कैंप करने के लिए कहा गया है. घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है. मामले में संलिप्त किसी को भी नही बख्शा जाएगा, विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी.

**चुनाव चर्चा**

### धीरेंद्र अग्रवाल भाजपा के टिकट से दो बार व राजद के टिकट से एक बार सांसद बने

# चतरा से दलबदलू भी जीत कर पहुंच चुके हैं दिल्ली

आशीष टैगोर। लातेहार





**पाला बदला**

- धीरेंद्र अग्रवाल वर्ष 1991 में उपेंद्र नाथ वर्मा से हारे थे
- सांसद रहते नागमणी ने भाजपा का दामन थामा था

यूं ही चतरा संसदीय क्षेत्र हमेशा चर्चा में नहीं रहता है. अव्वल तो आज तक यहां से कोई भी स्थानीय प्रत्याशी सांसद चुन कर दिल्ली नहीं गया है. दूसरा, चतरा सीट से दलबदलू नेताओं को भी मतदाताओं ने अपना समर्थन दिया है और चुनाव जीता कर संसद तक पहुंचाया है. धीरेंद्र अग्रवाल ने भाजपा के टिकट से दो बार एवं राजद के टिकट से एक बार चुनाव जीत कर संसद तक का सफर तय किया है. चतरा से धीरेंद्र अग्रवाल भाजपा के टिकट से तीन बार चुनाव लड़े. सबसे पहले वर्ष 1991 के लोकसभा चुनावों में धीरेंद्र अग्रवाल को जनता दल के उपेंद्र नाथ वर्मा से शिकस्त खानी पड़ी थी. लेकिन इसके बाद लगातार दो चुनाव उन्होंने भाजपा के टिकट से जीत हासिल की. 1996 में उन्होंने राजद के कृष्ण नंदन प्रसाद को हराया था. 1998 में मध्यावधि चुनाव हुए तो भाजपा के धीरेंद्र अग्रवाल ने राजद के नागमणी को हराया. वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में राजद के नागमणी ने भाजपा के धीरेंद्र अग्रवाल को हराया. 2004 के लोकसभा चुनाव में सीन कुछ और ही था. नागमणी व धीरेंद्र अग्रवाल दोनों ने ही पाला बदल लिया. सांसद रहते नागमणी ने भाजपा का दामन थाम लिया. धीरेंद्र अग्रवाल और नागमणी दोनों ही भाजपा से टिकट के दावेदार थे. लेकिन भाजपा ने नागमणी को टिकट दिया. ऐसे में धीरेंद्र अग्रवाल रातों-रात राजद में चले गये.


राजद ने अग्रवाल पर विश्वास जता कर उन्हें चतरा से टिकट दे दिया. जीत धीरेंद्र अग्रवाल की हुई. नागमणी तीसरे स्थान पर खिसक गये. नागमणी का दल बदलने का सिलसिला यहीं नहीं रूका. 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नागमणि ने एक बार फिर पाला बदला. राजद में पुनः वापसी की. 2009 में लोकसभा चुनाव लड़े. लेकिन जीत नहीं सके. वे तीसरे स्थान पर रहे. निर्दलीय प्रत्याशी इंदर सिंह नामधारी चुनाव ने चुनाव जीता था. उन्होंने कांग्रेस के धीरज साहू को हरया था. यह भी कम दिलचस्प नहीं है कि भाजपा और राजद से चुनाव लड़ कर संसद तक पहुंचने वाले धीरेंद्र अग्रवाल ने 2009 में निर्दलीय चुनाव लड़ा था. 11 प्रत्याशियों में वे आठवें स्थान पर रहे थे. नागमणी का पाला बदलने का सिलसिला रूका नहीं. साल 2014 में नागमणी ने फिर पाला बदला और आजसू पार्टी से चुनाव लड़ा और चौथे स्थान पर रहे.

# कलश यात्रा के साथ शुरू होगा हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

संवाददाता।टाटीझरिया

टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के मंडपा में हनुमान मंदिर में श्री श्री 1008 श्री रूद्र महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है. यहां भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया है. शनिवार सुबह मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो अरघवा नदी होलंग पहुंचेगी.

फिर पूजा-अर्चना के बाद कलश में जल भरवाया जायेगा. फिर कलश यात्रा हनुमान मंदिर मंडपा पहुंचेगी. यज्ञ मंडप में कलशों को स्थापित किया जायेगा. यज्ञ वेदियां, यज्ञशाला और पंडाल आदि का काम पूरा कर लिया गया है. यज्ञ कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 13 अप्रैल से पांच दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ होगा. 13 अप्रैल को जलयात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, महाआरती व आचार्य प्रवचन होगा. 14 अप्रैल को मंडप पूजन, अर्णी मंथन, अग्नि प्रकाट्य, जलाधिवास, महा आरती व प्रवचन होगा. 15 अप्रैल को मंडप पूजन, यज्ञकर्म, अंनाधिवास और प्रवचन होगा. 16 अप्रैल को यज्ञकर्म, देवस्नपन, अंड्गन्यास, नगर भ्रमण, शैय्याधिवास एवं प्रवचन होगा. 17 अप्रैल को यज्ञकर्म, प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, भंडारा एवं रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा. इसमें ग्रामीण पूरे तन मन धन से लगे हुए हैं. नव निर्मित हनुमान मंदिर की वास्तुकला और हनुमान जी की आकर्षक प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा.



## रामनवमी पूजा समिति का गठन, बिरेंद्र बने अध्यक्ष

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के बच्छई पंचायत भवन ग्राम डुमरी में रामनवमी अखाड़ा समिति की बैठक हुई. इसमें बच्छई पंचायत व गोबिन्दपुर पंचायत के सभी रामनवंमी पूजा अखाड़ा समिति, जिसमें ग्राम गोबिन्दपुर, बेलाटांड, मालिकाना, चक, डुमरी, ओबरा व सेवई है, के पदाधिकारी शामिल हुए.

बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष बिरेंद्र रजक व संचालन बसंत साव ने किया. बैठक में निर्णय लिया गया कि विगत 10 वर्षो से रामनवमी मेला लगता आ रहा है. मेला में विधि व्यवस्था बनी रहे. इसे लेकर महा रामनवमी पूजा समिति गठन किया गया. इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुखिया बिरेंद्र रजक, सचिव सहदेव प्रसाद यादव और कोषाध्यक्ष राहुल कुमार साव गोबिन्दपुर चुने गए. यह भी निर्णय लिया गया कि मेला में किसी तरह का दिक्कत न हो इसलिए लाईट, पानी, टेंट और कुर्सी की व्यवस्था की जाएगी. मेले में मनचलों पर पैनी नजर रखने की बात कही गई. बैठक में उपमुखिया संजय साव, वार्ड प्रतिनिधि गणेश भुइयां, किसुन साव, टिंकू कुमार, नकुलदेव रजक, रंजीत गुप्ता, सतेन्द्र यादव, दिनेश यादव, सुरेन्द्र साव, दिनेश शर्मा गोबिन्दपुर, मनोज यादव, राधा रमण गुप्ता, संजय ठाकुर और महेश यादव सहित कई शामिल थे.



## सभी को राम नाम का जाप जरूर करना चाहिए : प्रभु प्रिया नारायणी

संवाददाता। बरकट्ठा

प्रखंड क्षेत्र के कोनहारा कला में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ रही है. कथावाचिका बाल विदुषी प्रभु प्रिया नारायणी उज्जैन के द्वारा दिये जा रहे प्रवचन को सुनने हजारों की संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं. एक ओर जहां अपने प्रवचन से प्रभु प्रिया श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय रासलीला मथुरा-वृंदावन के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम लोगों को आकर्षित कर रही है. अपने कथा प्रवचन में प्रभु प्रिया ने बताया कि राम नाम के जाप से सभी पापों से मुक्ति मिलती है. ग्रंथों में वर्णित है कि भगवान राम अनेकों का उद्धार किये. अनेकों को पाप से मुक्त दिलाये. इसलिए हम सभी को राम नाम का जाप करना चाहिए. यज्ञ समिति के द्वारा प्रतिदिन प्रसाद वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है. वहीं श्रद्धालु मेले में लगे झूला का आंनद उठा रहे हैं. नौ दिवसीय महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति अध्यक्ष ईश्वर यादव, मुकेश यादव, पंकज सोनी, राम अवतार यादव, मुकेश सोनी, मुंशी पासवान, जीवन यादव, महावीर यादव, रामजी पासवान, मनी यादव, छोटी दास, राजकुमार यादव, अरविंद यादव, अरुण सोनी, श्यामलाल सिंह, सचिन प्रजापति, सोनू साव, आशीष यादव, कैलाश पासवान व दिनेश्वर ठाकुर समेत कई लोग अहम भूमिका निभा रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### निषेधाज्ञा लगने के बाद जमीन पर किया कब्जा

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र में जबरन जमीन कब्जा करने का मामला सामने आया है. ताजा मामला बरगढा से है, जहां नरेश कुमार यादव ने कटकमसांडी थाना प्रभारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. आवेदन में बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा निषेधाज्ञा लगने के बाद भी नरेश के खाता नंबर 171/182 प्लॉट नंबर 256, 371, रकबा 41/2डी की जमीन कब्जाने में लगा है. बताया कि रात में महेश यादव, दिनेश यादव, मिनू यादव, नगीया देवी और रंजू देवी ने डंडा, तलवार और हथियार लेकर उक्त जमीन पर मिट्टी भरकर कब्जा कर रहा था. मना करने पर जान से मारने की धमकी दी. इससे नरेश यादव के परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है.

### झरपो में रघु मिष्टान्न भंडार का उद्घाटन

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो में शुक्रवार को चौरंगी मोड़ पर स्थित तिरुपति बाला जी रघु मिष्टान्न भंडार का उद्घाटन किया गया. प्रमुख संतोष मंडल व उप प्रमुख रवि वर्णवाल ने होटल का उद्घाटन फीता काटकर किया. इसके पूर्व होटल संचालक रघुनंदन प्रसाद ने पूजा-अर्चना किया. उद्घाटन के मौके पर इन्होंने कहा कि उनका पहले से इसी मोड़ पर होटल था. पर वह बहुत ही छोटा था. जिसमें ग्राहकों को वे सुविधा नहीं दे पाते थे. इसलिए वे इस स्थान पर होटल को नया रूप दिये हैं. यहां वे सभी प्रकार की चाइनीज और भारतीय नाश्ता व उत्तम भोजन उपलब्ध कराएंगे. यह दूसरों से काफी बेहतर और सस्ती दर में उपलब्ध होगी. कार्यक्रम में महेश अग्रवाल और एमके पाठक मौजूद थे.

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़।** चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने के बाद से आदर्श आचार संहिता लागू है. दैनिक अखबार में "शादी कार्ड में हुई राजनीति की घुसपैठ" शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई थी. इसमें कहा गया कि चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़कीपोना क्षेत्र में रहने वाले पूरण कुशवाहा ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए व्यक्ति विशेष को वोट करने की अपील गृह प्रवेश निमंत्रण कार्ड में अंकित कराया था. आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद लोगों को निमंत्रण कार्ड वितरित किया गया. 27 मार्च 2024 को गृह प्रवेश कार्य संपन्न हो गया. मामले में संज्ञान लेते हुए रामगढ़ जिला प्रशासन ने पूरण कुशवाहा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है.

## पशुपालकों को न तो मिलते हैं अच्छी नस्ल के पशु और न मिलता है सही वजन

# कमीशन के खेल में पशुपालक परेशान





संवाददाता।हजारीबाग

हजारीबाग पशुपालन विभाग इन दिनों सुर्खियों में है. इस विभाग में कर्मचारी सरकार से सैलरी लेते हैं. पर जनता के लिए काम नहीं करते. बल्कि वह वेंडर के लिए काम करते हैं. बता दें कि झारखंड सरकार बेरोजगारी दूर करने के लिए ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ रही है. इसमें पशुपालन, मुर्गीपालन, बत्तखपालन और गौपालन के लिए सामान्य वर्ग को 75% और एसटी व एससी को 90% तक सब्सिडी दे रही है.

इसका लाभ को लेने के लिए मुखिया के माध्यम से पहले आमसभा करवा कर पशुपालन विभाग को आवेदन जमा करना होता है. लोन पास होने के बाद उन्हें सब्सिडी के अनुसार सरकार के खाते में पहले पैसा जमा करना होता है. फिर सरकार के चिन्हित पशु व्यापारी से पशुपालक को अच्छी नस्ल का पशु खरीदना पड़ता है. इसके लिए पशु के अनुसार रेट भी तय है.

जिसमें 15 किलो के नर सूकर के लिए 10,000 रुपये और मादा का 6,000 रुपया है. वहीं पांच सूकर फार्म चलाने के लिए सरकार 60,000 रुपये का लोन देती है. इसमें इंश्योरेंस, डॉग, मग, बाल्टी और चारा लोन के पैसे से ही पशुपालक को खरीदने होता है.

**गड़बड़ घोटाला**

- 15 किलो के नर सूकर के लिए 10,000 रु. मिलता है
- मादा सूकर के लिए छह हजार रुपया दिया जाता है
- इसमें 75% से 90% तक सरकार देती है सब्सिडी
- पांच सूकर फार्म के लिए 60,000 का लोन मिलता है
- घर ले जाने के एक-दो दिन बाद सूकर मर जाता है

### जब पशुपालन विभाग पशु देता है तो वह काफी कमजोर रहता है

इस संबंध में पशुपालक तपेश्वर ने बताया कि विभाग के द्वारा दबाव बनाया जाता है. कहा जाता है कि वेंडर के माध्यम से पशु उपलब्ध करवाया जाएगा. इसमें सस्ता पशु दे दिया जाता है. जिसका वजन तीन-चार किलो होता है. वह हमलोगों को दे दिया जाता है. इसके अलावा इंश्योरेंस, डॉग, बाल्टी और चारा, जिसे अपने मनमुताबिक हमें खरीदनी चाहिए, वह भी विभाग ही दे देती है. जो नहीं होना चाहिए. यह सब कमीशन पाने की वजह से होता है. जब विभाग पशु देता है तो वह कमजोर रहता है. घर ले जाने के एक-दो दिन बाद वह मर जाता है. उन्होंने कहा कि हमें दो-तीन तीन केजी का पांच सूकर पशुपालन विभाग के माध्यम से मिला था. जिसमें एक सूकर की मौत हो गई. अब मृत सूकर का फोटो खींचकर विभाग के चक्कर काट रहे हैं. इसे देखने वाला कोई नहीं है. जबकि इस ध्यान दिया जाना चाहिए, तभी इसका फायदा पशुपालकों को होगा.

### पहले पशु को क्वॉरेंटाइन में रखा जाता है, स्वस्थ होने के बाद किसान को दिया जाता है

इस संबंध में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर न्यूटन तिर्की ने बताया कि सरकार गांव के किसानों को 75 परसेंट से लेकर 90% तक सब्सिडी देती है. उसके लिए पांच सूकर खरीदने के लिए 57,028 रुपये देती है. इसी पैसे से पशु का इंश्योरेंस, बाल्टी, चारा और मग खरीदना है. इसमें एक मेल सूकर का कीमत 10,000 रुपया होता है. फीमेल सूकर का कीमत 6,000 रुपया होता है. जिसका वजन 12 से 15 किलो होता है. किसान को देने से पहले सप्ताह भर पशु को क्वॉरेंटाइन किया जाता है. स्वस्थ होने के बाद किसान को दिया जाता है. अगर किसान खुद से खरीदना चाहता है तो वह सरकार के चिन्हित दुकान में जाकर खरीद सकता है. इसके लिए सरकार ने रांची, चतरा और रांची में पशु व्यापारी को चिन्हित कर रखा है. इसमें कोई परेशानी नहीं है. यह किसान की सुविधा के लिए किया गया है.

### जब खुद से कोई किसान खरीदने की बात करता है तो पदाधिकारी डराते धमकाते हैं

वहीं हजारीबाग पशुपालन विभाग में पशु लेने आए सदर प्रखंड के दुलारी देवी, सरिता देवी और रेखा देवी ने बताया कि हमलोग सूकर व मुर्गी फार्म के लिए आए थे. सब्सिडी के अनुसार सरकार के खाते में पैसे डाल चुके हैं. लेकिन हमलोगों को पशु विभाग खुद से देख कर खरीदने नहीं दे रहा है. वह किसी भी तरह से कमजोर नस्ल वाली पशु दे रहा है. जिसका बाजार में कीमत 1,500 से लेकर 2,000 रुपया है. यह घर ले जाते ही मर जाता है. जब खुद से कोई किसान खरीदने की बात करता है तो पदाधिकारी डराते धमकाते हैं. कहते हैं कि आपको लोन नहीं मिलेगा. यहां तक अधिकारी आमसभा के कागजात को भी झूठा साबित करने लगते हैं. ऐसे में हमें जो पशु देते हैं, वही लेना पड़ता है. इससे हमें परेशानी होती है.

## न्यूज अपडेट

### चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ डीसी की बैठक

**रामगढ़।** लोकसभा निर्वाचन के स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ बैठक की. बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्यों से कहा कि लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन में आप सभी का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है. कहा कि रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों आदि में कार्यरत कर्मियों को मतदान के दिन अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अवकाश दें. इसमें किसी तरह की अवमानना होने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत 135बी सहित अन्य प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी. साथ ही डीसी ने कहा कि मतदान के दिन जो भी व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग कर उनके प्रतिष्ठानों में आए उन्हें किसी भी तरह की सामग्री खरीदने पर आकर्षक छूट दें. इस दिशा में रचनात्मक तरीके से कार्य करने की अपील की.

### प्रदूषण के खिलाफ एकजुट हुए सभी ग्रामीण

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बानहप्पा में प्रदूषण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है. बानहप्पा में वेंकटेश और श्यामली फीड्स हैचरी से हो रहे प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया. ग्रामीणों का आरोप है कि प्रदूषण से पूरा गांव परेशान है. हैचरी से निकले मलवे को पास के ही नदी में डाल दिया जाता है. जिससे काफी बदबू आती है. छोटे-छोटे सभी बच्चे बीमार पड़ रहे हैं. बदबू से न तो कोई खाना खा पाता है और न ही कोई आराम से सो पाता है. उस नदी का पानी पीने एवं नहाने के बाद शरीर में जख्म हो जाता है. कुछ माह पूर्व कई ऐसे पशु व मछली मर चुके हैं. ग्रामीणों ने कहा कि इस हैचरी को बंद करवाया जाए. अन्यथा हमलोग घर ही छोड़ देंगे. जिसकी सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना के एएसआई जितेंद्र भगत दल बल के साथ पहुंचे. मामला को शांत करवाए. उन्होंने कहा कि इस मामले को न्यायालय में दें. आपस में लड़ाई झगड़ा ना करें. आपस में कोई विवाद नहीं करें. वहीं हैचरी के मालिक मनोज मेहता का कहना है कि ऐसी कोई बदबू नहीं आती है. मेरे ऊपर लोग दबाव बना रहे हैं.

### आजसू सुप्रीमो जीत का मंत्र देंगे: विकास

**हजारीबाग।** आजसू पार्टी की शुक्रवार को हज़ारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन को लेकर बैठक हुई. हज़ारीबाग लोकसभा प्रभारी विजय साहू, परमेश्वर महतो, विकास राणा एवं रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने इस बात की जानकारी संयुक्त रूप से दी. केन्द्रीय प्रवक्ता सह लोकसभा प्रभारी विकास राणा न कहा कि ग्राम प्रभारी सम्मेलन में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ग्राम प्रभारियों को जीत का मंत्र देंगे. वहीं आजसू पार्टी गठबंधन धर्म निभाते हुए क्षेत्रीय और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित करेंगे. सम्मलेन में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी होंगे. उनके साथ गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केन्द्रीय उपाध्यक्ष मो हसन अंसारी, केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी होंगे.

## आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शुरू

संवाददाता।हजारीबाग

आस्था और विश्वास का महापर्व छठ विशेष रुप से झारखंड बिहार में साल में दो बार मनाया जाता है. सनातन धर्म में छठ का विशेष महत्व है. साल में दो बार छठ का पर्व मनाया जाता है. पहला चैत्र मास में और दूसरा कार्तिक मास में.

आज से चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान चैत्र शुक्ल चतुर्थी नहाय-खाय से शुरू हो रहा है. छठ करने वाले व्रती आज पवित्र गंगा नदी, जलाशय या अपने घरों में गंगाजल मिलाकर स्नान, पूजा के बाद प्रसाद के रूप में अरवा चावल, सेंधा नमक से निर्मित चना की दाल, लौकी की सब्जी, आंवला की चटनी आदि ग्रहण कर चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लेंगी. पंचांग के अनुसार शनिवार को खरना से 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत होगी. चैती छठ का पर्व 12 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच मनाया जाएगा. जिसकी शुरुआत नहाए खाए के साथ शुरू हो गई है. 14 अप्रैल रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रती अर्घ्य अर्पित करेंगे. शाम 5:20 से लेकर 5:55 बजे तक अर्घ्य अर्पण करने का शुभ समय होगा. इस दिन मिट्टी के चूल्हे पर या ईंट के चूल्हे पर छठी मैया का प्रसाद तैयार किया जाता है. ठेकुआ तैयार किया जाता है. शाम होने के साथ छठ वर्ती के साथ-साथ पूरे परिवार छठ घाट पर पहुंचते हैं. दूसरे दिन सुबह 15 अप्रैल सोमवार को छठ वर्ती उदयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी. इसके साथ ही महापर्व का समापन हो जाएगा. सुबह 5:45 से लेकर के 5:55 बजे तक सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पित करने का शुभ मुहूर्त है.

## यह पुलिया डोमचांच व मरकच्चो प्रखंड के कई गांवों की मुख्य सड़क है

# कोहली नदी पर बनी पुलिया है जर्जर

संवाददाता।कोडरमा

जयनगर-नवलशाही को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर टुडमी स्थित कोहली नदी पर बनी पुलिया जर्जर है. ग्रामीणों ने जर्जर पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है. इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. यह पुलिया जयनगर प्रखंड के अलावा डोमचांच व मरकच्चो प्रखंड के कई गांवों की मुख्य सड़क है. इससे प्रतिदिन छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता रहता है. इसके अलावा उक्त मुख्य मार्ग के पुलिया से बाघमारा व मधवाटांड़ सहित कई निजी विद्यालयों की स्कूली बस गुजरती है.

इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. वहीं जर्जर पुलिया कई राहगीरों को भी अपना शिकार बना चुकी है. किसी का हाथ तो किसी का पैर टूट चुका है. पुलिया जर्जर होने के



अलावा इस पर रेलिंग भी नहीं है. इस कारण भी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. वहीं जर्जर पुलिया के निर्माण को लेकर पूर्व मुखिया हदीस अंसारी, माले नेता असगर अंसारी और सलीम अंसारी ने बताया कि उक्त पुलिया से गुजरने वाली स्कूली बसों को हमेशा दुर्घटना की आशंका रहती है. क्योंकि पुलिया पूरी तरह जर्जर होने के साथ ही संकरा भी है. स्कूली बसों को बहुत सतर्कता से गुजरना पड़ता है. पूर्व में ही पुलिया पर एक स्कूली बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है. बताया कि पुलिया के साथ-साथ रेलिंग का निर्माण नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो सकती है.

**सुने सरकार**

- ग्रामीणों ने जर्जर पुलिया का निर्माण कराने की मांग की
- पुलिया से प्रतिदिन कई वाहनों का आवागमन होता है

## वोलेंटरी ब्लड एसोसिएशन का है आठवां शिविर

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में लगाया गया रक्तदान शिविर

संवाददाता।हजारीबाग

वोलेंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया. थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए अप्रैल माह में आठवां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया. शिविर का शुभारंभ अभिषेक कुमार द्वारा रक्तदान कर किया गया.

तत्पश्चात अशोक कुमार, सनी यादव, मनीष कुमार सिन्हा, अमन बग्गा, गौतम किशोर, शशांक शेखर, चितरंजन कुमार तौफीक, राहुल कुमार, रवि और नागेश्वर महतो ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया. रक्तदान के पश्चात वोलेंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्तदाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया. साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया. गौरव यादव ने कहा कि इस माह में ईद, रामनवमी और सरहुल पर्व को देखते हुए एसोसिएशन ने अध्यक्ष निर्मल जैन के नेतृत्व में निस्वार्थ भाव से लगातार आठवां रक्तदान शिविर लगाकर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित सैकड़ों लोगों को रक्त उपलब्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कई मरीजों के लिए (एबी, ए ,बी,ओ) ग्रुप के नेगेटिव दुर्लभ रक्त की भी व्यवस्था की गई.

## लोस चुनाव डीसी ने लोकसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# नये मतदाता भी मतदान कर सकते हैं : डीसी

संवाददाता।हजारीबाग

हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बैठक की. इसमें मतदाताओं का नाम, निबंधन करने एवं निर्वाचन संबंधी अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया. डीसी ने कहा कि जो मतदाता 18 वर्ष के हो चुके हैं, उन्हें फॉर्म-छह भरना है. कहा कि जो नए मतदाता फार्म-छह भर रहे हैं, वो भी इसी लोकसभा चुनाव में मतदान कर सकते हैं.

विदित हो कि फॉम-छह भरने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल है. साथ ही उन्होंने स्वीप कार्यक्रम को लेकर कहा कि सभी स्कूल, कॉलेज आदि में स्वीप को लेकर जिला प्रशासन द्वारा



वृहद पैमाने पर कार्यक्रम किये जा रहे हैं. रामनवमी के पश्चात इन कार्यक्रमों को किये जाने में और भी तेजी आएगी. जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के प्रति जागरूक हो सकेंगे. मौके पर उन्होंने 14 से 17 वर्ष के बच्चों को मतदान बूथों पर वोलेंटियर्स बनाने के निर्देश दिए. जिससे दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों की सहायता किया जा सके. सभी वोलेंटियर्स के भोजन की व्यवस्था बूथों पर किये जाने को लेकर निर्देश दिया गया. कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इन्हें आईडी कार्ड तथा प्रशस्ति पत्र भी दिये जाएंगे. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिन किन्ही मतदाता का एपिक कार्ड नहीं है, वो किसी भी अन्य 12 प्रकार के प्रमाण पत्रों के माध्यम से मतदान कर सकते हैं, यदि मतदाता का नाम मतदान पत्र में शामिल है तो. कोई भी मतदाता मतदान करने से न छुटे इसके लिए उन्होंने सभी लोगों से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने की अपील की.

**दिये निर्देश**

- रामनवमी के बाद कार्यक्रमों में और भी अधिक तेजी आएगी
- वोलेंटियर्स के भोजन की व्यवस्था बूथों पर ही होंगे

### लाइसेंसी बंदूकधारियों को हथियार जमा करने का दिया गया है नोटिस

**हजारीबाग ।** जिले में चुनाव और रामनवमी को देखते हुए सभी लाइसेंसी बंदूकधारियों को नोटिस दिया गया है. उन्हें एक सप्ताह के अंदर अपने नजदीकी थाना में हथियार जमा करना है. बताया जा रहा है कि हजारीबाग जिले में लगभग 976 लाइसेंस के बंदूक हैं. जिसमें राइफल, पिस्टल और बंदूक शामिल है. यह आंकड़ा आर्म्स कार्यालय का है. इसमें कई लाइसेंसधारी गार्ड की ड्यूटी करते हैं. इसके अलावा प्राइवेट कंपनी के अधिकारियों की सुरक्षा में भी तैनात रहते हैं. आर्म्स मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार ने बताया कि जिले में 979 लाइसेंस जारी है. जिसमें पिस्टल, राइफल और बंदूक शामिल है. सभी को लाइसेंसधारियों को नोटिस भेजा गया है. अब तक 910 लाइसेंसी बंदूक जमा हो चुके हैं.

## जब तक सड़क से डस्ट हटाकर मेटल नहीं बिछाया जाएगा तब तक विरोध जारी रहेगा

# ठेकेदार के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता।हजारीबाग

घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया. मामला इचाक प्रखंड का है. हजारीबाग से जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित नगवां एनएच 33 टू इचाक बाजार भाया चंदवारा सड़क के निर्माण में संवेदक की मनमानी और गुणवत्ता में कमी को लेकर पांच गांव के ग्रामीणों ने सड़क पर उतर कर नारेबाजी की.

साडम, भुसाई, चंदवारा, पारटांड़ और धरमू गांव के ग्रामीणों ने संवेदक पर सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया. कहा कि हमलोग सड़क निर्माण को लेकर रांची तक दौड़ लगाए. बहुत मुश्किल से सड़क का निविदा जारी हुआ है. अब जब सड़क निर्माण हो



रहा है तो संवेदक जैसे-तैसे कार्य कर निकलना चाह रहा है. मेटल की जगह डस्ट सड़क पर बिछा दिया जा रहा है. सारा कार्य रात के अंधेरे में किया जा रहा है. ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक मिस्त्री से लेकर मजदूर तक बाहर से लेकर आया है. जो हमलोगों की बात नहीं सुनता है. जब तक सड़क से डस्ट को हटाकर मेटल नहीं बिछाया जाएगा तब तक विरोध जारी रहेगा. इससे पहले संघर्ष समिति की बैठक साडम गांव में हुई. बैठक में सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने की बात कही गई. उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार सड़क पर पानी भी नही डलवाता है. जिससे धूल इतना उड़ता है कि सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है. उड़ती धूल से लोगों को परेशानी हो रही है.

## ब्रीफ खबरें

### गिरफ्तार वारंटी बिहार पुलिस के हवाले किया

तिसरी (गिरिडीह)। लोकायनयनपुर थाना क्षेत्र के थानसिंहडीह ओपी पुलिस ने बिहार के खैरा थाना के वारंटी अभियुक्त सुभाष यादव को शुक्रवार को गिरफ्तार कर बिहार पुलिस को सुपुर्द कर दिया है. बताया जाता है कि थानसिंहडीह के ढोंगाचट्टी निवासी सुभाष यादव बिहार के खैरा थाना में वर्ष 2012 के कांड में नामजद अभियुक्त था. उसके विरुद्ध जमुई न्यायालय से वारंट व कुर्की जब्ती भी की थी. वह लम्बे समय से फरार चल रहा था, इसी बीच गुप्त सुचना के आधार पर थानसिंहडीह ओपी प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह के नेतृत्व में उसे गिरफ्तार किया गया.

### गावां में जल संकट से जूझ रहे हैं बच्चे

गावां (गिरिडीह)। गावां प्रखंड स्थित अमतरो पंचायत के उमवि धनेता में पेयजल के अभाव में बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. विद्यालय कैम्पस में एक चापाकल है. जिसे काफी चलाने के बाद आयरन युक्त लाल रंग का पानी निकलता है, जो पीने लाइक नहीं है. विद्यायल में सबसे अधिक परेशानी मध्याह भोजन बनाने में हो रहा है. विद्यालय के रसोइया को दूर से पानी लाकर खाना बनाना पड़ता है. जिससे काफी परेशानी होती है. विद्यालय के अध्यक्ष बिनोद यादव ने कहा कि मामले में पंचायत के मुखिया से शिकायत की गई है. उन्होंने विद्यालय में नई बोरिंग का आश्वासन दिया है.

### 'मोदी ने महिलाओं को ठगने का काम किया है'

गावां (गिरडीह)। सोइया संघ की राज्य महासचिव गीता मंडल ने कहा है कि मोदी सरकार ने महिलाओं को सिर्फ ठगने का काम किया है.गावां प्रखंड अंतर्गत पटना पंचायत में शुक्रवार को भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य सकलदेव यादव के नेतृत्व में रसोइया संघ की बैठक के दौरान यह बात कही. बैठक की अध्यक्षता रसोइया संघ प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी एवं संचालन सचिव हसीना खातून ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए गीता मंडल ने कहा कि यह योजना केंद्र की है. मगर जब से मोदी प्रधानमंत्री बने हैं रसोइया को अच्छा वेतन भी नहीं दिया.

### नहाय खाय के साथ चैती छठ पूजा शुरू

पीड़टाड़ (गिरडीह)। पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को नहाए खाए के साथ चैती छठ पूजा शुरू हो गई . चैती छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हुआ. छठ व्रती स्नान कर घरों में पूजन करने के बाद अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, लौकी की सब्जी, आंवला की चटनी आदि ग्रहण कर चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लेती है .

### हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ी लोगों की भीड़

गावां (गिरिडीह)। गावां प्रखंड स्थित पिहरा पूर्वी पंचायत के मानपुर गांव में चल रहे हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में प्रतिदिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा और प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. वहीं रात में प्रवचन सुनने के लिए भी काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं. गुरुवार की रात में प्रवचन प्रस्तुत करते हुए कृष्णेहा दामोदर ने कहा कि भगवान को सच्ची भक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है. जिनका मन निर्मल होता है. वही भगवान के कृपा को प्राप्त कर पाते हैं. उन्होंने ज्ञान वराग्य धराजा प्रक्षीत के प्रसंगों के माध्यम से कथा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला.

भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में चलाया जनसंपर्क अभियान

# मोदी सरकार को बताया किसान-मजदूर व युवा विरोधी

संवाददाता। गिरिडीह



**खास बातें**
- भाजपा सरकार की नीतियों से जनता परेशान
- माले ने विनोद सिंह को जिताने की अपील की

भाकपा माले की ओर से शुक्रवार को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत महेशलुंडी पंचायत में इंडिया समर्थित प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में जन संपर्क अभियान चलाकर उन्हें जिताने की अपील की. मौके पर अपने संबोधन में पार्टी नेता राजेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से देश की जनता परेशान हो चुकी है.

खासकर मोदी सरकार को वोट देने वाले करोड़ों गरीब इस सरकार द्वारा थोपी गई महंगाई और बेरोजगारी की नीतियों से तबाही के कगार पर पहुंच चुके हैं. इसलिए भाजपा को हराना इस देश के आम लोगों की प्राथमिकता बन चुकी है. उन्होंने दोहराया कि भाजपा लुटेरी कंपनियों द्वारा दिए गए नाजायज चंदे के बूते चुनाव लड़ रही है, तो इसके जवाब में भाकपा माले जनता से लिए जा रहे प्रति घर 20 रुपए के सहयोग से चुनावी मैदान में है. जीत जनता की होगी. उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की. जन संपर्क के दौरान लोगों ने माले प्रत्याशी के लिए सहयोग के साथ वोट देने का भी एलान किया. मौके पर मुख्य रूप से कन्हैया सिंह, बासुदेव दास, कान्हु दास, भोला दास, इंदर दास, मोहन दास, कैलाश दास, चंद्र कुमार दास, लक्ष्मण दास, नागेश्वर दास, दुलारचंद दास, लालजीत दास, उमेश दास, गिरजा दास, बलदेव दास, अजय दास, रामप्रसाद दास, बबलू दास सहित अन्य मौजूद थे.

# बिनोद सिंह इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार नहीं हैं : निजामुद्दीन

संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सह धनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने एक बयान देकर राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दी है. उन्होंने कहा है कि विनोद सिंह कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के घोषित उम्मीदवार नहीं हैं. उक्त बातें उन्होंने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से जय प्रकाश वर्मा को प्रबल दावेदार मानते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन द्वारा विनोद सिंह को उम्मीदवार घोषित किए जाने के फैसले पर महागठबंधन के शीर्ष नेताओं को गहरा मंथन करने की जरूरत है, क्योंकि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए को हराने वाले एकमात्र प्रबल उम्मीदवार जयप्रकाश वर्मा हीं हैं.

उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से उनलोगों को अभी तक ऐसा कोई आदेश नहीं मिला है, उम्मीद है कि जयप्रकाश वर्मा को उम्मीदवार बनाया जा सकता है. यदि महागठबंधन इस लोकसभा क्षेत्र में सही उम्मीदवार नहीं दे सकता है तो यह दुर्भाग्य की बात है.

मालूम हो कि गुरुवार को तिसरी में आयोजित सरहुल पर्व के कार्यक्रम में माले से बगोदर विधायक विनोद सिंह और धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने झारखंड में बतौर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किए गए कार्यों की ढेरों सराहनाएं की. मौके पर पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी भी पहुंचे थे लेकिन कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही वे वहां से निकल गए.

चतरोचट्टी में पुल निर्माण कार्य में लगी है जेसीबी

# नक्सलियों ने की चालक की पिटाई, क्षेत्र में दहशत

**खास बातें**
- घटना 11 अप्रैल की रात की बतायी जा रही है
- रात नौ बजे नक्सलियों का जत्था पहुंचा था

संवाददाता। कथारा (बोकारो)

बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में बीती रात नक्सलियों द्वारा पुल निर्माण में लगे एक जेसीबी मशीन के चालक की पिटाई का मामला सामने आया है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना 11 अप्रैल की रात की है. बता दें कि चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की सीधावारा पंचायत के खखंडो गांव के समीप मोतियानाला में पुल का निर्माण किया जा रहा है. गुरुवार की रात लगभग नौ बजे नक्सलियों का जत्था हथियारों से लैस होकर उक्त पुल के निकट पहुंचा और काम करा रहे मुंशी को खोजने लगा. उस समय मुंशी वहां मौजूद नहीं था. कार्यस्थल पर जेसीबी मशीन का चालक था. नक्सलियों ने चालक को मुंशी से बात कराने को कहा. चालक ने मुंशी का नंबर नहीं होने की बात कही, तो उसके साथ मारपीट की गई. इसके बाद नक्सलियों ने धमकी दी और चले गए.नक्सलियों की संख्या सात से आठ के करीब थी.



गोमिया में कार्यस्थल पर मौजूद जेसीबी.

## ग्रिल उखाड़कर चोरों ने लाखों की नगदी समेत अन्य सामान उड़ाए

गोड्डा। गोड्डा मुफ्फसिल थाना अंतर्गत ग्राम पैरडीह में बीते रात्रि चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम देते हुए लाखों की नगदी समेत अन्य सामान की चोरी कर ली. गृह स्वामी रवि कुमार झा के अनुसार घर के लोग मंदिर गए हुए थे. देर रात करीब बारह बजे लौटकर घर आए और खाकर सो गए. कुछ ही देर में नींद आ गई. सुबह जब आंख खुली तो देखा कि कमरे में लगी खिड़की का ग्रिल काटकर चोर ने सामान पर हाथ साफ कर दिया है. चोरी गए सामानों में नगदी तीन लाख रुपया जो एक दिन



पहले ही बैंक से निकालकर लाए गए थे. वह पैसा ट्रंक में सबसे नीचे रखे हुए थे. उस जगह पर भी खोजकर पैसे को निकाल लिया. ऐसा लगता है कि चोर को पैसे निकाल कर घर पर रखे जाने की जानकारी पहले से थी और ठीक उसी ट्रंक पर हाथ साफ किया. इसके अलावा बाहरी पॉकेट में रखा करीब पंद्रह सौ रुपया और बर्तन को लेते गए. कटा हुआ ग्रिल बाहर खेत में फेंका हुआ था. चोरी की सूचना थाना को दिए जाने के बाद पुलिस नहीं पहुंच थी.

# उपायुक्त ने जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक कर दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता। गिरिडीह

शुक्रवार को समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई. जिसमें उन्होने जानकारी दी कि डीएलएमसी की अगली बैठक 15 अप्रैल को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गिरिडीह की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी. जिसके पूर्व प्रासंगिक तीन बैठकों में लिए गए निर्णय के अनुपालन प्रतिवेदन को लेकर आज की यह बैठक की जा रही है. इस



दौरान सभी संबंधित अधिकारियों से पूर्व की बैठक में लिए गए अनुपालन प्रतिवेदन की मांग की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. इसके अलावा बैठक में कोर्ट परिसर की सुरक्षा, नए कोर्ट वाले चयनित स्थल, बगोदर अनुमंडल मुख्यालय में भी कोर्ट परिसर के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. साथ ही जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और बाल संरक्षण पदाधिकारी से पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रतिवेदन की मांग की गई.

बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा, वन प्रमंडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता उपस्थित थे.

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोप

गोड्डा/पथरगामा। आगामी लोस आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत विभिन्न कांडों में फरार चल रहे वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों के गिरफ्तारी एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए लगातार छापामारी की जा रही है. जिसके अंतर्गत शुक्रवार को पथरगामा पोक्सो एक्ट 4/6 के प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया. नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के इस आरोपी की गिरफ्तारी बिहार के बांका जिला अंतर्गत बौसी थाना क्षेत्र के ग्राम बभनगामा से की गई. गिरफ्तार अभियुक्त ऋतिक भारती (25) जो कांड में वांछित था घटना के बाद से मामले में फरार चल रहा था. अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में कोर्ट भेज दिया गया.

# मोदी की नीतियों के कारण ही भारत का डंका : अन्नपूर्णा



संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)

गुरुवार को कोडरमा लोकसभा प्रत्याशीअन्नपूर्णा देवी ने गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान सांसद ने महेशमुंडा , कोरीडीह , मरगोडीह , दासडीह , मोहनडीह , बेलडीह , मोहदा मोड़ , बुधुडीह सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया.
जनसंपर्क अभियान में उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील किया.

जनसंपर्क अभियान के दौरान दासडीह में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव में आप सभी बढ़-चढ़ कर भाग ले .सांसद ने कहा कि नरेन्द्र मोदी दो बार प्रधानमंत्री बनकर देश में कई योजनाओं की शुरुआत की है. प्रधानमंत्री की विदेश नीतियों के कारण ही विश्व में भारत का डंका बज रहा है . कोरोना काल में उन्होंने पूरे देश को संभाला.

# परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चे सम्मानित



संवाददाता। कथारा (बोकारो)

बोकारो जिले के तेनुघाट स्थित किरण बेबीज पाराडाइज विद्यालय में वार्षिक परीक्षा उतीर्ण एवं अव्वल स्थान प्राप्त करनेवाले बच्चों के बीच विद्यालय समिति एवं प्राचार्या के द्वारा शुक्रवार को विद्यार्थियों के बीच पारितोषिक वितरण किया गया. इस दौरान बच्चों के अभिभावक समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे. इस दौरान पारितोषिक वितरण के बाद विद्यालय की प्राचार्या अनु प्रिया ने कहा कि बच्चों को प्रोत्साहित करने को लेकर यह पारितोषिक वितरण किया जा रहा है. यह जानकारी मिलने पर सभी बच्चे अव्वल नंबर से पास करने की कोशिश करेंगे. समिति के सदस्य संजय अम्बष्ट, पूर्व शिक्षिका किरण प्रिया और प्राचार्या अनु प्रिया के द्वारा प्रिंशी, आशिता, प्रधान, सुरभि, प्रणव्य, रौनक, अंकुश, नैनसी, अनुभव, वैभव, आरव, दीपांजलि, साहिल, प्रियांशु, राम्या, रिशु, युवराज, सलोनि, सांची, वैष्णवी, दिव्यांशु, स्मृति, अनंत, यशराज, स्वेता, आकांक्षा, सौरव, सुप्रिया, कुणाल, नक्ष को सम्मानित किया गया.

### गायब युवक की स्कूल के पीछे जंगल में मिली लाश

गोड्डा/महगामा। महगामा अनुमंडल मुख्यालय स्थित जय नारायण उच्च विद्यालय के चहारदीवारी के पीछे स्थित जंगल से युवक की लाश मिली है. मृतक युवक की पहचान महगामा अनुमंडल मुख्यालय के हरिजन टोला निवासी संदीप कुमार (25) के रूप में हुई है. मृतक की शादी पिछले वर्ष हुई थी. इनको एक बच्ची भी है. मृतक के पिता के अनुसार उसका लड़का गुरुवार की शाम ही घर से निकला था. देर शाम घर नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन की जाने लगी. सभी संभावित ठिकानों पर तलाशी की गई पर कोई पता नहीं चला. रिश्तेदारों से भी संपर्क किया गया. जब कोई जानकारी नहीं मिली तब थाने में भी खबर की गई. सुबह लोगों ने सूचना दी कि हाईस्कूल और कस्तूरबा विद्यालय के पीछे जंगल साइड में एक युवक की लाश मिली है. वहां बहुत भीड़ लगी थी. संदीप की लाश औंधे मुंह पड़ी हुई थी. जिसके चेहरे पर जख्म का निशान थे.

# खंडोली डैम में मिला युवक का शव

संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)



**खास बातें**
- दो दिन पूर्व टोटो लेकर निकला था घर से
- परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है

बेंगाबाद थाना अंतर्गत स्थित गिरीडीह का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खंडोली डैम में एक युवक का शव पानी में तैरतापाया गया है. मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के भण्डारीडीह के रहने वाले 19 वर्षीय मो तंजील अंसारी के रूप में हुई. बेंगाबाद पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. बताया गया कि मृतक टोटो चलाने का काम करता था. बुधवार की सुबह वह अपने घर से टोटो लेकर निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा. मृतक के पिता भण्डारीडीह निवासी मो शमशाद और उसके बड़े भाई तौहीद ने घटना को लेकर हत्या की आशंका जताई है. उन्होंने बताया कि तंजील के लापता होने के बाद बुधवार की रात नगर थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया था. शुक्रवार को उसका शव खंडोली डैम में तैरता हुआ पाया गया. इधर शुक्रवार को लोगों द्वारा डैम में शव देखने के बाद खंडोली स्थित पुलिस पिकेट में सूचना दी गई. जिसके बाद मामले की सूचना बेंगाबाद थाना को हुई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डैम से निकाला गया. शव को पोस्टमार्टम में गिरीडीह भेजने के बाद उसकी पहचान की जा सकी. बताया गया कि मृतक का टोटो और मोबाइल फोन भी मौके पर से बरामद किया गया है.

## पुलिस ने नाबालिग लड़की का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

साहिबगंज। शुक्रवार को बरहेट थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की का शव बरहेट थाना लाया गया, जिसे पोस्टमार्टम के लिए थाना पुलिस ने साहिबगंज भेज दिया है. इस संबंध में नाबालिग के पिता ने बताया गुरुवार रात करीब आठ बजे किसी ने लड़की को फोन कर मेला जाने की बात कही थी. जिसके बाद लड़की एक लोटा लेकर घर से बाहर गई थी. काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तब खोजबीन शुरू की गई. लेकिन उसका कोई पता नहीं चला. शुक्रवार की सुबह लगभग 7:00 बजे लड़की गंभीर स्थिति में घर पहुंची और खाट पर लेट गई. पूछने पर वह कुछ भी नहीं बता पा रही थी. इसी क्रम में उसकी मौत हो गई. बताया गया कि इसके बाद मामले की जानकारी बरहेट थाना पुलिस को दी गई. फिर पुलिस पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई. इसके साथ ही आशंका व्यक्त की जा रही है कि लड़की के साथ तीन-चार लड़कों ने सामूहिक दुष्कर्म कर जान से मारने का प्रयास किया. लेकिन लड़की किसी तरह भागने में सफल रही और घर में आकर दम तोड़ दी. इधर इस मामले को लेकर पुलिस आवश्यक कार्रवाई के लिए छानबीन मे जुट गई है.

**बोकारो**

स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने जारी की एडवाइजरी

# लू से सावधान रहने की जरुरत है: उपायुक्त

संवाददाता। बोकारो

अप्रैल में ही तापमान बढ़ने के साथ हीं लू चलने लगी है. इस मौसम में बच्चों से लेकर वृद्धों को बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, मिर्गी का दौरा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सांस व दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना जैसी परेशानी हो सकती है. स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने आमजनों को लू से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है. खानपान से लेकर आवाजाही में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है. इस बाबत शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव



ने कहा कि अचानक तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है. लू और अधिक गर्मी को देखते हुए जिलावासी सावधानी बरतें. जिले के तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है. जरा सी असावधानी और लापरवाही लू की चपेट में आने का कारण हो सकता है और इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं. इसलिए जिलावासी स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के दिशा निर्देशों का अनुपालन करें.

## तुरंत चिकित्सकों से संपर्क करें

उपायुक्त ने किसी भी तरह की स्वास्थ्य परेशानी होने पर तत्काल निकटतम उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडल अस्पताल, सदर अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकों से संपर्क करने को कहा है. सभी केंद्रों में पर्याप्त मात्र में ओआरएस पाउडर व अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध है. लू एवं गर्म हवाओं से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि गर्म हवा के कारण स्वास्थ्य पर मौसम के दुष्प्रभाव से शरीर में पानी की कमी, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना, हृदयघात, मस्तिष्कघात कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण दिख सकते हैं. ऐसे लक्षण दिखने पर मरीज को समय समय पर ओआरएस का घोल पिलाते रहना चाहिए. ऐसे लक्षण वाले मरीज गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं, घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकले, लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हो तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें, ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं, लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं.

मतदाता जागरूकता को लेकर खैराचातर में निकाली रैली

# मतदाताओं से की मतदान की अपील

संवाददाता। कसमार (बोकारो)

कसमार प्रखंड के खैरचातर में शुक्रवार को कसमार सीओ सुरेश कुमार सिन्हा व बीडीओ अनिल कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई. इस रैली में राजकीय मध्य विद्यालय, खैराचातर के विद्यार्थी भी शामिल हुए. रैली के दौरान 25 मई को सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई. बच्चों ने मतदान से संबंधित नारे भी लगाए.

बीडीओ अनिल कुमार ने कहा कि खैराचातर में पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम रहा है. उसी को ध्यान में


जागरूकता रैली में शामिल बीडीओ, सीओ व अन्य.

रखते हुए यहां विशेष तौर पर जागरूकता रैली निकाली गई, ताकि मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित और जागरूक कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके. सीओ सुरेश सिन्हा ने खैराचातर के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि मतदान करना मतदाताओं का केवल अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है. इसलिए हर मतदाता को हर हाल में अपने मतदान का उपयोग करना चाहिए. मौके पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, सेविका, सहायिका, शिक्षक शिक्षिकाएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे.

# असली सवाल ही मुद्दे

चुनावी सर्वेक्षणों की साख और पारदर्शिता सवालों के घेरे में रही है. बावजूद इसके देश के मूड को समझने का यह एक वैज्ञानिक जरिया भी है. एक ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक जनता की सबसे बड़ी चिंता बेरोज़गारी और महंगाई है, लेकिन क्या जनता वोट देते समय अपनी चिंताओं को प्राथमिकता देगी? आमतौर पर वोट देते समय जनता पहले जाति-धर्म देखती है, फिर उम्मीदवार से नातेदारी. आखिर नंबर पर आता है विचार. इस सर्वे से यही पता चलता है कि एंटी इंकबेंसी तो है. लेकिन बड़ा सवाल है कि विपक्ष इस असंतोष को कितना भुना पाएगा?. सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण के अनुसार मतदाताओं की सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी है. 27 फ़ीसदी लोगों ने बेरोजगारी को मुद्दा बताया. महंगाई दूसरा बड़ा मुद्दा उभरकर सामने आया है. इसमें महंगाई को 23%, विकास को 13%, भ्रष्टाचार को 8%, अयोध्या में राम मंदिर को 8%, हिंदुत्व को 2%, भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को 2% और आरक्षण को 2% लोगों ने सबसे बड़ा मुद्दा बताया. अन्य उत्तर 9% आए और 6% लोगों ने कहा कि मुद्दा पता नहीं. यानी हिंदुत्व कार्ड अभी तक प्रमुखता हासिल नहीं कर पाया है. लोग आर्थिक सवालों को ले कर परेशानहाल दिख रहे हैं. सीएसडीएस-लोकनीति ने द हिंदू के साथ मिलकर सर्वे किया है. चुनाव पूर्व इस सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से लगभग दो तिहाई यानी क़रीब 62% ने कहा है कि नौकरियां पाना अधिक मुश्किल हो गया है. ऐसा मानने वाले शहरों में 65% हैं. गाँवों में 62% और कस्बों में 59% लोग शामिल हैं. 59% महिलाओं की तुलना में 65% पुरुषों ने यह राय साझा की. केवल 12% ने कहा कि नौकरी पाना आसान हो गया है. 67% मुसलमानों ने कहा कि नौकरी पाना मुश्किल हो गया है, यह संख्या अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के हिंदुओं में 63% और अनुसूचित जनजाति की 59% है. जब लोगों से यह सवाल पूछा गया कि क्या नौकरियां पाना आसान था? हिंदू उच्च जातियों के 17% लोगों ने कहा कि यह आसान है. लेकिन इसी समूह के 57% ने महसूस किया कि नौकरियां पाना अधिक मुश्किल हो गया है. सर्वेक्षण के अनुसार 21 फीसदी लोग केंद्र को और 57 फीसदी लोग केंद्र व राज्य दोनों को नौकरी के अवसरों को कम करने के लिए जिम्मेदार मानते हैं. महंगाई के मुद्दे पर भी केंद्र को 26%, राज्य को 12% और दोनों को 56% लोग ज़िम्मेदार मानते हैं. 2019 के चुनाव बाद सर्वेक्षण में 11 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी को मुद्दा बताया था, जो अब बढ़कर 2024 के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में 27% हो गया है. मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा तैयार भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 में कहा गया है, 'भारत में बेरोजगारी मुख्य रूप से युवाओं, विशेष रूप से माध्यमिक स्तर या उससे अधिक शिक्षा वाले युवाओं के बीच एक समस्या थी और यह समय के साथ बढ़ती गई. 'रिपोर्ट के अनुसार भारत के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं और कुल बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65.7% है.

> चुनाव पूर्व इस सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से लगभग दो तिहाई यानी क़रीब 62% ने कहा है कि नौकरियां पाना अधिक मुश्किल हो गया है. ऐसा मानने वाले शहरों में 65% हैं. गाँवों में 62% और कस्बों में 59% लोग शामिल हैं. 59% महिलाओं की तुलना में 65% पुरुषों ने यह राय साझा की.

## सुभाषित

**नाक्षरं मंत्रहीनं नमूलंनौषधिम्।**
**अयोग्य पुरुषं नास्ति योजकस्तत्रदुर्लभः ॥**

ऐसा कोई भी अक्षर नहीं है जिसका मंत्र के लिए प्रयोग न किया जा सके. ऐसी कोई भी वनस्पति नहीं है जिसका औषधि के लिए प्रयोग न किया जा सके और ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है, जिसका सदुपयोग न किया जा सके, किन्तु ऐसे व्यक्ति अत्यन्त दुर्लभ हैं जो उनका सदुपयोग करना जानते हों.

# लोकतंत्र बचाओ बनाम भ्रष्टाचार

**दुमका में आपस में उलझाए गये नलिन सोरेन और सीता सोरेन झामुमो में थे, जबकि हजारीबाग में उतारे गये जेपी पटेल और मनीष जायसवाल भाजपा में थे. सात मर्तबा मंत्री रह चुकीं जोबा मांझी को झामुमो ने सिंहभूम सीट से टिकट दिया है, तो झामुमो के प्रथम पुरुष शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन मंत्री नहीं बनाये जाने के संताप में भी भाजपा का दामन थाम दुमका में चुनौती पेश कर रही हैं. इतने सारे विधायकों को सांसद का चुनाव लड़वाने का मतलब क्या है?**



इस बार के लोकसभा चुनाव का मोटामोटी मुद्दा है, लोकतंत्र बचाओ बनाम भ्रष्टाचार. इंडिया ब्लॉक लोकतंत्र 'बचाने' में लगा है तो एनडीए भ्रष्टाचार 'मिटाने' में. उसकी डिक्शनरी में भ्रष्ट वे ही हैं, जो उसके साथ नहीं हैं, जबकि इंडिया वाले मोदी-शाह को तानाशाही का प्रतीक बताते चल रहे हैं. झुंझुनू के भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी महोदय यहां तक कहते देखे-सुने गये कि जो हिंदू है, जो धार्मिक है, वह अगर मोदी के खिलाफ वोट डालता है तो वह देशद्रोही है. घोषणापत्रों और राजनेताओं की बोली-ठिबोली को एक ओर रख, यही मौका है, आप राष्ट्र के पहरुओं को सवालों के घेरे में खड़े करें. इससे कोई अंतर नहीं पड़ता कि लोकसभा चुनाव में विधायक या राज्य के मंत्री से सवाल क्यों? आखिर वे भी तो अपने दल के लोकसभा प्रत्याशी के लिए वोट मांगने आते हैं. इस मणिकांचन योग में उनसे अपने क्षेत्र, राज्य और देश के सवाल कर लीजिए. अपने व्यक्तिगत जीवन में आये बदलावों पर भी सवाल दागें. वोट चाहे जिसे दें, हर वोट-मंगुआ से सवाल जरूर करें. वे दलों के बंधन में बंधे हैं, आप तो नहीं. अपने प्रत्याशी को परखने का इससे बेहतर मौका नहीं मिलनेवाला. क्या आपने नहीं देखा कि कई साल किसी दल में रहकर सीखने और अपना महत्व बढ़ाने के बाद पल भर में वे पाला बदल लेते हैं. बात आगे बढ़े, इसके पहले कुछ खबरों पर गौर कर लें.

-3 अप्रैल : रांची में देह व्यापार में गिरफ्तार एनएसयूआई का राष्ट्रीय सचिव भेजा गया जेल.

- 4 अप्रैल : बस से गया से कोलकाता ले जाया जा रहा 1.09 करोड़ कैश बगोदर में जब्त.


-5 अप्रैल : 2.70 करोड़ रुपये मूल्य के 1600 किलो डोडा के साथ राजस्थान के दो अफीम तस्कर रांची में गिरफ्तार, 11.50 लाख कैश और कार जब्त. रांची के अलग-अलग क्षेत्रों में ढाई लाख के गांजा, 300 ग्राम गांजा, ब्राउन शुगर और पिस्टल संग पांच गिरफ्तार. पलामू के चौखड़ा-छतरपुर में 50 लाख रुपये मूल्य की 1000 पेटी अवैध शराब जब्त.

- 6 अप्रैल : रांची में 1.2 किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार.

- आठ अप्रैल : रांची के हरमू चौक से दो लाख का गांजा जब्त, दो बंदी. चतरा जिले के महुदा-ईटखोरी में 10 करोड़ रुपये मूल्य की 204 किलो अफीम जब्त. राजपुर थाना के मंझौली-बाराबागी गांव में ब्राउन शुगर बनाने की फैक्ट्री मिली, जिसमें ब्राउन शुगर बनाने वाला 25 किलो पाउडर भी मिला, दो गिरफ्तार. इसके पहले 2 अप्रैल को कुंदा व लावालौंग में 41 किलो अफीम और 105 किलो डोडा जब्त, चार बंदी. पांच मार्च को चतरा सदर थाना के ऊंटा गांव में तीन किलो अफीम जब्त, दो बंदी.

-खबर यह भी है कि झारखंड में साल भर में सात करोड़ रुपये की प्रतिबंधित नशीली दवाएं जब्त की गईं और साल भर में ही साइबर अपराधियों ने राज्य के 10,040 लोगों से 6,788 लाख रुपये ठगे.

**• देश-काल**



**श्याम किशोर चौबे**

ये घटनाएं सुर्खियां बनीं. बहुतेरी घटनाएं तो पता ही नहीं चल पातीं. ये घटनाएं समाज में अपराध और नशे की कहानी हैं. सिविल सोसाइटी, पुलिस, नौकरशाह और राजनेता लंबी ताने रहते हैं.

भाजपा के राज्य प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी धनबाद में दागी प्रत्याशी बनाने के सवाल पर 6 अप्रैल को जमशेदपुर में यूपी के दल विशेष की मां-बहन पर उतर आये. विकसित कहे जाने वाले गुजरात के राजकोट में भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला द्वारा राजपूत समाज पर विवादित टिप्पणी की गई. बाद में उन्होंने माफी मांगी. इधर झारखंड में धनबाद से लगातार तीन बार के सांसद पीएन सिंह और चतरा से दो बार के सांसद सुनील सिंह का टिकट काटकर अन्य जाति के उम्मीदवार देने से राजपूतों में नाराजगी. राजनीतिक घटनाओं में जातिवादी बू भी आती है. सार्वजनिक रूप से बात इसके ठीक उलट की जाती है. इसलिए चुनावी मौके पर प्रत्याशियों से सवाल जरूर करना चाहिए, शायद उनकी आंख खुले.

महज 14 सीटोंवाले झारखंड की चुनावी कहानी. छह सीटों पर आठ विधायक उतारे गये. दो अन्य, निर्दलीय सरयू राय धनबाद से और झामुमो के लोबिन हेम्ब्रम बागी बन राजमहल से ताल ठोंकने के मूड में. दुमका और हजारीबाग में इंडिया ब्लॉक और एनडीए से एक-एक विधायक दिये गये, जो हाल-हाल तक एक ही दल में थे. दुमका में आपस में उलझाए गये नलिन सोरेन और सीता सोरेन झामुमो में थे, जबकि हजारीबाग में उतारे गये जेपी पटेल और मनीष जायसवाल भाजपा में थे. सात मर्तबा मंत्री रह चुकीं जोबा मांझी को झामुमो ने सिंहभूम सीट से टिकट दिया है, तो झामुमो के प्रथम पुरुष शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन मंत्री नहीं बनाये जाने के संताप में भी भाजपा का दामन थाम दुमका में चुनौती पेश कर रही हैं. इतने सारे विधायकों को सांसद का चुनाव लड़वाने का मतलब क्या है? उनको तरक्की दी जा रही है या सभी दलों में योग्य प्रत्याशियों का टोटा है? संगठन चलानेवाले जवाब दें. इस बार के चुनाव में दलबदलुओं की बहार है, जबकि सिंहभूम से गीता कोड़ा, दुमका से सीता सोरेन, हजारीबाग से जेपी पटेल और पलामू से ममता भुइयां ताजा-ताजा दल बदलकर मैदान में हैं. पांच सीटों पर इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी अभी बाकी ही हैं. पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुखदेव भगत लोहरदगा में और पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ताला मरांडी राजमहल में किस्मत आजमा रहे हैं. देखते हैं, किसकी अध्यक्षी में दम था.

**• बोधि-वृक्ष** सुज्ञ



## अनर्थक जड़-ज्ञान

ज्ञान का सही अर्थ यही है, जो मनुष्य को हर समय सचेत करे और सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता रहे. भले बुरे का निर्णय सहज ही करने में सहयोग करे और विवेक को जाग्रत बनाये रखे. उस ज्ञान का कोई अर्थ नहीं, जिसके साथ बुध्दि, विवेक, सजगता और सावधानी न हो.

हंसः श्वेतो बकः श्वेतो को भेदो बकहंसयोः.
नीरक्षीरविवेके तु हंसः हंसो बको बकः ॥

रामकृष्ण परमहंस ने अपने शिष्यों से वार्तालाप में एक बार बताया कि ईश्वर द्वारा बनायी गयी इस सृष्टि के कण-कण में परमेश्वर का वास है. अतः प्रत्येक जीव के लिए हमें अपने मन में आदर एवं प्रेम का भाव रखना चाहिए. एक शिष्य ने इस बात को मन में बैठा लिया. कुछ दिन बाद वह कहीं जा रहा था. उसने देखा कि सामने से एक हाथी आ रहा है. हाथी पर बैठा महावत चिल्ला रहा था - सामने से हट जाओ, हाथी पागल है. वह मेरे काबू में भी नहीं है. शिष्य ने यह बात सुनी; पर उसने सोचा कि गुरुजी ने कहा था कि सृष्टि के कण-कण में परमेश्वर का वास है. अतः इस हाथी में भी परमेश्वर होगा. फिर वह मुझे हानि कैसे पहुंचा सकता है? यह सोचकर उसने महावत की चेतावनी पर कोई ध्यान नहीं दिया. जब वह हाथी के निकट आया, तो परमेश्वर का रूप मानकर उसने हाथी को साष्टांग प्रणाम किया. इससे हाथी भड़क गया. उसने शिष्य को सूंड में लपेटा और दूर फेंक दिया. शिष्य को बहुत चोट आयी. वह कराहता हुआ रामकृष्ण परमहंस के पास आया और बोला - आपने जो बताया था, वह सच नहीं है. यदि मुझमें भी वही ईश्वर है, जो हाथी में है, तो उसने मुझे फेंक क्यों दिया ? परमहंस जी ने हंस कर पूछा - क्या हाथी अकेला था ? शिष्य ने कहा - नहीं, उस पर महावत बैठा चिल्ला रहा था कि हाथी पागल है. उसके पास मत आओ. इस पर परमहंस जी ने कहा - पगले, हाथी परमेश्वर का रूप था, तो उस पर बैठा महावत भी तो उसी का रूप था. तुमने महावत रूपी परमेश्वर की बात नहीं मानी, इसलिए तुम्हें हानि उठानी पड़ी. कथा का अभिप्राय यह है कि प्रत्येक धारणा को, उसमें निहित विचार को विवेक बुद्धि से ग्रहण करना चाहिए. भक्ति या आदर भाव से ज्यों का त्यों पकड़ना, सरलता नहीं, मूढ़ता है. बेशक! विचार-विलास भरी वक्रता न हो, स्थितप्रज्ञ सम जड़ता भी किसी काम की नहीं है.

# अंबेडकर के सपनों के लोकतंत्र का वर्तमान

**• विमर्श**

**जेड. अहमद**

14 अप्रैल डा. भीमराव अंबेडकर का जन्म दिन है. अभी देश आम चुनाव के दौर में है. यही सही समय है, जबकि इसकी पड़ताल की जाए कि अंबेडकर के सपनों का लोकतंत्र किस हालत में है. आंबेडकर को संविधान का जनक कहा जाता है, क्योंकि वे संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे. यह भी कहा जाता है कि संविधान के चलते ही भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था काफ़ी मज़बूत बनी हुई है. हालांकि बीच में आपातकाल के 18 महीनों का दौर भी देश में रहा है, अगर इसको अपवाद मानें तो देश में लोकतंत्र पर कभी पड़ोसी देशों की तरह ख़तरा नहीं दिखा. लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार के कार्यकाल में स्थिति बदलती दिख रही है. विदेश ही नहीं, देश के अंदर भी मोदी सरकार पर संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को किनारे करने का आरोप लग रहा है. भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर सवाल पश्चिमी देशों की संस्थाओं ने भी उठाए हैं. वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री के समर्थकों के बीच ये धारणा बन रही है कि पश्चिमी देशों के लोकतंत्र पर भारत भी सालाना रिपोर्ट जारी करे और उन्हें यह पैग़ाम दे कि भारत के लोकतंत्र पर भाषण देने से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें. अमेरिका में काली नस्ल के लोगों पर आए दिन पुलिस और प्रशासन द्वारा अत्याचार और दूसरे पश्चिमी देशों में नस्लीय भेदभाव में इज़ाफ़ा, भारत को ऐसी रिपोर्ट जारी करके वापस जवाब देने का मौक़ा भी दे रहे हैं. अमेरिका की संस्था फ्रीडम हाउस ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के अंतर्गत 'भारतीय लोकतंत्र अब पूर्ण रूप से आज़ाद होने के बजाए केवल आंशिक रूप से आज़ाद रह गया है और यह अधिनायकवाद की ओर बढ़ रहा है. "अमेरिका की मानवधिकार संस्था ह्यूमन राइट्स वाच ने दो पहले की अपनी सालाना रिपोर्ट में लिखा कि "सत्तारूढ़ हिंदू राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों ने हाशिए के समुदायों, सरकार की आलोचना करने वालों और धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों पर, अधिकाधिक दबाव डाला है." स्वीडन में गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय-स्थित वी-डेम संस्था की एक वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय लोकतंत्र की रैंकिंग 97 रखी गयी है. भारत में एक वर्ग है, जो इन रिपोर्ट्स से सहमत है और वर्तमान स्थिति को लेकर चिंतित है, लेकिन इसके बावजूद विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन रिपोर्टों को निरस्त करते हुए कहा है कि इन संस्थाओं से भारत को लोकतंत्र की सीख लेने की ज़रूरत नहीं है. वहीं देश में मोदी समर्थक एक बड़े वर्ग का यह भी मानना है कि "दुनिया के सबसे बड़े और जीवंत लोकतंत्र" के आलोचकों को आड़े हाथों लिया जाना चाहिए. यह तबका सोशल मीडिया पर मुखर है और यह देश की आबादी के एक बड़े हिस्से का नेतृत्व करता नज़र आता है. अमेरिका में शिकागो यूनिवर्सिटी के राजनीतिक विज्ञान के प्रोफ़ेसर टॉम गिन्सबर्ग की निगाह भारत के लोकतंत्र पर सालों से है और वह अक्सर भारत का दौरा करते हैं. उन्होंने कहा, "भारत में लोकतांत्रिक गिरावट की आलोचनाओं को भारत में वह समूह भी उठा रहा है, जिन्हें महसूस होता है कि उन्हें ख़ामोश किया जा रहा है. फ्रीडम हाउस और वी-डेम के आकलन विद्वानों द्वारा पूरी स्वतंत्रता के साथ तैयार किए जाते हैं. इन रिपोर्टों को पश्चिमी देशों की सरकारें नहीं तैयार करती हैं. संदेशवाहक को दोष देना बहुत आसान है, लेकिन संदेश सही हो सकता है."डॉक्टर आंबेडकर के जन्म दिवस पर भारत में लोकतंत्र और संविधान में आती कमज़ोरियों पर बहस इस बात का प्रतीक है कि भारत में लोकतंत्र और आंबेडकर के संविधान के प्रति आस्था बनी हुई है. सूर्य प्रकाश भी इस बात पर सहमत हैं कि आतंरिक आवाज़ें उठनी चाहिए. अगर वे आज जीवित होते तो देश में वर्तमान के लोकतंत्र और संविधान के अब तक के सफ़र से ख़ुश होते? नहीं होते", यह खरा जवाब था सूर्य प्रकाश का. उनका कहना है कि लोकतंत्र और संविधान के बग़ैर भारत का कोई भविष्य नहीं. आंबेडकर क्यों ख़ुश नहीं होते? इस पर सूर्य प्रकाश कहते हैं, संविधान सभा को दिए आख़िरी संबोधन में आंबेडकर ने कहा था कि केवल राजनीतिक लोकतंत्र से काम नहीं चलेगा. राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र में बदलना होगा.

> अमेरिका की मानवधिकार संस्था ह्यूमन राइट्स वाच ने दो पहले की अपनी सालाना रिपोर्ट में लिखा कि रसत्तारूढ़ हिंदू राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों ने हाशिए के समुदायों, सरकार की आलोचना करने वालों और धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों पर, अधिकाधिक दबाव डाला है.

# तर्कशील लोकतंत्र और तर्कातीत चुनाव में अर्धसत्य

**• सियासत**

**प्रफुल्ल कोलख्यान**

युवाओं का सभ्यता के विकसित होने में बड़ा योगदान रहा है. कहना न होगा कि 'विकसित भारत' में भी युवाओं का महत्व कोई कम नहीं है. इस लिहाज से युवाओं का मन टटोलना स्वाभाविक है. मीडिया इस काम को बहुत सावधानी और संवेदनशील लहजे में संपन्न करता है. उनके सामने कोमल विकल्प और स्वस्थ सवाल रखा जाता है. 'फर्स्ट टाइम वोटर' को 'विकसित भारत' से जोड़ने की चुनौती मीडिया के सिर पर है. अचानक 'मीडिया स्टार' सवाल पूछने के लिए बिल्कुल सामने आ जाये तो अच्छे-अच्छे 'आम खाने का तरीका' बताने लग जायें. 'मीडिया स्टार' के रुझान और 'सरकार के समाधान' से अवगत कोई भी युवा भला कह भी क्या सकता है? आंदोलन में दिखे की फोटो से पहचान हासिल कर उन्हें किस प्रकार 'सरकार के समाधान' का सामना करना पड़ा, उस से 'फर्स्ट टाइम वोटर' अवगत न हो तो, अचरज और सावधान न हों तो दुखद! ईमान की बात कहकर कौन अपना कैरियर के बिगाड़ का जोखिम उठायेगा भाई! लाइव प्रसारण करते हुए 'मीडिया स्टार' का लक्ष्य हवा बनाने की कोशिश करना होता है. कैरियर बिगाड़ना नहीं, न अपना और न 'फर्स्ट टाइम वोटर' का! आजादी के आंदोलन में युवाओं की क्रांतिकारी भूमिका को यह देश बहुत याद करता है. इस देश के युवा भी बहुत याद करते हैं. डिबेट वगैरह में काम आते हैं. उनके सामने कोर्स का तहखाना और विश्व ज्ञान का खजाना खुला होता है. इन में से कुछ तहखाना और खजाना के बीच आवाजाही करते हुए सपनों के पंख से फिसलकर अंधकार में गुम हो जाते हैं. सपनों के पंख से फिसलकर अंधकार में गुम हो जानेवाला साथी कब किसको याद रह जाता है! रहना चाहिए. चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दल अपना-अपना घोषणापत्र जारी करते हैं. अगले पांच साल में शासन और सेवा के बारे में अपना-अपना नजरिया सामने रखते हैं. अगले पांच साल के लिए जनादेश की मांग करते हुए ये दल पचास साल का खाका खींचते हैं. ऐसा करते हुए अपने स्वप्न का व्यापक प्रसार करते हैं. अब सपनों का कोई सबूत तो होता नहीं है! 'स्व-प्रमाणित' सपनों के प्रसार में 'सत्ता रक्षण' की ही आकांक्षा छिपी रहती है. घोषणापत्र के संदर्भ में एक प्रवृत्ति यह भी है कि 'लिखतम' और 'बकतम' में तात्विक फर्क देखने में आता है. रैलियों में कही गई बातों का बाद में कोई मोल नहीं रह जाता है. रैलियों कही गई बातों का घोषणापत्र में लिखित तथ्य से मिलान की कोई व्यवस्था नहीं है. जनता शब्द से नहीं चित्र से पहचानती है. चित्र की कथा विचित्र है, हर जगह चित्र-ही-चित्र है, चित्र ही चरित्र है.शक्ति संपन्न राजनीतिक दल स्वाभाविक रूप से सुरक्षा कवच से सज्जित और रक्षित होता है. सर्वसत्तावादी और एकाधिकारवादी व्यक्ति एक बार भी सत्ता पर काबिज हो जाये तो लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा संकट खड़ा हो जाता है. सत्ता के हजार दृश्य-अदृश्य हाथ होते हैं. सत्ता एकाधिकारवादी हो तो फिर क्या कहने! 'सहस्रबाहु सत्ता' से किसी भी राजनीतिक दल के लिए मुकाबला बहुत कठिन होता है. सत्ता का हितपोषक बन गये मीडिया की भूमिका भी बहुत खतरनाक होती है. सत्ता पक्ष के प्रति अतिरिक्त झुकाव और विपक्ष के प्रति हिकारती दुराव के प्रसार में ऐसा मीडिया राजनीतिक सहयोगी (पॉलिटकल पार्टनर) की भूमिका में आ जाता है. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक प्रमुख लोकतांत्रिक मूल्य है. कोई भी मूल्य चाहे वह जितना भी महत्वपूर्ण हो, उसके व्यवहार में निष्पक्षता का स्थाई अभाव उसे अनिवार्य रूप से जहरीला बना देता है. स्थाई पक्षपातपूर्ण रवैया 'अमृत में विष' की नामुमकिन स्थिति को मुमकिन कर देता है. विषाक्त हितैषिता के मारे का कोई इलाज नहीं होता है. मूर्खों का स्वर्ग हो या ज्ञानियों का नरक, दोनों काल्पनिक हैं. लेकिन चुनाव प्रचार में मूर्खों के स्वर्ग और ज्ञानियों के नरक की काल्पनिकताओं के बीच वास्तविक स्नायु युद्ध और संघर्ष होता है! कभी-कभार चुनाव संघर्ष के लिए समान अवसर सुनिश्चित हो जाने से वास्तविक मुद्दों के आधार पर भी चुनाव का क्रिया-कलाप स्वस्थ तरीके से संपन्न होता है. बाकी बेमेल अवसरों पर जनता खुद अपने-अपने मोर्चे पर पूरी ताकत से डट जाती है. चुनाव में महाभारत की घटनाओं की बार-बार याद आती है. महाभारत के न्याय युद्ध में सत्य को खंडित कर अर्धसत्य का आयुधीकरण नहीं हुआ था. क्या हुआ था! 'नरो वा कुंजरो' आयुधीकृत अर्धसत्य ही तो था न! खंडित आत्मीयता और विभक्त निष्ठा के आयुधीकरण की भयावह परिस्थिति, लोकतंत्र के गर्भगृह में! महाभारत में यदा-कदा आयुधीकृत अर्धसत्य का इस्तेमाल मिलता है.

> अगले पांच साल में शासन और सेवा के बारे में अपना-अपना नजरिया सामने रखते हैं. अगले पांच साल के लिए जनादेश की मांग करते हुए ये दल पचास साल का खाका खींचते हैं. ऐसा करते हुए अपने स्वप्न का व्यापक प्रसार करते हैं. अब सपनों का कोई सबूत तो होता नहीं है! 'स्व-प्रमाणित' सपनों के प्रसार में 'सत्ता रक्षण' की ही आकांक्षा छिपी रहती है.

**मीडिया में अन्यत्र**

# वास्तविक आय की अनदेखी

**श्रम बाजार** के हालात पर होने वाली बहस अक्सर बेरोजगारी और श्रम शक्ति भागीदारी दरों पर निर्भर रहती है. वास्तविक आय की अक्सर अनदेखी कर दी जाती है. श्रम शक्ति भागीदारी आंकड़ों में सुधार और बेरोजगारी दर में कमी के बीच अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान की एक रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि भारत के श्रम बाजार के नतीजों में सबकुछ अच्छा नहीं है. रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में वास्तविक मेहनताने में कमी आई है. 2012 और 2022 के बीच के आंकड़े दर्शाते हैं कि नियमित वेतन वाले कर्मचारियों की औसत मासिक वास्तविक आय में हर वर्ष करीब एक फीसदी की गिरावट आई. दस वर्ष की अवधि में यह 12,100 रुपये से कम होकर 10,925 रुपये रह गई. शहरी इलाकों का प्रदर्शन ग्रामीण भारत से खराब रहा. शहरी भारत में 2012 से 2022 के बीच वास्तविक वेतन औसतन 7.3 फीसदी गिरा, जबकि समान अवधि में ग्रामीण क्षेत्र में वास्तविक वेतन 3.8 फीसदी कम हुआ. यह बात इसलिए खासतौर पर चिंतित करने वाली है कि वेतनभोगी कर्मचारी बेहतर काम में लगे हैं, उनका कार्यकाल लंबा है, उन्हें किसी न किसी तरह की सामाजिक सुरक्षा हासिल है और उन्हें नियमित अंतराल पर वेतन मिलता है. नियमित नौकरी करने वालों में भी सरकारी नौकरी करने वालों के वेतन में इजाफा हुआ, जबकि निजी क्षेत्र में काम करने वालों के वास्तविक वेतन में कमी आई. निश्चित तौर पर इसकी वजह कम कौशल वाले श्रमिकों की आय में स्थिरता को ठहराया जा सकता है. स्वरोजगार श्रेणी में भी वास्तविक वेतन में ऐसा ही रुझान नजर आता है. देश के कुल श्रमिकों में से करीब 55 फीसदी की आय महामारी के कारण लगने वाले झटकों और लॉकडाउन के दौरान आर्थिक गतिविधियों के ठप पड़ने से प्रभावित हुई. आश्चर्य की बात है कि आकस्मिक कामगारों की मासिक वास्तविक आय में 2022 तक हर वर्ष 2.4 फीसदी की वृद्धि हुई.नियमित वेतन वाले कर्मचारियों और स्वरोजगार करने वालों की वास्तविक आय का रुझान और साथ ही आकस्मिक कामगारों के वास्तविक वेतन में मामूली वृद्धि को हाल के वर्षों में रोजगार निर्माण की गुणवत्ता में गिरावट के संकेतक के रूप में देखा जा सकता है. इसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत रोजगार की मांग में भी देखा जा सकता है, जो अभी भी महामारी के पहले की मांग से ऊंचे स्तर पर है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## उपकरण/उपसरण

**जब** आकाश में बिजली चमकती है या बादल गरजते हैं, तब बिजली के उपकरणों को लेकर सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें नुकसान पहुंच सकता है. उपकरण ऐसे साधन होते हैं, जिनसे कार्य आसान हो जाते हैं. यहां स्पष्ट करना आवश्यक है कि हिंदी भाषा में संस्कृत मूल के वैसे शब्दों की भरमार है, जो देखने-सुनने में एक जैसे लगते हैं या उनमें बहुत मामूली अंतर होता है, लेकिन उनके अर्थ एक दूसरे से बिल्कुल भिन्न होते हैं. उपकरण और उपसरण ये दो शब्द वैसे ही हैं. व्याकरण की दृष्टि से दोनों संज्ञा पुल्लिंग हैं और दोनों उप उपसर्ग के संयोग से बनते हैं. उपकरण ऐसे बनता है-उप+कृ+ल्युट-अन. इसी प्रकार उपसरण=उप+सृ+ल्युट-अन. इनमें उपकरण शब्द का प्रयोग अधिक होता है. हिंदी शब्दसागर के अनुसार उपकरण का अर्थ है साधक वस्तु. यानी उपकरण कार्य विशेष को संपन्न करने के लिए साधन होता है. इसे सामग्री और सामान भी कहा जाता है. इस शब्द के और भी कई अर्थ हैं. जैसे राजाओं के छत्र और चंवर को भी उपकरण कहते हैं. उपकार शब्द से भी उपकरण की रचना होती है, तब इसका मतलब हो जाता है दूसरों की भलाई करना, दूसरों का हित करना, सेवा करना, सहायता देना. सरल शब्दों में उपकरण को औजार कहा जाता है. कंप्यूटर, मोबाइल, पंखा, कलम, हथौड़ा, पेचकस, किवाड़, फर्नीचर आदि हजारों उपकरण हमारे रोजमर्रा के जीवन में हमारे काम आते हैं और किसी कार्य को आसान बनाते रहते हैं. उपकरण उन युक्तियों को कहते हैं, जो किसी कार्य को करने में सुविधा या सरलता प्रदान करते हैं. उपकरण के बिना किसी कार्यविशेष का संपादन असंभव होता है. सरल मशीनें सबसे मौलिक उपकरण कही जा सकती हैं. हथौड़ा एक औजार है. इसी तरह टेलीफोन भी एक औजार है. उपसरण का अर्थ है किसी की ओर आना, जाना या पहुंचना, शरीर में रक्त का संचार होना तथा उस व्यक्ति के पास जाना, जिससे शरण मिलने तथा रक्षा किये जाने की आस होती है.

# टोपी से सूट-बूट तक का सुहाना सफर

**• तीर-तुक्का**

**अशोक गौतम**

टोपी पहने हुए गांधी जी की हमें बहुत कम तस्वीरें देखने को मिलती हैं, लेकिन 'गांधी टोपी' एक ज़माने में बड़ी मशहूर हुई थी. हर स्वतंत्रता सेनानी और हर कांग्रेसी की पोशाक का यह एक ज़रूरी हिस्सा बन गई थी, लेकिन स्वतंत्रता के बाद गांधी टोपी पहनकर लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हो गए. गांधी जी की झक सफ़ेद टोपी गन्दला गई. बदनाम हो गई. गांधी टोपी का दबदबा फिर भी कायम रहा. अन्य राजनैतिक दलों ने टोपी तो अपना ली, लेकिन सफ़ेद की बजाय उसे रंगीन कर लिया. किसी पार्टी ने काले रंग की टोपी पसंद की तो किसी ने लाल रंग की. बहरहाल राजनीति में टोपी शिरकत करती रही है और आज भी रूप बदल बदलकर कर ही रही है. पंडित नेहरू 'गांधी टोपी' तो लगाते ही थे, लेकिन उनकी वास्कट ने भी खूब नाम कमाया. वह उन्हीं के नाम से 'नेहरू वास्कट' कहलाने लगी. नेहरू वास्कट कहें, या कहें 'जेकेट', बात एक ही है और इसे आज भी खूब पहना जाता है. पर वास्कट किसी एक पार्टी से बंधकर कभी नहीं रही. 'वास्कट' मोदी जी भी पहनते हैं और ('जेकेट') राहुल गांधी भी पहनते हैं. 'वेस्ट-कोट' आम तौर से पहने जाने वाला वह परिधान है, जिसे भारत में आम आदमी अपनी भाषा में "वास्कट" कहता है. अंग्रेज़ी में यही जेकेट है. गांधी-टोपी और नेहरू-वास्कट के बाद जिसने भारतीय राजनीति में अपनी जगह सुरक्षित कर ली वह है, 'मोदी कुर्ता'. आधे बाजू का यह कुर्ता अपेक्षाकृत लम्बाई में भी थोड़ा छोटा होता है. गांधी और मोदी के प्रदेश गुजरात में खूब पहना जाता है. इसी कुरते को पहन कर मोदी जी प्रधान-मंत्री के पद पर रहते हुए देश-विदेश के चक्कर लगा आए हैं और अनजाने ही यह एक फैशन की वस्तु बन गया है. यह एक ऐसा, अंग्रेज़ी में कहें तो, "स्टाइल स्टेटमेंट" हो गया है, जिसमें शान और सादगी का संवाद है. मोदी जी अपने आरंभिक गरीबी के दिनों में अपने कपडे खुद ही धोते थे. वे बताते हैं की उन दिनों उन्हें कुरते के इस लघुकाय संस्करण को धोने में अधिक कठिनाई नहीं होती थी, सो इसीलिए इसे उन्होंने अपना लिया. वजह कोई भी हो वह इतनी महत्त्वपूर्ण नहीं है, महत्वपूर्ण यह है कि वे इसे आजतक अपनाए हुए हैं और इसी कारण यह अब एक आम और साधारण पहनावा नहीं रहा. सामान्य से विशिष्ट बन गया. एक फैशनेबल परिधान बन गया. कुर्ता एक और भी है. यह गेरुए-रंग का लंबा कुर्ता है, जिसे उत्तर-प्रदेश के मुख्य-मंत्री योगी जी पहनते हैं. योगी-कट इस कुरते ने अपनी धाक न केवल राजनीति में जमा ली है, बल्कि उत्तर-प्रदेश में यह एक "फैशन आईकन" की तरह उभरा है.



*उत्सवी मूड में हैं हम. आस्था का महापर्व चैती छठ माहौल में सात्विकता घोले है. सुतआनी की सोंधी महक पसरी है और दूसरी तरफ भांगड़े-गिद्दे के संग बैसाखी का जश्न मनाया जा रहा है. पोइला बोइसाख के लिए पांच भाजा, पायेस की तैयारी चल रही तो अपने बच्चों को जुड़ाए रखने के लिए परिवार की बड़ी-बुजुर्ग महिलाएं जुड़ शीतल पाबनि की तैयारी कर रही हैं. आइए, अलग-अलग संस्कृति के इन खूबसूरती रंगों में रंग जाएं...*



# बिसरती नहीं सतुआनी की सौंधी-सौंधी महक



**डॉ कल्याणी कबीर**

*अपने देश के त्योहारों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि हर त्यौहार प्रकृति से जुड़ा हुआ है. प्रकृति को हम देवता भी शायद इसलिए ही मानते हैं. सतुआनी का त्यौहार भी गर्मियों के मौसम से जुड़ा है. नई फसल के कटने की खुशी और गर्मी के आगमन के साथ हम सत्तु खाना और आम के टिकोले यानि कच्चे आम की चटनी और घड़े के ठंडा जल पीने की बात को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करते हैं. मौसम के बदलते ही अपने दैनिक जीवन के व्यवहार को और शैली को बदलने का आरंभ भी सतुआनी के दिन से होता है.*

**सामूहिकता और समुदायिकता :** सत्तु, कच्चे आम और मिट्टी के घड़े का जल, इन चीजों से ही तो गर्मियों में हमें सूर्य के ताप से राहत मिलती है. वैसे परिवार मित्र के साथ मिलकर सत्तु खाना, पंडित को दान- दक्षिणा देना, घड़े खरीदने के माध्यम से कुम्हार की चाकी तक भी अपनी तरफ से कुछ आर्थिक सहायता या भेंट पहुंचाना - ये सारी बातें सामूहिकता और समुदायिकता की जड़ों को समृद्ध करती हैं जो हमारे देश के हर पर्व त्यौहार के मूल में छुपी हुई बात होती है. हालांकि ईमानदारी से सच अगर लिखा जाए, कहा जाए तो आधुनिकता और व्यस्तता के दौड़ में बहुत सारी चीजें छूटती ही जा रही है जिसमें से ये त्योहार भी है. आज के बच्चे और युवा कोल्ड ड्रिंक के बोतलों के बीच ऐसे खो गए हैं कि उन्हें सत्तू के शरबत का स्वाद और उसके फायदे समझ नहीं आते.

**बिसरें कैसे!**

कहीं हमने संस्कृति को छोड़ दिया है तो कहीं संस्कृति भी हमसे दूर होती हुई दिख रही है. पर फिर भी जिन लोगों ने जब भी सतुवानी के उत्सव के सौंधी सौंधी महक को जिया है, महसूस किया है, वह जानते हैं कि ये बिसरने की चीज नहीं है. जब तक मैं गांव में रही और बचपने वाला दौर रहा, ये सारे पर्व - उत्सव मेरे हृदय को स्पर्श करके गुजरा करते थे. पर अब जीवन की आपाधापी में बस एक जानकारी की तरह ही कभी-कभी त्यौहार आते हैं और चले जाते हैं. वैसे इनमें त्योहारों में अभी भी वही सार्थकता, परिपूर्णता है, कमी हममें ही है.



**अस्त होता सूरज हो या**
**क्षितिज की लालिमा में भोर**
**भक्ति, शक्ति,उपासना में**
**हुआ आज तन - मन विभोर**

**रोम-रोम श्रद्धा से पुलकित**
**बढे कदम छठ घाट की ओर**
**मन्नतों के धागों में लिपटी काया**
**अरघा लेती छठी मईया हर ओर!!**

छठ महापर्व अत्यंत ही पवित्र और पावन पर्व है जो हमारी कई वर्षों की संस्कृति एवं आस्थाओं का परिचायक है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार छठ पर्व प्रत्येक वर्ष दो बार मनाया जाता हैं एक चैत्र महीने में और एक कार्तिक महीने में . यह पर्व छठी मैया व भगवान सूर्यदेव को अर्ध्य अर्पित करने के लिए मनाया जाता है. इस पर्व में भक्त अपनी भक्ति और श्रद्धा के अनुसार सूर्यदेव की पूजा किया करते हैं और अपनी खुशियों और समस्याओं का समाधान इनसे मांगते हैं.



**सारिका भूषण**

## उषा, राणा माई और यमुना

छठ पर्व पर छठी मैया की पूजा की जाती है, जिसका उल्लेख ब्रह्म वैवर्त पुराण में भी मिलता है. ऐसा कहा जाता है कि छठ पूजा की शुरुआत पवित्र शहर वाराणसी में गढ़वाल वंश द्वारा की गई थी. काशी खंड के अनुसार, बनारस के बाद देश में छठ पूजा का चलन बढ़ने लगा. छठ पूजा के दौरान सूर्य के साथ-साथ जिस देवी की पूजा की जाती है, उन्हें छठी मैया के नाम से जाना जाता है. छठी मैया को वेदों में उषा के नाम से भी जाना जाता है और माना जाता है कि वह सूर्य देव की प्रिय छोटी पत्नी हैं. मिथिलांचल क्षेत्र में इन्हें "राणा माई" के नाम से भी पूजा जाता है. मान्यता है कि इस दिन देवी यमुना पृथ्वी पर प्रकट हुईं थी. इसलिए इसे यमुना के जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है. कार्तिक माह की तरह चैती छठ में भी स्त्रियां संतान की सलामती के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत करती हैं. इस व्रत में पवित्रता का विशेष ध्यान रखना होता है. कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को नहाए खाय के साथ इस व्रत की शुरुआत होती है. इस दिन से स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है. जाति-वर्ग के सभी बंधनों को तोड़ता यह महापर्व एक एकता का परिचायक भी है. हमारा देश त्योहारों से भरा देश है और इसकी समृद्ध संस्कृति इसे विश्व में विशिष्ट बनाती है. हमारी आस्था और भक्ति जो इन त्योहारों की जड़ों से जुड़ी है, हमें अंदर से शुद्ध और संस्कारी बनने की प्रेरणा देती है.

**चैती छठ महापर्व**

# कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए...




दीपाटोली, रांची में छठ करतीं तूलिका

**आज खरना** इस वर्ष इस महापर्व की शुरुआत हो चुकी है. चैत्री छठ पूजा 12 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को नहाय खाय से शुरू हुई है. आज खरना है. कल संध्या अर्घ्य है.15 अप्रैल 2024 दिन सोमवार को प्रातः कालीन अर्घ्य और पारण के साथ समाप्त होगी.

*"पोइला बोइसाख" या "नबोबर्षो" यह दो शब्द सुनते ही हर बंगभाषी का हृदय खुशी से झूम उठता है. नए साल के स्वागत में काफी पहले से ही वे इसकी तैयारी करने लगते हैं.*

# ऐसो हे बोइसाख ऐसो, ऐसो



पोइला बोइसाख, जिसे पोहेला बैसाख के नाम से भी जानते हैं, यह बंगाली नव वर्ष का प्रतीक है. इस दिन व्यापरियों द्वारा नए व्यापार वर्ष की शुरुआत लक्ष्मी-गणेश के पूजन के साथ होती है. नया बांग्ला कैलेंडर और मिठाई के डब्बे के साथ इस दिन ग्राहक का स्वागत होता है. सुबह उठकर पूरा घर साफ-सफाई कर नहा-धोकर पूजास्थल तथा हर कमरे की चौखट (आजकल चौखट होती ही कहां है) पर आल्पोना करते हैं. नये वस्त्र पहनकर मंदिर जाते हैं. मंदिर, पूजा के साथ साथ एक बहुत बड़ा सामाजिक मिलनस्थल भी होता है. बड़ों के पैर छूकर "शुभो नबोबर्षो" बोलकर उनसे आशीर्वाद लेते हैं. घर में तरह-तरह के पकवान बनते हैं. मुख्य रूप से बासंती पुलाव, पांच भाजा, पायेस और कई प्रकार की मछली बनती हैं. मीठे पकवान भी कई प्रकार के बनाए जाते हैं. और शाम में विभिन्न जगहों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं. गीत और नृत्य के माध्यम से "ऐसो हे बोइशाख ऐसो, ऐसो" से हम शुभो नबोबर्षो का हर्षोल्लास के साथ स्वागत करते हैं.



**रिंकू बैनजी**

कहा जाता है कि मुगलों के समयकाल में हिजरी कैलेंडर प्रचलित था जो कि विशुद्ध रूप से चन्द्र कैलेंडर होता था. जो चन्द्रमा की कलाओं पर से दिन तय करता था. पर यह फसल के साथ मेल नहीं खाता था. किसानों को दिक्कत होती थी. इसलिए अकबर ने हिन्दु विद्वानों को बुलाया. सबसे विचार करने के बाद सौर प्रणाली पर आधारित एक हिन्दू कैलेंडर तैयार किया गया. 1584 ई में नया कृषि वर्ष प्रस्तुत कर बैशाख माह के प्रथम दिन से बांग्ला नववर्ष का शुभारंभ किया गया.

# बैसाखी पर भांगड़ा और गिद्दे की धूम

पंजाब में बैसाखी का त्योहार किसानों के परिश्रम की पूर्णता का दिन है. गेहूं की फसल कटाई के साथ ही खुशी में पुरुष भांगड़ा नृत्य करते हैं और महिलाएं गिद्दे की धूम मचाती हैं. जगह जगह मेले लगते हैं और पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान किया जाता है. गुरुद्वारों में विशेष भजन, कीर्तन, प्रवचन आदि होते हैं. सभी लोग एक साथ लंगर छक कर राष्ट्रीय एकता के उत्थान में अपना सहयोग देते हैं.



**डॉ सुरिन्दर कौर नीलम**

## खालसा का जन्म दिन -बैसाखी

सिखों के दसवें गुरु महाबली गुरु गोबिंद सिंह जी ने "खालसा" का सृजन कर बिखर रहे समाज एवं राष्ट्र को एक नया आयाम दिया. सिख - धर्म के इस नये संस्कार के मूल में एक विशेष धर्म तथा संस्कृति और सामान्यतः अन्य धर्मों तथा जातियों पर निरंतर होने वाले अत्याचारों की वह लंबी श्रृंखला थी जिसे औरंगजेब और उसकी कट्टर नीतियों ने जन्म दिया था. गुरु गोबिंद सिंह जी ने औरंगजेब की इन कट्टरपंथी नीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई न कि इस्लाम के विरोध में. गुरु जी के सम्मुख एक बहुसंख्यक जन सामान्य के धर्म और संस्कृति की रक्षा का प्रश्न था. इस महान दायित्व को निभाने के लिए ही वे धर्म तथा उपासना की बेदी से हाथ में तलवार लेकर रणभूमि में उतरे जिससे निराश समाज आशान्वित हुआ.

## तैयार हुए पंच प्यारे

सन् 1699 का वह बैसाखी का दिन था जब आनंदपुर साहिब ( पंजाब) में बैसाखी का मेला लगा हुआ था. हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित थे. गुरु जी नंगी तलवार लेकर मंच पर आए और अपने शिष्यों के देशप्रेम, भक्ति और साहस की परीक्षा लेने के उद्देश्य से एक शीश की मांग की. सर्वप्रथम लाहौर का दयाराम आगे आया. गुरु जी उसे तंबू के अन्दर ले गये. एक झटके की आवाज आई और गुरु जी पुनः खून से सनी तलवार लेकर उपस्थित हुए. इस तरह एक -एक कर गुरु जी ने विभिन्न जाति और धर्म के साहसी पांच शिष्यों का चुनाव किया. दयाराम के अलावा दिल्ली का धर्मदास जाट, द्वारिका का मोहकम चंद धोबी, जगन्नाथ पुरी का हिम्मत राय रसोइया और साहिब चंद नाई, को गुरु जी ने " पंच प्यारे" की उपाधि से विभूषित किया. उन्हें लौह पात्र में जल और बतासों के मिश्रण को खंडे (लोहे का दुधारा) द्वारा चलाकर तैयार किया गया "अमृत" पिला कर सबके नाम के साथ "सिंह" लगाया.



गुरु जी ने पंच प्यारों को "पंच ककारों" केश, कंघा, कड़ा, कृपाण और कछहरा से सुसज्जित किया. इस तरह गुरु जी ने देश और धर्म की रक्षा हेतु एक सेना तैयार कर दी.

इन पंच प्यारों के द्वारा गुरुजी ने स्वयं अमृत पान किया और गोबिंद राय से "गोबिंद सिंह" बन गए. वाह वाह गोबिंद सिंह, आपे गुरु चेला. अपनी बनाई सेना को उन्होंने "खालसा" की संज्ञा दी.

## क्या है खालसा

खालसा शब्द अरबी भाषा के खालिसह से निकला है जिसका अर्थ होता है "शुद्ध". खालसा वाहेगुरु ( ईश्वर ) का रूप है जो सिर्फ एक ईश्वर की पूजा करता है. वह किसी से डरता नहीं, न ही किसी को डराता है. वह केवल अन्याय और अत्याचारों के विरुद्ध खड़ा रहता है. खालसा अनुशासन में रहता है. खालसा काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार से मुक्त होता है. गुरु जी ने अपने खालसा को कुछ उद्देश्यों के पालन करने का आदेश दिया और कहा कि जो गुरु के वचनों का पालन नहीं करता वह "खालसा" कहलाने योग्य नहीं है. उन्होंने कहा कि खालसा मेरो रूप है खास/ खालसे में हौं करौं निवास. खालसा के गठन के उपरांत गुरु जी ने अपनी संगत को अमृत जल पान कराने का अधिकार दिया एवं संगत के समूह को गुरुरूप कहा. किसी भी व्यक्ति को पंच प्यारों द्वारा अमृत पान करा कर खालसा पंथ में शामिल किया जा सकता है. इस प्रकार गुरु जी की सेना में वृद्धि होती गई और खालसा ने एक विशाल रूप धारण कर लिया. जाति पाति के भेदभाव से दूर खालसा के गठन ने निम्न जाति के लोगों में असाधारण जोश पैदा कर दिया और वे गुरु जी के नेतृत्व में बहादुर योद्धा एवं सच्चे देशभक्त बन गए.

### जालियांवाला बाग का क्रूर नरसंहार

जालियांवाला बाग, अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 की बैसाखी के दिन हजारों निहत्थे और बेकसूर लोगों पर जनरल डायर की सेना ने अचानक गोलियों की बरसात शुरू कर दी. लोग इधर उधर दौड़ने लगे. कुछ लोगों ने जान बचाने के लिए कुएं में छलांग लगा दी. बच्चे, बूढ़े और जवान किसी को भी बख्शा नहीं गया. पूरा जालियांवाला बाग खूनी तालाब में बदल गया. हालांकि वर्तमान में उस बाग को खूबसूरत बना दिया गया है परन्तु गोलियों के निशान और अन्य क्रूरता की निशानियों को सुरक्षित रखा गया है.

- **कश्मीर में प्रत्येक हिन्दू परिवार में यह दिन नये वर्ष के रूप में लक्ष्मी पूजन से शुरू होता है.**
- **तमिलनाडु में भी इसे नववर्ष के रूप में चितराई पर्व के नाम से पुकारते हैं.**
- **नेपाल में भी भी यह नये वर्ष का द्योतक है.**
- **मणिपुर में भी 14 अप्रैल को नववर्ष दिवस चेरोवा नाम से जाना जाता है.**

## और यूं पलट दिया इतिहास

हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ने अपनी पुस्तक "सिख गुरुओं का पुण्य स्मरण" में लिखा है कि ₹ जनता निराश थी. अत्याचारों और अन्याय को भाग्य का दोष कहकर स्वीकार कर लिया था. ऐसे ही लोगों में से गुरु गोबिंद सिंह जी ने महान शूरवीर पैदा कर दिए. मृत्यु के भय को मानों मंत्र के बल से उड़ा दिया. सिर हथेली पर रखकर इन वीरों ने अन्याय को ललकारा और देखते ही देखते इतिहास पलट दिया. गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा का सृजन कर बैसाखी को "कौमी त्योहार" का दर्जा दे दिया.

# टटका-बासी पाबनि जुड़ शीतल



जुड़ शीतल मिथिलांचल का महत्वपूर्ण त्योहार है. बसंत की विदाई और ग्रीष्म के आगमन के मध्य की बेला में जब सूर्य का संक्रमण मेष राशि में होता है, तब यह पर्व मनाया जाता है. इस दिन का मेष संक्रान्ति भी कहते हैं. नवसौरवर्ष का आरंभ व शालिवाहन शकाब्द का आरंभ भी इसी दिन से हो जाता है. अब शुभ कार्यों की भी शुरुआत हो जाती है.



**दिवाकर झा**

इस पर्व के दो भाग हैं. पहला भाग संक्रान्ति के दिन मनाया जाता है. इसे टटका पावनि कहा जाता है. रबी की फसल की कटाई हो चुकी होती है, अतः जौ या चने का सतुआ (सत्तू) बनाते हैं और गुड़ के साथ सभी इसका सेवन करते हैं. साथ ही सोपकरण वारिपूर्ण घट का भी दान किया जाता है. टटका पावनि के दिन ही शाम को दाल भरी पूरी, चावल और बड़ी बनाते हैं. बड़ी को कच्चे आम से स्वादिष्ट बनाया जाता है. आम की चटनी और तरुआ (पकौड़े) बनते हैं.

मेष संक्रान्ति के अगले दिन जुड़ शीतल का दूसरा भाग बासि पाबनि के रूप में मनाया जाता है. इस दिन घर की सर्वाधिक बुजुर्ग महिला सवेरे-सवेरे रात में ही घर के गोसाउनि (कुल देवी) के आगे रखा जल बच्चों के माथे पर रख कर जुड़ाती है. जुड़ाने का तात्पर्य है शुभफल प्राप्ति के लिए आशीर्वाद देना. इसका यह भी अर्थ है कि परिवार से जुड़े रहें, शीतलता से आपका जुड़ाव हो, माथा ठंडा रखें ताकि आप सत्कार्य कर पाएं.

इसके बाद दादी/मां/ चाची कोई भी सेमार (शैवाल) व पर्युषित (बासी) अन्न से चूलिह (चूल्हा) व द्वार की पूजा करती हैं. साथ ही आंगन में तुलसी चौरा के पर्युषित अन्न उत्सर्ग किया जाता है. तत्पश्चात लोग इन्हीं अन्नों को पसाद के रूप में ग्रहण करते हैं.

सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाता है. सम्पन्न व्यक्ति द्वारा पनिसाला बनवा दिया जाता है जहां भिंगोया हुआ चना, जल, गुड़, शर्बत आदि की व्यवस्था होती है. फिर बारी आती है जलकीड़ा की. लोग तलाब में बांस की पिचकारी से एक दूसरे पर जल फेंकते हैं, मिट्टी लगाते और लगवाते हैं. राहगीर भी इससे वंचित नहीं रह पाते. दोपहर बाद आम, कटहल, जामुन, बांस आदि वृक्षों की सिंचाई की जाती है. चूंकि यह लोकपर्व है, अतः स्थान भिन्नता के अनुसार प्रथा में बदलाव का असर भी नजर आता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## आईपीएल : रणनीति पर बेहतर तरीके से अमल करना चाहेंगे रॉयल्स

# आज पंजाब और राजस्थान के बीच मुकाबला

- मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा
- पांच में से चार मैच जीत चुकी है राजस्थान की टीम

**भाषा । मुल्लांपुर**

पिछले मैच में जीत की दहलीज पर पहुंचकर हारी राजस्थान रॉयल्स को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा. मेजबान टीम पंजाब लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद बेहद सक्षम है. रॉयल्स के पास लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन राशिद खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की. रॉयल्स के लिये अपने गढ जयपुर में हारना किसी झटके से कम नहीं था. वे इसे भुलाकर अब जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे.

संजू सैमसन की कप्तानी वाली रॉयल्स के गेंदबाज कुलदीप सेन (19वां ओवर) और आवेश खान (20वां ओवर) ने 12 गेंदों के भीतर 35 रन दे डाले. सैमसन ने ट्रेंट बोल्ट से चार ओवर का कोटा पूरा नहीं कराके बड़ी चूक की जबकि बोल्ट ने दो ओवर में सिर्फ आठ रन दिये थे. दबाव के क्षणों में उनका अनुभव काफी काम आता.

**पांच में से तीन मैच गंवाए हैं पंजाब ने :** शिखर धवन की कप्तानी वाली पंजाब टीम ने पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं. उसके धाकड़ बल्लेबाज चल नहीं पा रहे और शशांक सिंह तथा अभिषेक शर्मा जैसे गुमनाम बल्लेबाजों पर रन बनाने की सारी जिम्मेदारी आ गई है. सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (पांच मैचों में 81 रन) और मध्यक्रम के बल्लेबाज जितेश शर्मा (पांच मैचों में 77 रन) अपेक्षा के अनुरूप नहीं खेल पाये हैं, जिससे टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी. सैम कुरेन गेंदबाजी में औसत रहे हैं और बल्ले से भी अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर पाये हैं. मध्यक्रम में टीम को चोटिल लियाम लिविंगस्टोन की कमी खल रही है.



### पहले गेंदबाजी करते हुए पंजाब ने लुटाए हैं काफी रन

पंजाब के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा है लेकिन पहले गेंदबाजी करने पर उन्होंने काफी रन लुटाये हैं. पिछले तीन मैचों में पंजाब के खिलाफ विरोधी टीम ने 199, 199 और 182 रन बनाये हैं जबकि कैगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाज टीम में हैं. रॉयल्स के सामने चुनौती अच्छी लय बनाये रखने की भी है क्योंकि टूर्नामेंट में आम तौर पर अच्छी शुरूआत के बाद वे लड़खड़ा जाते हैं. यही वजह है कि पिछले छह सत्र में सिर्फ दो बार प्लेआफ में पहुंच सके.

### टीमें

- **राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान.
- **पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु.



## पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटीं मैरी कॉम

**भाषा । नयी दिल्ली**



छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिये भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई है. उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है. भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से फारिग करने के लिये कहा है. मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा कि देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार थी. लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी. मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं. उन्होंने कहा कि इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है. मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये हमेशा रहूंगी. आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का ऐलान किया था.

**खास बातें**

- निजी कारणों से पेरिस ओलंपिक से हटीं मैरी कॉम
- जल्द की जाएगी मैरी कॉम के विकल्प की घोषणा

## टी-20 में अहं की जगह नहीं धीमी गेंद जरूरी : बुमराह

**भाषा । मुंबई**



बल्लेबाजों पर दबाव बनाने के लिये वैरिएशन पर लगातार काम कर रहे जसप्रीत बुमराह एक तेज गेंदबाज के तौर पर अपने अहं को तिलांजलि देने को तैयार है. उन्हें विविधता की तलाश के लिये धीमी गेंद डालने से भी गुरेज नहीं है. बुमराह ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ सात विकेट से मिली जीत में मुंबई इंडियंस के लिये 21 रन देकर पांच विकेट लिये. वह अब दस विकेट लेकर युजवेंद्र चहल के साथ गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं. बुमराह ने मैच के बाद कहा कि आपको हमेशा यॉर्कर डालने की जरूरत नहीं है. कई बार यॉर्कर और कई बार धीमी गेंद भी डालनी होती है. इस प्रारूप में अहं के लिये जगह नहीं है. आप 145 किमी की रफ्तार से भी गेंद डाल सकते हैं लेकिन कई बार धीमी गेंद डालना जरूरी होता है.

**खास बातें**

- बेंगलोर के खिलाफ बुमराह में चटकाए थे पांच विकेट
- गेंदबाजों की सूची में चहल के साथ शीर्ष पर हैं बुमराह

### ब्रीफ खबरें

#### बूमराह आईपीएल के सुपरस्टार : हरभजन

**मुंबई ।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि अब खेल को अलविदा कह चुके लसिथ मलिंगा के अलावा कोई और गेंदबाज अकेले दम पर मैच जीताने की जसप्रीत बुमराह की काबिलियत का मुकाबला नहीं कर सकता. यही वजह है कि बुमराह आईपीएल के इस सत्र में सुपरस्टार हैं. हरभजन ने कहा कि पहले दिन से आज तक मैने उसे गेंदबाजी करते देखा है और उसकी गेंदबाजी में काफी बदलाव आया है. वह सीखने को लालायित रहता है. उसने भले ही आज पांच विकेट ले लिये लेकिन वह फिर जाकर वीडियो देखेगा कि कहां सुधार हो सकता है.

#### स्क्वाश टूर्नामेंट में हारी आकांक्षा सालुंके

**नयी दिल्ली ।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आर सी प्रो सीरिज स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना साफी से 3-2 से हार गई. राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता आकांक्षा को 11-8, 3-11, 11-9, 5-11, 3-11 से पराजय झेलनी पड़ी. एक घंटे से अधिक चला यह मुकाबला पीएसए चैलेंजर टूर का हिस्सा था और ईनामी राशि 15000 डॉलर है.

### मुंबई के सलामी बल्लेबाज ने कहा-हार्दिक को पसंद हैं चुनौतियां

## जल्द ही दर्शकों का दिल जीतेगा हार्दिक पांड्या : ईशान किशन

**भाषा । मुंबई**

आईपीएल के इस सत्र में भले ही हार्दिक पंड्या दर्शकों का कोपभाजन बन रहे हों लेकिन ईशान किशन को यकीन है कि मुंबई इंडियंस के कप्तान को उनका दिल जीतने की चुनौती में मजा आ रहा है. आईपीएल का मौजूदा सत्र शुरू होने से पहले रोहित शर्मा की जगह मुंबई के कप्तान बने पंड्या की स्टेडियम के भीतर लगातार हूटिंग हो रही है. आरसीबी के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मैच में भी यही आलम था लेकिन वानखेड़े स्टेडियम पर दर्शकों का एक छोटा समूह उनकी हौसलाअफजाई करता दिखा जिन्हें विराट कोहली से भी प्रोत्साहन मिला. ईशान ने कहा कि उसे (पंड्या को) चुनौतियां पसंद है. वह पहले भी इन हालात में रह चुका है और अब फिर है. वह इसके बारे में बात नहीं करेगा और न ही इसे रोकने के लिये कहेगा. उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि उसे इसमें मजा आ रहा होगाय. मैं उसे निजी तौर पर जानता हूं.

मैने उसके साथ काफी समय बिताया है. वह चुनौतियों के लिये तैयार है क्योंकि आप प्रशंसकों से शिकायत नहीं कर सकते. वह अपनी अपेक्षाओं और राय के साथ आयेंगे. उन्होंने कहा कि लेकिन मुझे पता है कि पंड्या कैसे सोचता है. वह खुश होगा कि लोग ऐसा कर रहे हैं क्योंकि आने वाले मैचों में वह बल्ले से जवाब देगा और लोग फिर उसे चाहने लगेंगे. उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशंसक क्रिकेटर की मेहनत को सराहते हैं, चाहे उसके बारे में निजी राय कुछ भी हो. उन्होंने कहा कि लोग आपकी मेहनत समझते हैं. कई बार दर्शक कुछ कठोर हो जाते हैं लेकिन फिर अगर आप अच्छा खेलने लगें या यह जताये कि इससे आप पर फर्क नहीं पड़ रहा तो हालात बदल जाते हैं. आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसो.




**खास बातें**

- लगातार हूटिंग का सामना कर रहे हैं हार्दिक पांड्या
- ईशान ने कहा-अपने बल्ले से ही जवाब देगा हार्दिक

## 2027 का वन-डे विश्व कप खेलना चाहता हूं: रोहित

**भाषा । नयी दिल्ली**



- रोहित ने कहा, मैने संन्यास के बारे में अभी नहीं सोचा है
- वनडे विश्व कप ही असली विश्व कप प्रतियोगिता है

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह कुछ साल और खेलना चाहते हैं और 2027 वनडे विश्व कप जीतने की दिली ख्वाहिश है. रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम जीत के अश्वमेधी अभियान पर सवार होकर 2023 विश्व कप फाइनल तक पहुंची लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी. 36 वर्ष के रोहित 2007 टी-20 विश्व कप टीम जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे लेकिन वह वनडे विश्व कप को इससे ऊपर रखते हैं. अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व कप 2023 फाइनल में मिली हार से वह काफी व्यथित थे. उन्होंने यूट्यूब पर 'ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस' शो में कहा कि मैने संन्यास के बार में अभी सोचा नहीं है. लेकिन पता नहीं जिंदगी कहां ले जाये. मैं इस समय अच्छा खेल रहा हूं और कुछ साल और खेलना चाहता हूं. मैं विश्व कप जीतना चाहता हूं. उन्होंने कहा कि 50 ओवरों का विश्व कप ही असली विश्व कप है. हम इसे देखकर ही बड़े हुए हैं. लॉडर्स पर 2025 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल होना है. उम्मीद है कि हम उसमें खेलेंगे.

विश्व कप फाइनल में मिली हार को छह महीने बीत चुके हैं लेकिन रोहित को अभी तक वह हार कचोटती है. उन्होंने कहा कि विश्व कप भारत में हो रहा था. हमने फाइनल तक अच्छा खेला. सेमीफाइनल जीतने के बाद लगा कि एक कदम की दूरी पर ही है. मैने सोचा कि ऐसी कौन सी एक बात है, जिसकी वजह से हम फाइनल हार सकते हैं और मेरे दिमाग में कुछ नहीं आया. उन्होंने कहा कि हमारे अभियान में एक खराब दिन आना था और वही दिन था. हमने अच्छा क्रिकेट खेला, आत्मविश्वास भी था. लेकिन एक खराब दिन हमारा था और ऑस्ट्रेलिया का अच्छा दिन था. हमने फाइनल में खराब क्रिकेट नहीं खेली. आईपीएल में 2008 से लेकर अब तक सारे सत्र खेलने वाले रोहित ने कहा कि लीग में कोई भी टीम अब कमजोर नहीं है. उन्होंने कहा कि आईपीएल पिछले एक दशक में इतना बड़ा हो गया है कि हर टीम काफी प्रतिस्पर्धी है. अब कोई कमजोर टीम नहीं है. यह ईपीएल प्रथम श्रेणी जैसा है जिसमें कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है.

#### रांची की टीम ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

**रांची ।** जेएससीए द्वारा आयोजित वीमेंस अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में रांची ने शुक्रवार को गिरिडीह को 109 रन से हराकर लगाता दूसरी जीत दर्ज की. पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने 33.1 ओवर में 173 रन बनाए. रांची की गुरलीन ने टीम के लिए सर्वाधिक 68 रन बनाए. गिरिडीह की तनिष्का व स्नेहा तीन-तीन विकेट लिए. लक्ष्य का पीछा करते हुए गिरीडीह की टीम 25.1 ओवर में 64 रन पर सिमट गई. रांची की सानिया ने चार अंजुम शैंपी और रागिनी ने दो-दो विकेट चटकाए. रांची की गुरलीन शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

### एशियाई चैंपियनशिप

## कांस्य की दौड़ में आकाश दहिया

**भाषा । बिश्केक (किर्गिस्तान)**

भारतीय पहलवान आकाश दहिया और अनिरुद्ध कुमार ने एशियाई चैंपियनशिप में खुद को कांस्य पदक की दौड़ में बनाए रखा है, लेकिन उनके तीन अन्य साथी शुक्रवार को यहां अपने-अपने भार वर्गों के अलग-अलग चरणों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए. गैर-ओलंपिक 61 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे आकाश ने उज्बेकिस्तान के सरदार रुजिमोव पर 10-8 की करीबी जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कोरिया के सांघयोन सोन को 7-3 से आसानी से हराया. वह सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के असिल एतकिन की चुनौती से पार नहीं पा सके और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना मुकाबला हार गए. अब उनका मुकाबला मंगोलिया के एनखबोल्ड एनखबाट से होगा. यश तुशिर (74 किग्रा) अपने रेपेचेज चरण में कजाकिस्तान के सिरबाज तलगट से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए. संदीप सिंह मान (86 किग्रा) भी जल्दी बाहर हो गए. वह अपना क्वालीफिकेशन मुकाबला जापान के तात्सुया शिराई से 5-0 से हार गए. विनय भी 92 किग्रा क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान के अनुभवी पहलवान अदिलेत देवलुम्बायेव से हारकर बाहर हो गए. अनिरुद्ध कुमार 125 किग्रा भार वर्ग में पाकिस्तान के जमान अनवर पर 3-0 से जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन क्वार्टर फाइनल में ईरान के अमीर हुसैन अब्बास जारे से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए. ईरान के पहलवान के फाइनल में पहुंचने के कारण अनिरुद्ध के लिए कांस्य पदक का दरवाजा खुल गया.

### मोंटे कार्लो मास्टर्स

### दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी को पिछले साल तीसरे दौर में मिली थी हार

## जोकोविच ने लोरेंजो मुसेत्ती से चुकता किया बदला

**खास बातें**

- एकतरफा मुकाबले में 7-5, 6-3 से जीते नोवाक जोकोविच
- मोंटे कार्लो मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच

**भाषा । मोनाको**

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने लोरेंजो मुसेत्ती से मिली पिछली हार का बदला चुकता किया. जोकोविच ने लोरेंजो को हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. दो बार के चैंपियन जोकोविच को पिछले साल तीसरे दौर में मुसेत्ती ने हराया था. उन्होंने छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट तब्दील करके 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की. जोकोविच ने यहां 2013 और 2015 में खिताब जीता है लेकिन उसके बाद से क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके.



### लेनार्ज को हराकर सिनर अंतिम आठ में

दूसरी रैंकिंग वाले यानिक सिनर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई. अब उनका सामना होल्गर रूने से होगा, जिसने ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया. इससे पहले रूस के कारेन खाचानोव ने हमवतन दानिल मेदवेदेव को 6-3, 7-5 से हराया था. अब वह दो बार के चैंपियन स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे, जिन्होंने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-5, 7-6 से मात दी.



## प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला, गुकेश हारे

### कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट

**भाषा । टोरंटो**



- फिरोजा के हाथों गुकेश में मिली टूर्नामेंट की पहली हार
- सातवें दौर के बाद शीर्ष स्थान से खिसके गुकेश
- प्रज्ञानानंदा ने फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला
- प्रज्ञानानंद, गुकेश व कारूआना संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश फ्रांस के फिरोजा अलीरजा के हाथों पहली हार के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद शीर्ष स्थान से खिसक गए लेकिन आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला. इस हार के बाद 17 वर्ष के गुकेश अब कारूआना और प्रज्ञानानंदा के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं. रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के 4.5 अंक हैं और उन्होंने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर आधा अंक से बढत बना ली है. निजात अबासोव के साथ ड्रॉ के बाद विदित गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर नकामूरा के साथ है जबकि अलीरजा सातवें स्थान पर हैं. अबासोव दो अंक लेकर आखिरी स्थान पर हैं.

महिला वर्ग में आर वैशाली को तीसरी हार का सामना करना पड़ा. उन्हें चीन की तिंगजी लेइ ने हराया जबकि बाकी तीनों मुकाबले ड्रॉ पर छूटे. चीन की झोंग्यी तान ने रूस की अलेक्जेंदा गोरियाश्किना से ड्रा खेला और वह आधा अंक आगे हैं. रूस की कैटरीना लागनो ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला जबकि अन्ना मुजिचुक ने भारत की कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका. तान अब पांच अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि गोरियाश्किना उनसे आधा अंक पीछे हैं. हम्पी और वैशाली के 2.5 अंक हैं और उन्हें अब वापसी के लिये दूसरे हाफ में चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चतुर्थ चंद्रमा के प्रभाव से कोई मानसिक कष्ट हो सकता है. दिन में आपके पराक्रम में वृद्धि होगी. किसी से बहस से बचें. साथ ही कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. भावनाओं को वश में रखें. मंगलस्तोत्र का पाठ करें.

**वृषभ** शौर्य में वृद्धि होगा. पर धन कुछ कम मिलेगा और मेहनत ज्यादा करना होगा. कार्य पूर्ण होंगे. प्रसन्नता तथा उत्साह से काम कर पाएंगे. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने से मान-सम्मान मिलेगा. नौकरी में सहयोगी सहायता करेंगे.

**मिथुन** नेत्र रोग से बचें. उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. व्यस्तता रहेगी. थकान हो सकती है. आपके कार्य और प्रभाव से व्यापार ठीक चलेगा. गाय को चारा दे.

**कर्क** समय उत्तम है. कोई बड़ा कार्य करने का मन होगा. आपके अच्छे प्रभाव से रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें. निवेश शुभ फल देगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं.

**सिंह** समय सामान्य है. विदेश में कोई मामला अटका है तो लाभ होगा. खर्च पर नियंत्रण रखें. आर्थिक तंगी रहेगी. नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेंगी. मन में दुविधा रहेगी. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार अच्छा चलेगा.

**कन्या** शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. लंबी अवधि से चल रही किसी समस्या का अंत होगा. प्रसन्नता व उत्साह में वृद्धि होगी. आपके कार्य के प्रभाव से भाग्य का साथ रहेगा. गणेश जी को दूब अर्पण करें.

**तुला** सरकारी कार्य में कुछ रुकावट आ सकती है. कोई बड़ा रिस्क नहीं ले. कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन हो सकता है. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा. मान-सम्मान मिलेगा.

**वृश्चिक** भाग्य का साथ मिलेगा. धर्म कर्म में मन लगेगा. सत्संग का लाभ प्राप्त होगा. कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी. चिंता में कमी रहेगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. हनुमानजी का ध्यान पूजन करें.

**धनु** किसी से बिना वजह की तकरार हो सकती है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. हताशा का अनुभव होगा. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार ठीक चलेगा. नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है. शिवलिंग पर जलाभिषेक करें.

**मकर** व्यापारी लोगों के लिए दिन अच्छा है. कोई बड़ा कार्य किया जा सकता है. कारोबार मनोनुकूल लाभ नहीं देगा. नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी. बाहरी वातावरण सुखद रहेगा, पर भाग्य का साथ रहेगा.

**कुंभ** रीक्षा व प्रतियोगिता आदि में सफलता प्राप्त होगी. आय में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है. आलस का त्याग करें.

**मीन** समय सामान्य है. दिन चिड़चिड़ापन से भरा होगा. किसी कार्य में मन नहीं लगेगा. माता से विवाद हो सकता है. आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे. मान-सम्मान मिलेगा. अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा.

## हाईकोर्ट ने पूछा- कितने भू माफिया पर कार्रवाई हुई, कितने बेल पर?

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राज्य सरकार से सक्रिय भू माफिया के आपराधिक रिकॉर्ड और केस की जानकारी मांगी है. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार ने स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई की. जिसमें सरकार से बताने को कहा है कि कितने भू माफिया के खिलाफ पांच या इससे अधिक मामले दर्ज हैं. इनमें से कितने आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिली है और कितने मामले में आरोपियों को मिली जमानत के खिलाफ याचिका दायर की गयी है. अदालत ने इन सभी बिन्दुओं पर सरकार को 24 अप्रैल तक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है. दरअसल सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एमवाई इकबाल की भूमि पर दिनदहाड़े दलालों ने जबरन कब्जा करने का प्रयास किया थाय ये मामला प्रकाश में आने पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था. जिसे जनहित याचिका में तब्दील कर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है.

## बेयांग गांव में छापेमारी, लगभग 50 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना पुलिस ने शुक्रवार सुबह अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया. इसका नेतृत्व रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय व अवर निरीक्षक रंजीत महतो ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान थाना क्षेत्र के दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत अंतर्गत बेयांग गांव में छापेमारी कर चल रहे अवैध देशी महुआ शराब के कई भट्ठियों को ध्वस्त किया गया. साथ ही करीब 50 लीटर से भी अधिक अवैध महुआ शराब को नष्ट किया गया. इसके अलावे शराब बनाने में प्रयुक्त होनेवाला उपकरण और छोटे छोटे ड्राम सहित अन्य सामान को भी नष्ट किया गया. अवैध शराब निर्माण करने वाले एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया. इस दौरान अवैध शराब भट्ठी के संचालन तथा शराब निर्माण एवं बेचने के आरोप में दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत अंतर्गत बेयांग गांव निवासी प्रेमनाथ मुंडा पिता बैजनाथ मुंडा पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत के लिए रामगढ़ उपकरा भेज दिया गया.

### भले ही झांकियों को लेकर प्राथमिकी दर्ज करा दें, लेकिन जनता के आक्रोश को कैसे दबा पाओगे ?

# सरहुल शोभायात्रा में दिखा केंद्र का नीतियों के खिलाफ गुस्सा, भाजपा जवाब दे : सुप्रियो

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो ने इस साल की सरहुल शोभायात्रा को कुछ अलग बताया. पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस बार की सरहुल शोभायात्रा में केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध साफ तौर देखा गया. चाहे वह आदिवासी धर्म कोड की मांग हो, नये फॉरेस्ट एक्ट के जरिए जंगल को बर्बाद करने या कॉल बेयरिंग एक्ट हो या फिर जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों को बेदखल करने का मामला हो या फिर चुनावी बांड का मामला. इससे यह साबित होता है कि केंद्र सरकार की आदिवासी विरोधी नीतियों से जनजातीय समाज में गुस्सा है. सुप्रियो ने कहा कि हमारी सरकार ने सर्वसम्मति से सदन से ध्वनिमत से आदिवासी/सरना धर्म कोड का प्रस्ताव पारित कर भेजा, लेकिन केंद्र सरकार उसे वापस कर देती है. इस देश में हिंदू, ईसाई, सिख, बौद्ध व जैन धर्म का अपना धर्म कोड हो सकता है, तो देश में रहनेवाले करोड़ों प्रकृति पूजक आदिवासियों का अपना धर्म कोड क्यों नहीं हो सकता है. छत्तीसगढ़ में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय बहुत देर से आया, क्योंकि अब हसदेवा के जंगल में अंबानी का प्रवेश हो चुका है, आदिवासियों और जंगलों को बर्बाद करने के लिए. अब केंद्र सरकार की नजर हमारे राज्य के सारंडा की जंगलों पर भी है. आदिवासियों के इन मुद्दों पर आखिर भाजपा खामोश क्यों है, उसे जवाब देना चाहिए. पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि आप भले ही झांकियों को लेकर प्राथमिकी दर्ज करा दें, लेकिन जनता के आक्रोश को कैसे दबा पाओगे. यह जनता और आदिवासी समाज का गुस्सा है, जो कल सड़कों पर दिखा. अभी तो यह झांकी है, मोदी सरकार की कॉरपोरेट हितैषी नीतियों का विरोध आनेवाले दिनों में और बढ़ेगा.

## सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बावजूद एसबीआई ने भाजपा को उपलब्ध कराये 356 करोड़

### क्या-क्या बोले सुप्रियो

1. चाईबासा में हो समाज के विरोध और लोहरदगा से चमरा लिंडा की नाराजगी पर पार्टी ने कहा–चुनाव में ये सब चलता रहता है, कहीं कोई विरोध नहीं
2. सरहुल शोभायात्रा में दिखा केंद्र की नीतियों के खिलाफ गुस्सा, भाजपा खामोश क्यों है : सुप्रियो भट्टाचार्य
3. अभी नामांकन नहीं किया है लोबिन ने, उन्हें मना लिया जाएगा



**संभावित हार को देखकर बौखला गये हैं**

गोड्डा के भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे द्वारा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को दरकिनार किए जाने के आरोप पर सुप्रियो ने कहा कि दरअसल वे अब अपनी संभावित हार को देखकर बौखला गये हैं. 4 जून को उन्हें सब पता चल जाएगा. ये उनलोगों के पिछलग्गू हैं, जो कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र कहते हैं.

### मना लिये जायेंगे लोबिन, थोड़ा-बहुत विरोध चुनाव में चलता रहता है

सुप्रियो ने पार्टी के विधायक लोबिन हेंब्रम की नाराजगी और पार्टी में रहते राजमहल से चुनाव लड़ने के मसले पर कहा कि उन्हें मना लिया जायेगा. अभी उन्होंने नामांकन नहीं किया है ना. उन्होंने चाईबासा में हो समाज का विरोध और लोहरदगा से पार्टी विधायक चमरा लिंडा के चुनाव मैदान में उतरने की बात पर कहा कि कहीं कोई विरोध नहीं है. चुनाव में थोड़ी–बहुत नाराजगी चलती रहती है. ऐसा सभी पार्टियों में होता है.

### सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बावजूद वित्त मंत्री ने पार्टी को फिर से चंदा दिलवाया

भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की कड़ी दबिश के बावजूद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की पहल पर एसबीआई ने भाजपा के खाते में 356 करोड़ रुपये गैरकानूनी रूप से हस्तांतरित कराये. यह वहीं सीतामरण जी हैं, जो कहती हैं उनके पास चुनाव लड़ने को पैसे नहीं हैं. अब यह एसबीआई आम लोगों का बैंक नहीं रहा. यह बैंक भाजपा को चंदा उपलब्ध कराने का एक माध्यम बनकर रह गया है.

**महारैली में सभी असली सनातनी हिस्सा लेंगे**

भट्टाचार्य ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि 21 की उलगुलान महारैली में गैर सनातनी लोग हिस्सा लेंगे. लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि इस रैली में असली सनातनी लोग हिस्सा लेंगे. इसमें सनातनी के नाम पर ढोंग करने वाले नहीं आयेंगे. ये लोग प्रज्जवलित अग्नि के समक्ष लिए गए संकल्प के विरुद्ध कार्य करने वाले सनातनी हैं. ये लोग सनातनी कर्मकांड पर विश्वास नहीं करते हैं.

## जनता की मांग पूरी करने के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा : लोबिन



**साहिबगंज।** जेएमएम के बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने शुक्रवार को कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र की जनता की मांग को पूरा करने के लिए मैं निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा. लोबिन ने कहा कि मैं 1990 से जेएमएम से विधायक हूं. बोरियो विधानसभा क्षेत्र राजमहल लोकसभा अंतर्गत आता है. लोबिन ने कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सभी छह विस क्षेत्र से मुझे यह पूछने के लिए फोन आ रही है कि आप चुनाव लड़ रहे है या नहीं. सीएम चंपाई सोरेन, बसंत सोरेन से मैने कहा कि सांसद विजय हांसदा को क्षेत्र की जनता पसंद नहीं करती है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जनता का कहना है कि पिछले 10 वर्षो में हमने सांसद को देखा तक नहीं है. मैने सीएम से कहा था कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र की स्थिति ठीक नहीं है. बसंत सोरेन ने भी कहा था कि चाचा हमको पता है.

**विश्वास था कि इस चुनाव में नये चेहरे को मिलेगा टिकट :** लोबिन ने कहा कि पार्टी पर विश्वास था कि इस चुनाव वह नये चेहरे को टिकट देगी. इस बार जनता की आवाज थी कि चेहरा बदलना है. लोगों का कहना है कि वे मुझे सांसद के रूप में देखना चाहते हैं.

**पार्टी में रहकर ही लड़ूंगा लोकसभा चुनाव :** लोबिन ने कहा कि मैं शुरू से ही जेएमएम का कार्यकर्ता हूं और मैं पार्टी को बचाना चाहता हूं. मैं पार्टी में रहकर ही राजमहल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ूंगा. उन्होंने कहा कि मैं बागी नही हूं, मैं जेएमएम का सच्चा सिपाही हूं. लोग कहते है कि मैं भाजपा से मिला हुआ है, पर कोई इसका प्रमाण नहीं दे पाता है. मैं चैलेंज करता हूं कि लांछन न लगाएं, कहने वाले बहुत कुछ कहते हैं. बीजेपी के किसी भी नेता से मेरी बातचीत तक नहीं हुई है.

## पैसे और परिवार के लिए राजनीति करता है इंडी गठगबंधन : बाबूलाल

- सबका साथ ,सबका विकास के साथ पूरा होगा 400 पार का संकल्प
- समारोह में विभिन्न दलों के सैकड़ों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

संवाददाता। रांची

प्रदेश भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, राजद के प्रदेश महासचिव हरदेव साहू और अंजू देवी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पैसे और परिवार के लिए इंडिया गठबंधन राजनीति करता है, इनका जनता से कोई लेना देना नहीं है. पूरे देश में सनातन विरोधी एक मंच पर आ रहे हैं, पर देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा है और वह विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है. पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मोदी सरकार के विकास कार्यों ने जानाकांक्षाओं को पूरा किया है, जिससे प्रभावित होकर हर दिन लोग बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं. सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ पूरा करेंगे 400 पार का संकल्प.



**देश की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसाः संजय सेठ**

प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने सभी को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई. सांसद संजय सेठ ने कहा की देश की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है और गांव–गांव में उनकी योजनाओं से लोगों के जीवन में खुशहाली आई है. जनता में तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाने को लेकर उत्साह है. आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने भाजपा की सदस्यता लेने बाद कहा कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस विरोध के आधार पर ही आई थी, पर आज उसी के तलवे चाट रही है. कार्यक्रम का संचालन शिवपूजन पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापन अमरदीप यादव ने किया.

## गुमला में पुल का काम बंद कराने वाले चार उग्रवादी गिरफ्तार

संवाददाता। गुमला

जिले के डुको सिकवार में पुल निर्माण कार्य बंद कराने और 25 लाख रुपए की लेवी मांगने वाले चार उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार उग्रवादियों में केश्वर लोहरा, हीरा उरांव, नैका उरांव उर्फ छोटू और लखीराम उरांव का नाम शामिल है. सभी आरोपी गुमला जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं. इनलोगों के पास से .315 की चार रायफल, 8 एमएम का 86 गोली, दो मैगजीन, दो पिट्ठू और आधा दर्जन मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है. पुलिस के अनुसार 4 अप्रैल को जलका स्थित उत्तर कोयल नदी पर पुल निर्माण कार्यस्थल पर 4 अप्रैल को टीपीसी उग्रवादी रात में आकर निर्माण कार्य को बंद कराया. वहीं लेवी लेने के उद्देश्य से मजदूरों को बंधक बना कर मारपीट की. जाते समय घटनास्थल पर 25 लाख रुपए की लेवी लेने से संबंधित टीपीसी का पर्चा भी छोड़ा. इस संबंध में सिसई थाना (कांड सं0-40/24) प्राथमिकी दर्ज करते हुए गुमला एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया. गिरफ्तार आरोपी पूर्व में लूट, रंगदारी समेत अन्य मामलों में जेल जा चुके हैं.



**खास बातें**

- चार राइफल और 86 गोली समेत अन्य सामान जब्त
- डुको सिकवार में ठेकेदार से मांगी थी 25 लाख रु लेवी

**काम बंद नहीं करने पर कार्रवाई की दी थी धमकी**

4 अप्रैल को टीपीसी के उग्रवादी ने पर्चा छोड़ कर धमकी दी थी. पर्चा के अनुसार पुल ठेकेदार आपको संगठन द्वारा सूचित किया जाता है कि संगठन की अनुमति के बिना काम चालू किए हैं. संगठन के द्वारा आपके काम को बंद किया जाता है. बंद नहीं करने पर मजबूरन जन अदालत की कार्रवाई होगी. जब तक संगठन से नीतिगत बात नहीं कर लेते तब तक अपने काम को रोक दो, वरना कार्रवाई होती रहेगी. घटना की जानकारी मिलने के बाद 7 अप्रैल को गुमला एसपी ने मौके पहुंच कर निरीक्षण किया था. और कांड के अनुसंधान एवं अपराधियों की गिरफ्तारी संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिये.

## विद्यालय में न बिजली न पानी, विकास नहीं हुआ और खर्च हो गये पैसे

संवाददाता। श्रीबंशीधरनगर (गढ़वा)

सरकार विद्यालय के विकास व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन कई जगहों पर विद्यालय प्रधान की मनमानी के कारण सरकार के मंसूबे पर पानी फिर जा रहा है. गढ़वा जिला के श्रीबंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित हाई स्कूल गरबांध को शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय विकास एवं खेल सामग्री के लिये मिले एक लाख रुपये उपलब्ध कराये गये थे. लेकिन इस राशि में हेराफेरी का मामला सामने आया है. आरोप है कि विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी राशि का फर्जी तरीके से उपयोगिता प्रमाण पत्र भी बीआरसी केंद्र में जमा करा दिया गया है. विद्यालय में न तो बिजली है और न ही पानी है. विद्यालय भवन की साज-सज्जा भी नहीं की गयी है. साइंस लैब भी अव्यवस्थित है. बच्चे अपने घर से पानी लाकर प्यास बुझाते हैं. स्अकूल में पढ़ रहे बच्चे भारी अव्यवस्था के बीच पढ़ाई करने को विवश हैं.

शिक्षा विभाग ने उत्क्रमित हाई स्कूल गरबांध को विद्यालय विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के दिसंबर माह में 75 हजार रुपये और खेल के विकास के लिये 25 हजार रुपये, यानि कुल 1 लाख रुपये उपलब्ध कराये थे. राशि मिलने के बाद विद्यालय प्रधान द्वारा ने स्कूल के विकास का काम नहीं किया. आरोप है कि फर्जी तरीके से वाउचर बनाकर पूरी राशि का वारा-न्यारा कर दिया गया है. यही हाल खेल मद में दी गयी राशि का भी है. विद्यालय में बच्चों के खेलकूद के लिए नई खेल सामग्री की क्रीदारी नहीं की गयी है. बच्चे आज भी स्कूल में पुराने टूटे-फूटे खेल सामग्री से खेलते हैं.

विद्यालय में क्या करना था विकासशिक्षा विभाग से मिली राशि से स्कूल में शिक्षण सामग्री, भवन का रंगरोगन, बिजली-पानी एवं शौचालय व्यवस्थित करना था. लेकिन विद्यालय प्रधान ने स्कूल के विकास में पैसे खर्च नहीं किये. न स्कूल भवन का रंगरोगन हुआ, न बिजली-पानी की व्यवस्था हुई. शिक्षक और बच्चे घर से पानी लाकर प्यास को बुझा रहे हैं.

**स्कूल का विकास किया, सामग्री का ऑर्डर दे दिया : अर्चना**

उत्क्रमित हाई स्कूल गरबांध के विकास और खेल सामग्री के लिये मिले एक लाख रुपये के खर्च के संबंध में पूछे जाने पर विद्यालय प्रधान अर्चना कुमारी ने कहा कि विद्यालय का विकास किया गया है. खेल मद में मिली राशि से खेल सामग्री की खरीदारी के लिए ऑर्डर दिया गया है. जल्द ही स्कूल में खेल सामग्री उपलब्ध करा दी जाएगी. उन्होंने कहा कि विद्यालय के विकास मद में मिली राशि में किसी तरह की हेराफेरी नहीं की गयी है. रासि से स्कूल का विकास किया गया है. सारे आरोप बेबुनियाद हैं.

**मामले की जांच करा कर कार्रवाई करेंगे : बीईईओ**

बीईईओ विजय पांडेय ने कहा कि विद्यालय के विकास मद की राशि कैसे खर्च हुई, किस–किस मद में राशि खर्च हुई, राशि खर्च हुई भी या नहीं, इसकी जांच करा कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

## अविनाश कुमार को मुख्य स्थानिक आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने ऊर्जा विभाग में अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित अविनाश कुमार को मुख्य स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन, नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है. कुमार विकास आयुक्त, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ऊर्जा विकास निगम, प्रबंध निदेशक, झारखंड बिजली वितरण निगम के भी अतिरिक्त प्रभार में हैं. योजना एवं विकास विभाग में प्रधान सचिव के पद पर पदस्थापित मस्त राम मीना को प्रभारी सदस्य राजस्व पर्षद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.

**पुलिसिया कार्रवाई**

### आदित्यपुर थाना क्षेत्र के सपड़ा मोड़ के पास एमटीसी मॉल के पीछे का है मामला

## कारोबारी व झामुमो नेता पर बोतल बम फेंकने के दो आरोपी धराये

संवाददाता। आदित्यपुर

कारोबारी और झामुमो नेता पर बोतल बम से हमला करने को दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. घटना आदित्यपुर थाना क्षेत्र के सपड़ा मोड़ स्थित एमटीसी मॉल के पीछे मंगलवार रात की है. बोतल बमकांड मामले में शुक्रवार को एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर सरायकेला में खुलासा किया. उन्होंने बताया कि इस कांड में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. गिरफ्त में आए बदमाशों में कुख्यात मोती विशोई और मंतोष महतो शामिल हैं. एसडीपीओ ने बताया कि कांड को लेकर उनके नेतृत्व में गठित एसआईटी में शामिल पुलिस अधिकारियों ने 36 घंटे के भीतर कांड में शामिल दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया.

कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश में रेड चल रही है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और तकनीकी पड़ताल में उक्त बदमाशों की संलिप्तता पाई गई. दोनों ने पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. पुलिस ने दोनों युवकों के पास से तीन मोबाइल, मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर और घटना को अंजाम देते समय अभियुक्तों द्वारा पहने हुए कपड़े बरामद किए हैं. गिरफ्तार दोनों आरोपी हिस्ट्रीशीटर हैं. इनके खिलाफ आदित्यपुर थाने में कई मामले दर्ज हैं और पूर्व में भी दोनों जेल जा चुके हैं.



**खास बातें**

- मास्टरमाइंड के नाम का खुलासा नहीं, मोती व मंतोष को भेजा जेल
- 36 घंटे के भीतर कांड में शामिल दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया

**पुलिस ने छुपाया कार्तिक मुंडा का नाम**

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस घटना का मास्टर माइंड कार्तिक मुंडा है. इसको लेकर पूछे गए सवाल पर एसडीपीओ ने बताया कि एक टीम बना कर उसकी तलाश की जाएगी. बता दें कि पिछले 12 सालों से सरायकेला पुलिस के लिए कार्तिक मुंडा सिरदर्द बना हुआ है. लगभग सभी मामलों में उसकी संलिप्तता पाई जाती है, मगर वह पुलिस की पकड़ से आज तक दूर है.

इस कांड के उद्भेदन को लेकर गठित एसआईटी में एसडीपीओ संतोष मिश्रा के अलावे आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह, कांड्रा थाना प्रभारी विनोद कुमार, एएसआई संतन कुमार तिवारी, विपुल कुमार ओझा, रंजीत कुमार सिंह, दिलशन बिरुआ, सतीश वर्णवाल, आरक्षी संदीप दुबे, जिला तकनीकी बल के साथ सशस्त्र बल शामिल थे.

एसडीपीओ ने बताया कि फिलहाल मामला अनुसंधान के क्रम में है. इसलिए सरगना का नाम नहीं बताया जा सकता है.

## चार लोगों की हत्या के आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार दिया

संवाददाता। जमशेदपुर

पूर्वी सिंहभूम के पोटका थाना क्षेत्र स्थित सोहदा पंचायत के पाथरभांगा टोला चाटानी में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या करने के आरोपी बोस्को टुडू को जमशेदपुर कोर्ट ने दोषी पाया है. शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे 2 आभाष वर्मा ने बोस्को को दोषी करार दिया. कोर्ट 26 अप्रैल को सजा की बिंदु पर सुनवाई करेगी. अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने पैरवी की. राजीव कुमार ने बताया कि मामले में कुल 13 लागों की गवाही हुई थी, जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाया है. घटना 20 जनवरी 2016 की है. इस घटना में बोस्को ने थापा टुडू (35), रमेश टुडू (30), रमेश टुडू की पत्नी मालती टुडू (20) व सोनिया टुडू (20) की कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी थी. चारों की हत्या करने के बाद आरोपी बोस्को टुडू ने पुलिस के सामने समर्पण कर दिया था. बोस्को टुडू रिश्ते में थापा और रमेश का चचेरा भाई है. घटना से कुछ दिनों पूर्व बोस्को की पत्नी बाली टुडू को डायन कह कर थापा, रमेश और सोनिया के छोटे भाई भैरव ने कुल्हाड़ी से मार डाला था.

**खास बातें**

- एक ही परिवार के चार लोगों की बोस्को टुडू ने की थी हत्या
- 26 अप्रैल को सजा के बिंदु पर सुनवाई करेगा न्यायालय

## ब्रीफ खबरें

### ओडिशा की पूर्व मंत्री कमला दास का निधन

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा की पूर्व मंत्री कमला दास का शनिवार देर रात कटक के एक अस्पताल में निधन हो गया. परिवार के सदस्यों ने बताया कि 79 वर्षीय दास को सीने में दर्द की शिकायत के बाद दो सप्ताह पहले भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इलाज के दौरान उनके फेफड़ों में संक्रमण का पता चला. उन्होंने कहा कि बाद में उन्हें कटक के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया. दास पिछले तीन दिनों से 'वेंटिलेटर' पर थीं.

### जयपाल भुल्लर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ।** गैंगस्टर जयपाल भुल्लर के गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलोग्राम हेरोइन तथा दो पिस्तौल बरामद की गयी हैं. पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जांच से पता चला है कि यह गिरोह पाकिस्तान से सीमा पार से हेरोइन मंगा रहा है. इसी दौरान एक सदस्य को गिरफ्तार किया और उसके पास से तीन किग्रा हेरोइन तथा दो पिस्तौल बरामद की.

### बसपा ने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की

**लखनऊ ।** बसपा ने शुक्रवार को लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की. पार्टी ने एक बयान में कहा कि पूर्व बसपा प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ लोकसभा सीट से जबकि पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को घोसी से खड़ा किया गया है. मोहम्मद इरफान को एटा से, जबकि श्याम किशोर अवस्थी को धौरहरा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है. पार्टी के मुताबिक, सचिदानंद को फैजाबाद और दयाशंकर को बस्ती सीट से उतारा गया है.

### मणिपुर में फिर हिंसा फायरिंग में एक घायल

**मणिपुर ।** नॉर्थ ईस्ट के मणिपुर में लोकसभा चुनाव 2024 से पहले फिर माहौल तनावपूर्ण हो गया है. ऐसा इसलिए क्योंकि वहां सशस्त्र सुरक्षा बलों और अज्ञात हमलावरों के बीच गोलीबारी हुई है. पुलिस के हवाले से न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट में बताया गया कि मणिपुर के थौबल जिले के हिरोक गांव के पास शुक्रवार को सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी में निंगथौजाम जेम्स सिंह घायल हो गया, जिसे बाद में इंफाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### मथुरा: ट्रक की टक्कर से चार लोगों की मौत

**मथुरा (उप्र) ।** जनपद के वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी के मंदिर से गुरुवार को दर्शन कर कार से वापस दिल्ली लौट रहे चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई. जैंत थाना प्रभारी अजय वर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के मोतीनगर निवासी और पेशे से सीए विशाल त्यागी कार चला रहे थे. वृंदावन से जैसे ही उनकी कार अल्हैपुर कट से होते हुए राजमार्ग की दिल्ली वाली लेन पर पहुंची, पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसे ड्राइवर साइड में टक्कर मार दी.



### मोदी ने भाजपा उम्मीदवार जितेंद्र सिंह के समर्थन में किया रैली, बोले

# जम्मू-कश्मीर में विस चुनाव अब दूर नहीं, राज्य का दर्जा मिलेगा

**एजेंसी । उधमपुर (जम्मू एवं कश्मीर)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का समय दूर नहीं है और केंद्र शासित प्रदेश के लोग जल्द ही मंत्रियों और विधायकों के साथ अपने मुद्दे साझा कर सकेंगे. प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती राज्य में भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई विकास परियोजनाएं सिर्फ एक 'ट्रेलर' हैं और उन्हें आने वाले दिनों में एक नए जम्मू एवं कश्मीर की शानदार तस्वीर बनाने के लिए काम करना है.

उन्होंने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर पूरी तरह बदल चुका है और सबसे बड़ी बात यह है कि लोगों का हृदय परिवर्तन हुआ है क्योंकि लोग निराशा से उम्मीद की ओर बढ़े हैं. आगामी लोकसभा चुनावों में उधमपुर से भाजपा के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के समर्थन में यहां आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, वह समय दूर नहीं है जब जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे. इससे उसका राज्य का दर्जा भी वापस मिल जाएगा. आप अपने मुद्दों को अपने विधायकों और मंत्रियों के साथ फिर से उठाएंगे.

**यहां विकास देखकर अच्छा लगता है :** प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि जम्मू एवं कश्मीर में समाज के हर वर्ग के सभी मुद्दों का समाधान किया जाएगा. उन्होंने नये जम्मू एवं कश्मीर की जीवंत तस्वीर बनाने के अपने दृष्टिकोण का खुलासा किया और कहा कि लोग कह रहे हैं कि क्षेत्र में बहुत कुछ किया गया है. उन्होंने कहा, आपने सबसे खराब (समय) देखा है, इसलिए यह आपको बहुत कुछ दिखता है. विकास देखकर अच्छा लगता है. लेकिन मोदी की सोच इससे भी बड़ी है. मोदी के पास एक बड़ी दृष्टि है. अब तक जो कुछ भी हुआ है वह सिर्फ ट्रेलर है. उन्होंने कहा कि सड़क और सुरंग निर्माण की जारी परियोजनाओं को तेज गति से पूरा किया जाएगा और देश-विदेश से कंपनियां और फैक्ट्रियां जम्मू-कश्मीर में आएंगी.



### आपका सपना मेरा संकल्प है

प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को स्टार्ट-अप हब बनना है. उन्होंने कहा कि यह नया चरण जम्मू एवं कश्मीर का भाग्य बन रहा है. उन्होंने कहा, इस सपने को कई पीढ़ियों ने देखा है. मैं आपको गारंटी देता हूं कि आपका सपना मेरा संकल्प है. अपने सपने को पूरा करने का हर पल आपको समर्पित है. ये प्रयास भारत के नाम पर होंगे. यह जम्मू-कश्मीर की तकदीर बदल देगा. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने के लिए चौबीसों घंटे काम करेगी. मोदी ने कहा, यह मोदी की गारंटी है. पिछले 10 वर्षों में हमने क्षेत्र में आतंकवाद और भ्रष्टाचार पर नकेल कसी है. अगले पांच वर्षों में हम इस क्षेत्र को विकास और प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे. उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जम्मू एवं कश्मीर पूरी तरह बदल गया है.

### इधर, उमर बारामूला सीट से लड़ेंगे चुनाव

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बारामूला लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे. नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने शुक्रवार को यह घोषणा की. नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने उम्मीदवारों की घोषणा करते हुए संवाददाताओं से यह भी कहा कि कि प्रभावशाली शिया नेता आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी मध्य कश्मीर के श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे. यह क्षेत्र नेकां का गढ़ रहा है. अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने घोषणा की थी कि जब तक जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता, वह विस चुनाव नहीं लड़ेंगे. बारह विस क्षेत्रों में फैली बारामूला लोस सीट पर चुनावी संघर्ष उन महत्वपूर्ण मुकाबलों में से एक होगी जिन पर लोगों की गहरी नजर होगी, क्योंकि परिसीमन के बाद निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी समीकरण बदल गया है.

### सोलापुर में भाजपा नेता मोहिते ने पार्टी छोड़ी

**पुणे ।** महाराष्ट्र के सोलापुर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा को झटका देते हुए धैर्यशील मोहिते पाटिल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और उनके राकांपा में शामिल होने की संभावना है. सोलापुर जिले में भाजपा के महासचिव रहे मोहिते पाटिल ने 10 अप्रैल को लिखे एक पत्र में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को निजी कारणों का हवाला देते हुए अपना इस्तीफा सौंप दिया. एक दिन पहले राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने घोषणा की थी कि मोहिते पाटिल उसकी प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल की उपस्थिति में उनकी पार्टी में शामिल होंगे. पवार ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा था, धैर्यशील मोहिते पाटिल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल की उपस्थिति में अगले दो दिन में पार्टी में शामिल होंगे.

### बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामला

# एनआईए ने कोलकाता से दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया. अधिकारियों ने जानकारी दी कि आरोपी मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा का कोलकाता के पास एक ठिकाने में मौजूद होने का पता चला. इसके बाद एनआईए की टीम ने छापा मार कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया. अधिकारियों ने कहा कि शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखा था. ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है.

### एनआईए ने 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी

बता दें कि एनआईए ने पिछले माह इन आरोपियों की गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी. बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में एक मार्च को विस्फोट हुआ था और तीन मार्च को एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा ले लिया था.

एक अधिकारी ने कहा, शुक्रवार सुबह एनआईए को जानकारी मिली कि दोनों आरोपी कोलकाता में अपनी पहचान बदल कर रह रहे हैं.

# बंगाल के खिलाफ अफवाहें फैला रही है भाजपा : ममता

**एजेंसी । कूचबिहार (पश्चिम बंगाल)**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनने संबंधी भाजपा के आरोपों के लिए शुक्रवार को पार्टी की आलोचना की और कहा कि बेंगलुरु विस्फोट मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी राज्य पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण ही संभव हो सकी है. दरअसल बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिसके बाद से राज्य में राजनीतिक घमासान शुरू हो गया. राज्य में विपक्षी दल भाजपा ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन ने राज्य को आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना दिया है. बनर्जी ने कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, सुना है कि भाजपा के एक नेता कह रहे थे कि बंगाल सुरक्षित नहीं है. पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दो घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. उन राज्यों के बारे में क्या जहां आप सत्ता में हैं? उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात और बिहार के बारे में क्या कहना है? बनर्जी ने भाजपा पर राज्य के खिलाफ अफवाह फैलाने का आरोप लगाया. उन्होंने भाजपा पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने और चुनावों में राजनीतिक दलों को समान अवसर नहीं देने का आरोप भी लगाया.

### अदालत ने सीबीआई-ईडी को नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली की एक अदालत ने आम चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते आबकारी मामलों में अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करने वाली आप के नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को ईडी तथा सीबीआई को नोटिस जारी किया. सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को 20 अप्रैल तक अपना जवाब देने का निर्देश दिया. अदालत उसी दिन मामले पर सुनवाई कर सकती है. सीबीआई के साथ ही ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया. लाइसेंस को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना बढ़ाया गया.

- मनीष सिसोदिया के जमानत का मामला



**रोड-शो**

**मदुरै ।** एआईएडीएमके उपाध्यक्ष आरबी उदयकुमार ने शुक्रवार को मदुरै जिले में विरुधुनगर निर्वाचन क्षेत्र से डीएमके उम्मीदवार विजया प्रभाकरन के समर्थन में प्रचार किया. साथ ही तिरुमंगलम में एक रोड शो के दौरान समर्थकों को संबोधित भी किया. -फोटो: पीटीआई

### अदालत ने कविता को 15 अप्रैल तक हिरासत में भेजा

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली की एक अदालत ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शुक्रवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया. विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सीबीआई और कविता के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश जारी किया. सीबीआई ने कविता को तिहाड़ जेल में गुरुवार को गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद रखा गया है. सीबीआई ने कविता को आईपीसी की धारा 120-बी के साथ धारा 477-ए और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने के आरोप में संबंधित अपराध) के तहत गिरफ्तार किया.

### बंगाल पीडीएस 'घोटाला'

# पूर्व मंत्री ज्योति प्रिय मल्लिक दो अन्य से जुड़ी संपत्तियां कुर्क

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पीडीएस राशन 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और दो अन्य से जुड़ी 150 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है. ये दो अन्य आरोपी मल्लिक के कथित सहयोगी बकीबुर रहमान और तृणमूल नेता शंकर आध्या हैं. इस मामले में संघीय जांच एजेंसी ने तीनों को गिरफ्तार किया है.

ईडी ने एक बयान में कहा है कि कुर्क की गई संपत्तियों में विभिन्न व्यक्तियों और संस्थाओं की 48 अचल संपत्तियां शामिल हैं. इनमें बोलपुर के साल्ट लेक स्थित मल्लिक का घर, उनके करीबी सहयोगियों के नाम पर कई अन्य बेनामी संपत्तियां, कोलकाता और बेंगलुरु में रहमान के दो-दो होटल, विभिन्न बैंकों में जमा राशि सावधि जमा शामिल हैं.

यह भी पाया गया है कि मल्लिक ने कथित तौर पर करोड़ों रुपये से अधिक की इन अचल संपत्तियों में से कुछ को अपने परिवार के सदस्यों या करीबी सहयोगियों के नाम पर उपहार के रूप में प्राप्त किया था. आध्या पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अंतर्गत बनगांव से तृणमूल कांग्रेस के नेता हैं.

### रूसी हमलों में यूक्रेन का शीर्ष ऊर्जा संयंत्र तबाह

**कीव ।** रूस द्वारा मिसाइल और ड्रोन से किये गए भीषण हमलों में यूक्रेन के शीर्ष ऊर्जा संयंत्रों में से एक संयंत्र तबाह हो गया और साथ ही अन्य इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है. अधिकारियों ने बताया कि कीव, चर्कासी और जाइटॉमिर क्षेत्रों को बिजली की आपूर्ति करने वाले सबसे बड़े ऊर्जा संयंत्र ट्राइपिल्स्का को कई बार निशाना बनाया गया और इन हमलों में ट्रांसफार्मर और जनरेटर नष्ट हो गए और संयंत्र में आग लग गई. संयंत्र का संचालन करने वाली सरकारी कंपनी सेंटरनेर्गो के पर्यवेक्षी बोर्ड के अध्यक्ष एंड्री गोटा ने बताया कि जैसे ही संयंत्र पर पहले ड्रोन से हमला हुआ कर्मचारियों ने जान बचाने के लिए एक आश्रय स्थल में शरण ली. उन्होंने कहा कि चारों ओर आग की लपटें उठ रही थीं और काले घने धुएं का गुबार छाया हुआ था.

### आम आदमी पार्टी का मोदी सरकार पर आरोप

# दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश हो रही है

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



आप नेता आतिशी ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ बहुत बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है. दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने साजिश हो रही है. साथ ही आतिशी ने उपराज्यपाल द्वारा गृह मंत्रालय को लिखे गये पत्रों पर कड़ी आपत्ति जताई. कहा कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी होगा. आतिशी ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर होते हुए कहा, हमें विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले दिनों में केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है. इस क्रम में कहा कि एक पुराने मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सचिव को बर्खास्त कर दिया गया. यह केजरीवाल सरकार को गिराने की बड़ी साजिश है. एक बार फिर आरोप लगाया कि केजरीवाल को फर्जी मामले में झूठे केस में फंसा कर केंद्र सरकार और ईडी ने गिरफ्तार कराया है.

### मंदिरों पर हमले का मामला

### आलोचना करने वाला अमेरिकी संसद में पेश

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में हिंदुओं और हिंदू धर्म के योगदानों का उल्लेख करते हुए एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सांसद ने हिंदूफोबिया, हिंदू-विरोधी कट्टरता, नफरत और असहिष्णुता की निंदा करते हुए प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया. कांग्रेस सदस्य श्री थानेदार द्वारा बुधवार को पेश किया गया. प्रस्ताव सदन की निरीक्षण और जवाबदेही समिति के पास भेजा गया है. प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में सकारात्मक योगदानों के बावजूद हिंदू-अमेरिकियों को अपनी विरासत और प्रतीकों के बारे में रूढ़िवादिता और दुष्प्रचार का सामना करना पड़ता है. वे स्कूलों और कॉलेज परिसरों में छेड़छाड़ के साथ ही भेदभाव, घृणा भाषण तथा पूर्वाग्रह से प्रेरित अपराधों का सामना करते हैं.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# बायोमेडिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम कर बना सकते हैं बेहतर कॅरियर

**रजनीश प्रसाद । रांची**

तेजी से बदल रही दुनिया में लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. हाल ही में आपने सुना होगा यूके की अस्ट्रजेनेका और भारत की सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने मिलकर वैक्सीन बनायी है. बायोमेडिकल इंजीनियरिंग को बायोम्ड के रूप में भी जाना जाता है. इस कोर्स में छात्रों को आर्टिफिशियल अंगों, सर्जिकल रोबोट, एडवांस्ड प्रोस्थेटिक्स, नई दवाओं के विकास से संबंधित कौशल से पारंगत कराया जाता है. आने वाले समय में कॅरियर के लिए अच्छा स्कोप है. आइए जानते हैं यूके में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग कैसे करें. जानिए कौन-कौन सी टॉप यूनिवर्सिटीज में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई होती है और क्या है कॅरियर स्कोप.



### यूके में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग क्यों करें

1. यूके की यूनिवर्सिटीज क्वालिटी एजुकेशन और एक्सीलेंट एजुकेशन पर जोर देती हैं, जिससे प्रैक्टिकल नॉलेज और एक्सपीरियंस में बढ़ोतरी होती है.
2. छात्र पढ़ाई के साथ-साथ अपने डेली लाइफ के खर्चों को मैनेज करने के लिए एकेडेमिक टर्म के दौरान सप्ताह में 20 घंटे तक पार्ट टाइम काम कर सकते हैं. वे अपने सेमेस्टर ब्रेक के दौरान 40 घंटे तक काम कर सकते हैं.
3. यूके में पढ़ाई करनेवाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों को नेशनल हेल्थ सर्विस के जरिए फ्री में ट्रीटमेंट की सुविधा दी जाती है. छात्रों को इसके लिए स्मॉल इंटरनेशनल हेल्थ सरचार्ज (आईएचएस) देना होता है.
4. यूके में पढ़ाई करना अन्य देशों के मुकाबले सस्ता है.
5. अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए साल भर में कई इंटर्नशिप की सुविधा है, जो यूके में पोस्ट स्टडी वर्क वीजा के लिए आवेदन करने में सहायक होता है.
6. यूके में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग से जुड़े सैंडविच कोर्स भी उपलब्ध हैं, जहां छात्र पढ़ाई के साथ कमा भी कर सकते हैं.

### बैचलर डिग्री कोर्स

- बीएससी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग- बायोमेडिकल इंजीनियरिंग
- बायो इंजीनियरिंग (ऑनर्स) [ सैंडविच कोस ]
- बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन बायोमेडिकल इंजीनियरिंग (इंजीनियरिंग इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप)
- बैचलर ऑफ एप्लायड साइंस इन बायोमेडिकल मैकेन्कल इंजीनियरिंग
- बैचलर ऑफ साइंस इन योमेडिकल इंजीनियरिंग
- बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बायोमेडिकल एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग)

### मास्टर्स डिग्री कोर्स

- मास्टर ऑफ साइंस इन बायोमेडिकल इंजीनियरिंग
- मास्टर्स डिग्री (कोर्स वर्क) इंजीनियरिंग साइंस- सस्टेनेबल सिस्टम
- एमएससी इन इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग (बायोमेडिकल इंजीनियरिंग)- थीसिस आधारित

### कॅरियर स्कोप

- 1 क्लीनिकल डेटा एनॉलिस्ट
- 2. मेडिकल कोऑर्डिनेटर
- 3. क्लीनिकल रिसर्च कोऑर्डिनेटर
- 4. क्लीनिकल स्पेशलिस्ट
- 5. लैब मैनेजर
- 6. बायोमेडिकल साइंटिस्ट
- 7. रिसर्च असिस्टेंट
- 8. मेडिकल इक्विपमेंट डिजाइनर
- 9. इमेजिंग रिसर्च साइंटिस्ट
- 10. आरएंडडी एग्जीक्यूटिव
- 11. ननोटेक्नोलॉजिस्ट
- 12. टीचर
- 13. केमिकल इंजीनियर
- 14. बायोकेमिस्ट
- 15. एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)